शर्मा हार्डওয়্যার
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 248 | गुवाहाटी | मंगलवार, 4 अप्रैल, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

सिलचर में करोड़ों की याबा टैबलेट पकड़ी गई पेज 3
न्याय व लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार : प्रधानमंत्री पेज 4
उप्र में निराश्रित नहीं होगा एक भी गोवंश, सबके आश्रय का होगा प्रबंध : मुख्यमंत्री पेज 5
प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराध और अराजकता चरम पर : सीपी जोशी पेज 8

## जी20: ईडब्ल्यूजी के तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए रणनीतियों पर जोर देने का आह्वान

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** भारत के केंद्रीय श्रम और रोजगार और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने जी20 देशों से आह्वान किया कि वे वैश्विक कौशल अंतराल, गिग और प्लेटफार्म अर्थव्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा के सतत वित्तपोषण को रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) के तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए रणनीतियों पर विचार-विमर्श करके उन्हें स्पष्ट करें। आज असम के गुवाहाटी में दूसरे रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने चालू वर्ष के फरवरी में जोधपुर में आयोजित पहली ईडब्ल्यूजी बैठक के दौरान हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि जी20 प्रतिनिधियों, भागीदारों और मेहमानों के सामूहिक प्रयासों ने ईडब्ल्यूजी के तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए एक ठोस नींव रखी है। इन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए पहली बैठक सभी के लिए बेहतर दुनिया बनाने की प्रतिबद्धता का एक वसीयतनामा है। तेली ने कहा कि मंत्रिस्तरीय विज्ञप्ति तैयार होने के बाद संबंधित मंत्रालयों द्वारा अपने देशों में विचार-विमर्श को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जी20 देशों में इसके अंतिम कार्यान्वयन के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था की भविष्य की दिशा को परिभाषित करने के लिए विज्ञप्ति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ठोस परिणामों की ओर बढ़ने के लिए सामूहिक और रचनात्मक संवाद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जी20 देशों को इन चर्चाओं को अत्यंत सावधानी और जिम्मेदारी के साथ




करना चाहिए, विश्व स्तर पर सार्वजनिक नीति को इस तरह से डिजाइन करने की आवश्यकता है ताकि यह सबसे कमजोर, सबसे वंचित और गरीबों तक पहुंचे, ताकि उन्हें उचित समय सीमा के भीतर मुख्य धारा में लाया जा सके। असम सरकार के पर्यावरण और वन, एक्ट ईस्ट पॉलिसी अफेयर्स और अल्पसंख्यकों के कल्याण मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने भी सभा को संबोधित किया। जी20 में जनभागीदारी के एक हिस्से के रूप में श्रम मुद्दों को संबोधित करने पर छात्रों द्वारा निबंधों के संकलन का भी इस कार्यक्रम में अनावरण किया गया। बैठक के पहले दिन सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप, डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप, एजुकेशन वर्किंग ग्रुप, जी20 एंटरप्रेन्योरशिप रिसर्च सेंटर और एल20, बी20 चेयर जैसे विभिन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर केंद्रित सत्र शामिल थे। सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप ने पहली प्रस्तुति का नेतृत्व किया और जी20 फाइनेंस ट्रैक के साथ ईडब्ल्यूजी का सहयोग तीसरे प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्र यानी सामाजिक सुरक्षा के सतत वित्त से संबंधित है। वित्त ट्रैक द्वारा निपटाए गए प्रमुख मुद्दों में वैश्विक आर्थिक जोखिमों की निगरानी, स्थायी वित्त, भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए वित्तपोषण, तैयारी और प्रतिक्रिया, अधिक स्थिर और लचीला वैश्विक वित्तीय संरचना के लिए सुधार शामिल हैं। 2021 में स्थापित डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप (डीईडब्ल्यूजी) ने अगली प्रस्तुति दी। दो कार्य समूहों के बीच विभिन्न क्रॉस कटिंग क्षेत्र हैं और इसलिए ईडब्ल्यूजी का डीईडब्ल्यूजी के साथ सहयोग है। एजुकेशन वर्किंग ग्रुप (एडडब्ल्यूजी) ने तीसरी प्रस्तुति दी। ईडीड्ब्ल्यूजी का उद्देश्य तकनीकी उपकरणों, डिजिटलीकरण, सार्वभौमिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अन्य के माध्यम से सीखने के परिणामों और समान पहुंच को मजबूत करना है। शिक्षा विषय में विचार-विमर्श के प्रमुख क्षेत्र ईडब्ल्यूजी की भारतीय अध्यक्षता के तहत पहली प्राथमिकता वाले क्षेत्र के साथ प्रतिच्छेद करते हैं जो वैश्विक कौशल अंतराल को संबोधित कर रहा है। चौथी प्रस्तुति का नेतृत्व जी20 उद्यमिता अनुसंधान केंद्र (ईआरसी) ने किया। जी20 एंटरप्रेन्योरशिप एक्शन प्लान के कार्यान्वयन का नेतृत्व ईआरसी, चीन के सिंघुआ विश्वविद्यालय के साथ-साथ एंटरप्रेन्योरियल रिसर्च सेंटर द्वारा किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक और नीतिगत प्रभाव और उद्यमशीलता और रोजगार परिणामों वाला संस्थान बनना है। जी20 अर्थव्यवस्थाओं पर उद्यमिता अनुसंधान केंद्र की गतिविधियों और उपलब्धियों पर अद्यतन पर एक सत्र हुआ। इन सत्रों के बाद एल20 चेयर (लेबर 20) और बी20 चेयर (बिजनेस 20) ने अपनी प्रारंभिक बैठकों के परिणामों पर प्रस्तुति दी। एल20 दुनिया भर के लाखों श्रमिकों के प्रतिनिधित्व में, जी20 देशों के ट्रेड यूनियन नेताओं को बुलाता है। यह श्रम से संबंधित मुद्दों में सुधार लाने के उद्देश्य से विश्लेषण और नीतिगत सिफारिशों के साथ जी20 के काम में योगदान देता है। -शेष पृष्ठ दो पर

## केजरीवाल की चाय पर दिल्ली जाऊंगा जरूर : हिमंत

**गुवाहाटी।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम भगवंत मान एक दिन के असम दौरे पर पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान केजरीवाल ने हिमंत विश्व शर्मा को चाय पर बुलाया था। साथ ही कहा था वो मुझे धमकी दे रहे हैं। जबकि उनको ये शोभा नहीं देता। इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने केजरीवाल को चेतावनी दी थी कि अगर उनके खिलाफ गलत बयानबाजी की तो वो मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाएंगे। उन्होंने दोबारा



अपनी बात को दोहराया है। दिल्ली और पंजाब में आप की सरकार है। केजलीवार देश के अन्य हिस्सों में भी पार्टी का विस्तार कर रही है। गुजरात और गोवा से आप को काफी उम्मीदें थीं मगर वोटर्स को केजरीवाल लुभा नहीं पाए। अब उनकी निगाहें असम में है। हालांकि यहां पर सीएम हिमंत विश्व शर्मा की अच्छी पकड़ है। केजरीवाल ने लगे हाथ असम मुख्यमंत्री को चाय पर बुला लिया। सीएम केजरीवाल ने तंज कसते हुए हा कि असम के लोग तो अतिथि -शेष पृष्ठ दो पर

## जेल से भागे मर्डर के आरोपी को अरुणाचल पुलिस ने पकड़ा



**नई दिल्ली।** असम राइफल्स और सीआरपीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में अरुणाचल पुलिस ने निकी सुमी गुट के एनएससीएन (के) एक उग्रवादी को पकड़ा है। गिरफ्तार युवक कुछ दिनों पहले तिरप जिले के खोंसा जेल से एक उग्रवादी के साथ भागा था। भागते वक्त उसने एक गार्ड की हत्या कर दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का कहना है कि संयुक्त टीम द्वारा हफ्ते भर चली लंबी सर्चिंग के बाद जिले के बोगापानी स्थित एक खंडहर बिल्डिंग से रॉकसेन होमचा को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक और उग्रवादी टिप्पू किटन्या की तलाश की जा रही है। -शेष पृष्ठ दो पर

## मानहानि केस : राहुल को 13 तक जमानत



**सूरत।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी उपनाम वाली अपनी 2019 की टिप्पणी संबंधी मानहानि के एक मामले में सूरत की निचली अदालत से जमानत मिल गई है। राहुल गांधी को कोर्ट से 13 अप्रैल तक जमानत मिली है। वहीं सजा के खिलाफ याचिका पर सुनवाई 3 मई को होगी। 13 अप्रैल को फिर से जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी कोर्ट में राहुल गांधी के साथ मौजूद रहीं। राहुल गांधी ने कोर्ट में जमानत याचिका और उनको सुनाई गई दो साल की सजा के खिलाफ याचिका दायर की थी। कोर्ट ने जमानत याचिका पर सोमवार को ही सनवाई करते हुए जमानत दे दी जबकि सजा के खिलाफ सुनवाई के लिए 3 मई निर्धारित की। बता दें कि सूरत की कोर्ट ने उन्हें उस भाषण के लिए पिछले महीने दोषी ठहराया था और दो साल की सजा सुनाई थी, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के उपनाम -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## चलती ट्रेन में सहयात्री पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, तीन की मौत

**कोझिकोड।** केरल में रविवार रात को कोझिकोड जिले के इलाथूर के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने सहयात्री पर पेट्रोल छिड़क कर चलती ट्रेन में आग लगा दी। इस घटना में कुल तीन लोगों की मौत हुई है, जिनमें एक मां-बेटी भी शामिल हैं। दोनों का शव एलाथुर रेलवे स्टेशन के करीब ट्रैक पर मिला। इस घटना में करीब आठ लोग घायल भी हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना अलप्पुझा-कन्नूर मुख्य कार्यकारी एक्सप्रेस के डी1 डिब्बे में रात करीब 10 बजे हुई। रेलवे सूत्रों ने जानकारी दी कि आरोपी की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। आपातकालीन चेन खींचे जाने के बाद धीमा होने पर वह व्यक्ति फरार हो गया। उन्होंने कहा कि जब ट्रेन कोझीकोड शहर को पार करने के बाद कोरापुझा रेलवे पुल पर पहुंची तो यात्रियों ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचना देकर आग बुझाई। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक सूचना के अनुसार कथित तौर पर आग लगाने वाला व्यक्ति -शेष पृष्ठ दो पर

## *मुसलमानों की रक्षा हिंदू भाई-बहन करें : ममता*



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हनुमान जयंती पर छह अप्रैल को फिर से दंगा होने की आशंका जताई। पूर्व मेदिनीपुर के केसपुर में आयोजित प्रशासनिक सभा से ममता ने कहा कि छह अप्रैल के लिए मैं हिंदू भाइयों-बहनों को दायित्व देती हूं। रमजान चल रहा है। हिंदू अपने मुस्लिम भाई-बहनों की गांव-गांव, जिले-जिले में रक्षा करें, ताकि किसी पर अत्याचार न हो। उनकी अच्छी तरह से रक्षा करें, वे अल्पसंख्यक हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि किसी एससी या आदिवासियों पर हाथ न उठे। मैं युवाओं से कहूंगी, आगे आइए। कन्याश्री, क्या आप इसे रोक नहीं सकते? उन्होंने कहा कि अगर मेरी कन्याश्री मेरे साथ है, तो मैं लड़ूंगी और दंगाइयों को रोकूंगी। ममता ने प्रशासन से अपील की कि छह अप्रैल पर नजर रखें। रविवार रिषड़ा में जानबूझकर झमेला किया गया। उन्होंने कहा कि इतने रास्ते रहने पर भी मुस्लिम इलाके में घुस जाते हैं। यह जानबूझ कर किया जाता है। रामनवमी पर हुई हिंसा पर प्रश्न उठाते बनर्जी ने कहा कि रामनवमी का जुलूस पांच दिनों तक क्यों होंगे? रामनवमी के दिन जुलूस करो। इस पर किसी को आपत्ति नहीं है। बंदूक और बम लेकर जुलूस क्यों निकाले जाएंगे? अनुमति नहीं देने के बावजूद जुलूस निकालेंगे। रमजान महीने लोग फल खाते हैं, लेकिन फल बिक्री करने वाली गाड़ियों को आग लगा दी गई। उन लोगों ने बंदूक लेकर डांस किया। बजरंगबली का हम सब सम्मान करते हैं। वे लोग पूरे देश में दंगा लगाने का षड्यंत्र कर रहे हैं। उन्होंने एक बार फिर भाजपा को दंगाबाज पार्टी करार दिया और कहा कि वह किसी भी कीमत पर भाजपा के आगे सिर नहीं झुकाएंगी। वे बुलडोजर लेकर जुलूस करने जाते हैं। बुलडोजर लेकर क्या कोई जुलूस करता है? क्या साल 2024 में उसका समर्थन करेंगे? उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि भाजपा और सीपीएम का समर्थन नहीं करेंगे तो पूंछ दबा कर -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## साहिबगंज : धार्मिक स्थल में तोड़-फोड़ इंटरनेट बंद, एक संदिग्ध हिरासत में



**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज में पटेल चौक के पास एक धार्मिक स्थल में सोमवार सुबह कुछ उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की। इसके बाद साहिबगंज में तनाव का माहौल है। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दी गई है। इलाके में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव ने इस घटना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजधानी रांची से 425 किलोमीटर दूर साहिबगंज नगर थाना क्षेत्र में यह घटना रविवार की रात हुई। धार्मिक स्थल में तोड़-फोड़ की जानकारी मिलते ही सोमवार तड़के दक्षिणपंथी कार्यकर्ता और स्थानीय -शेष पृष्ठ दो पर

## राम मंदिर की सुरक्षा में दो बम निरोधक दस्ते तैनात

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में राम मंदिर समेत कई महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के चल रहे निर्माण के मद्देनजर बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) की दो टीमों को अलग से सुरक्षा के लिए तैनात किया गया। अधिकारियों ने कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद, उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ, वाराणसी आयुक्तालय, पीएसी गोंडा और सचिवालय परिसर लखनऊ में पांच नई बीडीडीएस -शेष पृष्ठ दो पर

## कोरोना : बढ़ते संक्रमण के डर से वैक्सीन लगवाने पहुंच रहे हैं लोग

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के ओमीक्रोन प्रकार के नए उप प्रकार एक्सबीबी.1.16 (ओमीक्रोन एक्सबीबी.1.16) के भारत में दस्तक देने के बाद से ही संक्रमण के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। इसके साथ ही टीकाकरण केंद्रों पर लोग बूस्टर खुराक लगवाने पहुंच रहे हैं, जिसे उन्होंने नहीं लगवाया था। हाल के दिनों में देश में साप्ताहिक टीकाकरण के आंकड़ों में तेजी नजर आ रही है। सरकार के कोविन पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण से सामने आता है कि 15 मार्च तक सात दिनों में 45,029 लोगों ने टीके लगवाए। 31 मार्च तक यह आंकड़ा 38 फीसदी बढ़कर 62,339 पहुंच गया। सप्ताहांत पर अक्सर टीकाकरण में कमी आती है, इसलिए सात दिनों के आंकड़ों -शेष पृष्ठ दो पर



सुप्रभात
*निर्धनता प्रकट करना निर्धन होने से अधिक दुखदायी होता है।*
– प्रेमचंद

### न्यूज गैलरी

## कम हुई है जरूरी दवाओं की कीमत : मांडविया

**नई दिल्ली।** देश में जरूरी दवाओं की कीमत में बढ़ोतरी के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों को स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने सिरे से खारिज कर दिया है। खरगे के ट्वीट पर लगाए आरोपों का जवाब ट्वीट पर देते हुए मांडविया ने कहा कि असल में एक अप्रैल से जरूरी दवाओं की कीमत में औसतन 6.73 फीसद की कमी आई है। खरगे ने 384 दवाओं और 1000 फार्मूलेशंस की कीमत 11 फीसद बढ़ने का आरोप लगाया था। मनसुख मांडविया के अनुसार, खरगे ने आधी-अधूरी जानकारी -शेष पृष्ठ दो पर

## चीन की अरुणाचल के 11 स्थानों को अपना बताने की कोशिश

**बीजिंग।** भारत ने हाल ही में सीमावर्ती राज्य अरुणचाल प्रदेश में जी20 कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत एक अहम बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में चीन शामिल नहीं हुआ था। अब कुछ दिन बाद उसने एक बार फिर भारत को उकसाने की कोशिश की है। उसने अरुणाचल प्रदेश के लिए मानकीकृत नामों की तीसरी लिस्ट जारी की है। इसमें अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के नाम बताए गए हैं। उसने ये नाम चीनी, तिब्बती और पिनयिन वर्णों में जारी किए हैं। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के



मानकीकृत नाम जारी किए। वह अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी चीन का हिस्सा बताता है और इसे जांगनान कहता है। सरकार के नियंत्रण वाले अखबार ग्लोबल टाइम्स ने सोमवार को खबर में कहा कि मंत्रालय ने रविवार को 11 स्थानों के *आधिकारिक* नाम जारी किए, जिनमें दो भूमि क्षेत्र, दो आवासीय क्षेत्र, पांच पर्वत चोटियां और दो नदियां शामिल हैं। यह चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय द्वारा अरुणाचल प्रदेश के लिए जारी मानकीकृत भौगोलिक नामों का तीसरा बैच है। अरुणाचल में छह स्थानों के मानकीकृत नामों का पहला बैच 2017 में जारी किया गया था, और 15 स्थानों का दूसरा बैच 2021 में जारी किया गया था। भारत ने अरुणाचल प्रदेश में कुछ स्थानों के नाम बदलने -शेष पृष्ठ दो पर

## पाक में आटे के लिए पहुंची भीड़ पर पुलिस का आसूं गैस



**पेशावर।** आर्थिक मंदी के बेहद बुरे दौर से गुरे पाकिस्तान में लोग आसमान छू रही महंगाई से त्रस्त हैं। जनता खाने के लिए जान जोखिम में डाल रही है। कई शहरों में आटे के मारा-मारी चल रही है। शनिवार को यहां हयाताबाद टाउनशिप स्पोर्ट्स स्टेडियम में सरकारी योजना के तहत मुफ्त गेहूं का आटा लेने के लिए जबरन घुसने की कोशिश कर रहे लोगों पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। इसके जवाब में लोगों ने पुलिस कर्मियों पर पथराव किया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन ने पुलिस और -शेष पृष्ठ दो पर

## बंगाल हिंसा पर एनसीपीसीआर की पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा में राम नवमी के जुलूस पर हुई हिंसा की घटना में बच्चों का उपयोग किए जाने का राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने संज्ञान लिया है। इस मामले में एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने हावड़ा के पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी किया है। आयोग के अध्यक्ष ने नोटिस में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट दो दिन के अंदर सौंपने को कहा है।

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# विपक्षी दलों ने की जातीय जनगणना की वकालत

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एम के स्टालिन के नेतृत्व में गठित अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा में शामिल हुए कई विपक्षी दलों ने जातीय जनगणना करवाने की वकालत की है। सोमवार को महाराष्ट्र सदन में जुटे वाम दल, जदयू, आप, कांग्रेस पार्टी के नेता सहित कई दलों के नेताओं ने सरकार से जातीय आधार पर जनगणना करवाने की मांग रखी। इस सम्मेलन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, टीएमसी के नेता डेरिक ओबेरॉयन, एनसीपी के नेता छगन भुजबल, फारुख अब्दुल्ला सहित कई नेताओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के साथ जुड़ कर जातीय जनगणना की मांग रखी। सम्मेलन में आप के नेता संजय सिंह ने कहा कि आजादी के 75 साल के बाद भी देश में सामाजिक लड़ाई जारी है। सरकार ने साल 2011 के बाद कोई जनगणना नहीं करवाई। देश में जाति आधारित जनगणना करवाई जानी चाहिए। केन्द्र सरकार इससे भाग रही है। आगामी आम चुनावों के मद्देनजर सम्मेलन को एक मोर्चे के रूप में देखे जाने के सवाल पर संजय सिंह ने कहा कि यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है, देश में आज भी पिछड़ी जाति के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है, आजादी के 75 साल के बाद भी हाथरस कांड होता है, पिछड़ी जाति, दलित लोगों को आज भी कई तरह के अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। यहां सभी नेता सामाजिक न्याय के लिए एक जुट हो रहे हैं और अपनी बात को कह रहे हैं। वहीं, टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने भी जातीय आधार पर जनगणना करवाने की बात कही। एनसीपी नेता छगन भुजबल ने सभी विपक्षी दलों को इस मुद्दे पर एकजुट होने की मांग की। उन्होंने कहा कि नवीन पटनायक, जगन रेड्डी को भी इस मुहिम में सामाजिक न्याय मोर्चा के साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में पिछड़ी जाति के लोगों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को हर हाल में बहाल करना चाहिए।

# तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे भूटान के राजा



**नई दिल्ली।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक की आज से भारत की दो दिवसीय यात्रा का आगाज हो गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां हवाईअड्डे पर उनकी अगवानी की। किंग मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट करते हुए कहा कि भारत में आपका गर्मजोशी से स्वागत है। भूटान के राजा, जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक थोड़ी देर पहले भारत पहुंचे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। भूटान भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देश है और दोनों पक्षों के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। भूटान के राजा का आगमन दोनों देशों के करीबी द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार देने के लिए विभिन्न नेताओं से बातचीत करेंगे विशेष तौर पर आथिक एवं विकास सहयोग को लेकर है। विदेश मंत्रालय ने उनकी यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि वांगचुक के साथ भूटान के विदेश व विदेश व्यापार मंत्री टैंडी दोरजी औरभूटान की शाही सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री भी उपस्थित होंगे। बयान में कहा गया कि राजा की यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के तहत हो रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान करीबी मित्रता और सहयोग को साझा करते हैं जो समझ और आपसी विश्वास पर आधारित है।

# दो दिवसीय बुरहानपुर प्रवास पर रहेंगे भागवत



**बुरहानपुर ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 16 और 17 अप्रैल को बुरहानपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे खंडवा-बुरहानपुर के संतों के साथ बैठक करेंगे और धर्म-संस्कृति सभा को संबोधित करेंगे। डॉ. भागवत दोनों जिलों के स्वयंसेवकों की बैठक भी लेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर संघ और भाजपा नेताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज लधवे ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. मोहन भागवत पहले दिन 16 अप्रैल को सुबह 10.45 बजे महाजना पेठ स्थित नाथ मंदिर पहुंचेंगे। इस मंदिर का हाल ही में जीर्णोद्धार कराया गया है। वे मंदिर में स्थापित श्रीराम दरबार और समाधि का अवलोकन करेंगे। डॉ. भागवत यहां करीब एक घंटे रहेंगे। यहीं पर दोनों जिलों के संतों के साथ धर्म और संस्कृति पर चर्चा करेंगे। इसके बाद गुर्जर भवन में करीब दो हजार लोगों की मौजूदगी में धर्म-संस्कृति सभा करेंगे। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन 17 अप्रैल को डॉ. भागवत सरस्वती नगर में करीब एक करोड़ की लागत से तैयार हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय और भवन का लोकार्पण करेंगे।

# विदेश मंत्री थोड़ा शांत रहें : थरूर



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के विदेश मंत्री एस जयशंकर जिन्हें अपनी वाकपटुता और विरोधियों को करारा जवाब देने के लिए जाना जाता है। देश के आंतरिक मामले में दखल चाहे जिस किसी भी देश की तरफ से हो एस जयशंकर अच्छे-अच्छे देशों की बोलती बंद करवाने में सक्षम हैं। हाल ही में पश्चिमी देशों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर का बयान आया है। थरूर ने विदेश मंत्री को थोड़ा शांत रहने की सलाह दी और कहा कि हर टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देना ठीक नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने हमें इतने पतले होने की जरूरत नहीं है और सरकार को सलाह दी कि कुछ चीजों को लाइटली लेना सीखें। मैं उन्हें लंबे समय से जानता हूं और मैं उन्हें एक दोस्त की तरह मानता हूं लेकिन इस मुद्दे पर मुझे लगता है कि हमें इतना रिएक्ट करने की जरूरत नहीं है। थरूर ने एएनआई से बात करते हुए संसद परिसर में कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि एक सरकार के रूप में हम कुछ चीजों को सहजता से लेना सीखें। अगर हम हर टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देना शुरू कर देते हैं, तो हम वास्तव में खुद का नुकसान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने अच्छे दोस्त जय से पुरजोर तरीके से आग्रह करूंगा कि वह थोड़ा संभल जाए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने देश के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने की कोशिश के लिए पश्चिम को आड़े हाथ लिया। विदेश मंत्री ने कहा कि पश्चिम को लगता है कि उसे दूसरे देशों के आतंरिक मामलों पर टिप्पणी करने का ईश्नर द्वारा दिया गया अधिकार है।

# सभी ग्राम पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास की लगाई जाएगी प्रदर्शनी

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने *राजस्थान बीज उत्पादन एवं वितरण मिशन* (आरएसपीडीएम) के अंतर्गत प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास (बहुवर्षीय चारा फसल) की प्रदर्शनी लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। राजस्थान बीज उत्पादन एवं वितरण मिशन के अंतर्गत हाइब्रिड नेपियर घास की प्रदर्शनी प्रत्येक ग्राम पंचायत में 0.2 हेक्टेयर भूमि में प्रगतिशील किसानों, विभाग के फार्म, कृषि प्रशिक्षण केन्द्र (एटीसी) एवं प्रमुख गौशालाओं में लागाई जाएगी। इसके लिए *कृषक कल्याण कोष* से 23 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

**NOTICE INVITING QUOTATION**

Sealed quotation affixing non-refundable court fee stamp of Rs.8.25 (Rupees eight and paise twenty five) only are invited from preferably Govt. Registered Parties as per details below for the F.Y. 2023-24.

1. Hiring of Vehicle for RBSK Programme on monthly basis (Fixed Vehicle)

The quotation is to be submit within 7 working days from the date of publication of the tender and will be opened at 1 PM at closing date and same place. The quotationers or their representatives may present at the time of opening the quotation.

The details of the items with specifications and terms and conditions etc. can be obtained from the Office.

The RBSK Committee is not bound to accept the lowest rates and reserves the right to accept or reject any or all quotation/s without assigning any reason thereof.

**Janasanyog /C/135/23**

SDM&HO
Chhaygaon Block PHC
Chhaygaon, Kamrup, Assam,781141

# पृष्ठ एक का शेष

## जी20: ईडब्ल्यूजी के ...

बी20 वैश्विक व्यापार समुदाय के साथ आधिकारिक जी20 संवाद मंच है। सत्रों को योग स्ट्रेच ब्रेक द्वारा चिह्नित किया गया था जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की। इससे पहले दिन में सचिव, श्रम और रोजगार मंत्रालय आरती आहूजा ने गुवाहाटी में 3 से 5 अप्रैल तक अपनी दूसरी बैठक में जी20 भारतीय प्रेसीडेंसी के तहत रोजगार कार्य समूह (ईडब्ल्यूजी) के समग्र विचार-विमर्श के बारे में मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूजी के पास सभी के लिए मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और नौकरी-समृद्ध विकास के लिए प्राथमिकता वाले श्रम, रोजगार और सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने का जनादेश है। चल रही बैठकों में 19 से अधिक जी20 सदस्य देशों, 7 अतिथि देशों और 5 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों यानी अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ), आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) और अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए), एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) के 74 प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जेल से भागे ...

खूफिया जानकारी के अनुसार रविवार को एक ऑपरेशन के तहत आरोपी को पकड़ा था। अधिकारी ने कहा कि टीम ने रविवार रात 8 बजे तक पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली थी। सभी संदिग्ध स्थानों की सर्चिंग की। इसके बाद सोमवार सुबह एक खंडहर में होमचा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से एक एके-47 बरामद किया गया है, जो खोंसा जेल से भागते वक्त होमचा ने टिप्पू के साथ हवलदार वांगनियम बोसई से छीना था। साथ ही आरोपी के पास से एक 17 राउंड गोलियां भी बरामद किया है। बता दें, इसी एके-47 से दोनों ने हवलदार की हत्या की थी। हवलदार बोसई के पेट में गोली लगी थी, डिब्रूगढ़ अस्पताल जाते वक्त उनकी मौत हो गई थी। चांगलांग जिले के खारसांग का रहने वाला किटनिया विचाराधीन कैदी था और तिरप जिले के बोरदुरिया गांव का रहने वाला रोक्सेन हत्या के आरोप में अपनी सजा काट रहा था। राज्य पुलिस ने जेल से भागे दोनों आतंकवादियों के बारे में जानकारी देने वाले को एक-एक लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की थी।

## चलती ट्रेन में ...

घटना के बाद फरार हो गया। झुलसे हुए आठ लोगों को आरपीएफ ने अस्पताल में भर्ती कराया और आवश्यक निरीक्षण के बाद ट्रेन को अपने गंतव्य पर रवाना कर दिया। रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना दो व्यक्तियों के बीच बहस के बाद हुई। कोझिकोड सिटी पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोझिकोड की मेयर बीना फिलिप ने कहा है कि पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी ने एक महिला को आग लगाने का प्रयास किया था। एक चश्मदीद ने कहा कि संदिग्ध के पास पेट्रोल की दो बोतलें थीं और उसने यात्रियों पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आरोपी ने सफेद शर्ट पहनी हुई थी। जब ट्रेन कन्नूर पहुंची, तो कुछ यात्रियों ने घटना के बाद एक महिला और एक बच्चे के लापता होने की शिकायत की। लापता व्यक्तियों की खबर सामने आने के तुरंत बाद, शहर की पुलिस ने पटरियों का निरीक्षण किया और महिला और बच्चे और एक अधेड़ व्यक्ति सहित तीन शव बरामद किए। पुलिस को संदेह है कि आग देखकर वे ट्रेन से गिर गए या उतरने का प्रयास किया। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लापता हुई महिला और बच्चा पटरियों पर मृत पाए गए। एक पुरुष का अज्ञात शव मिला है। हमें संदिग्ध के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। जांच जारी है। केरल भाजपा के अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने घटना पर बताया कि ट्रेन में आग लगाने की घटना चौंकाने वाली है। एजेंसियों की जांच में पता चल जाएगा कि इसके पीछे कोई देश विरोधी ताकतें तो नहीं हैं। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि आरोपी व्यक्ति के साथ कोई और व्यक्ति भी मौजूद है। इससे यह घटना संदेह के घेरे में आ गई है।

## मुसलमानों की रक्षा ...

भागेंगे। राज्य सरकार ने कानून बनाया है, जिन लोगों ने तोड़फोड़ की है। तोड़ने वालों से नुकसान की भरपाई उनकी संपत्ति बेचकर की जाएगी। दीदी पर भरोसा करें। ममता के इस बयान को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। विधानसभा में भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक मनोज दिग्गा ने कहा कि वह यह साबित करने में जुटी हैं कि हिंदू हमला करते हैं। क्या इससे जो दंगा करने वाले हैं उसका बचाव नहीं हो रहा है? वह सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रही हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने हावड़ा, हुगली और उत्तर दिनाजपुर में हुई हिंसा पर राज्य से रिपोर्ट मांगी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को निर्देश दिया कि रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज बुधवार तक अदालत को सौंपे जाएं। आम लोगों को किसी प्रकार का नुकसान न हो इसके लिए पुलिस को विशेष ध्यान देने को कहा गया है। कोर्ट ने इस घटना में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाया है। खंडपीठ ने प्रशासन को इस घटना पर नजर रखने का निर्देश दिया ताकि दोबारा कुछ न हो। हावड़ा में अशांति को लेकर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। उन्होंने क्षेत्र में केंद्रीय बलों की तैनाती और एनआइए द्वारा जांच का अनुरोध किया है। सोमवार को उनके वकील ने कोर्ट में सवाल उठाते हुए कहा कि हावड़ा और डालखोला में पुलिस की अनुमति से जुलूस निकाला गया। इसके बाद भी ऐसी घटना क्यों हुई, हालात पुलिस के हाथ से क्यों निकल गया? केंद्र सरकार और राज्यपाल को घटना पर नजर रखनी पड़ी थी। वहां के हालात अभी सामान्य नहीं हुए हैं। इस पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राज्य के महाधिवक्ता से उन दोनों जगहों का हाल जानना चहा। उनका सवाल था कि पुलिस इस तरह की घटना हो सकती है पहले ही स्थिति का अनुमान क्यों नहीं लगा सकी? इससे पहले भी ऐसी घटनाओं के उदाहरण सामने थे। इसके बाद भी पुलिस क्यों उससे निपट नहीं सकी? क्या उपाय किए गए? क्या स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई? एजी ने कहा कि शांतिपूर्ण मार्च की अनुमति दी गई थी। मार्च के कुछ ही पलों में मार्च करने वाले हिंसक हो गए। उस घटना की शिकायत दर्ज कराई गई है। धारा 144 जारी कर दी गई है। इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई थी। अब तक 36 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले की अगली सुनवाई छह अप्रैल को होगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय बाल अधिकार सुरक्षा आयोग के चेयरमैन प्रियांक कानूनगो ने हावड़ा पुलिस आयुक्त को एक पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि हावड़ा के जुलूस में कुछ बच्चों द्वारा पत्थरबाजी की घटना के वीडियो सामने आए हैं। उन्होंने दो दिनों के अंदर इस बारे में हावड़ा पुलिस आयुक्त से जवाब मांगा है। बता दें कि हाल में प्रियांक कानूनगो कोलकाता में तिलजला में बच्ची की हत्या और मालदा में बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर जांच करने आए थे, लेकिन इस अवसर पर उनके साथ मारपीट का आरोप लगा था।

## मानहानि केस : राहुल...

को दो भगोड़े उद्योगपतियों के साथ जोड़ा था। उन्होंने कहा था कि *चोरों* का उपनाम यही कैसे होता है। अदालत ने राहुल गांधी को फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए 30 दिन के वास्ते जमानत दी थी। फैसले के एक दिन बाद, उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## साहिबगंज : धार्मिक...

लोग वहां एकत्र हो गए और बदमाश की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इस दौरान उन लोगों ने करीब एक घंटे तक सड़क जाम कर दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी बताया कि जाम खुलवाने और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए इस दौरान पुलिस ने लाठी चार्ज भी किया। वहीं, एहतियात बरतते हुए अधिकारियों ने दिन में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि कस्बे में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। एहतियात के तौर पर हमने सोमवार सुबह नौ बजे से 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी है। उन्होंने आगे बताया कि हमने घटना के सीसीटीवी फुटेज बरामद कर लिए हैं और इसका सत्यापन कर रहे हैं। इनकी मदद से कुछ लोगों की पहचान हो गई है। एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया गया है। उससे विस्तृत पूछताछ की जाएगी। उन्होंने उपद्रवियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि जिला प्रशासन इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। वहीं, साहिबगंज के पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि इलाके में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है और स्थिति नियंत्रण में है। इससे पहले साहिबगंज कस्बे में शनिवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच हुई झड़प हुई थी। जिसके बाद हुए पथराव में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घायल हो गया था।

## राम मंदिर की ...

टीमों का गठन किया गया है। अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा के लिए बीडीडीएस की दो टीमों को अलग से अयोध्या में तैनात किया गया था। उन्होंने कहा कि बीडीडीएस के साथ, दो नई तोड़फोड़ रोधी जांच टीमों को भी अयोध्या में तैनात किया गया। 13 साल बाद यूपी पुलिस के सुरक्षा विंग की बीडीडीएस टीमों की संख्या राज्य स्तर पर बढ़ गई है। अधिकारियों ने कहा कि अब बीडीडीएस की 31 टीमों को राज्य भर में तैनात किया गया है। डीजी मुख्यालय के मुताबिक राम जन्मभूमि परिसर में बम निरोधक दस्ता पहले से ही तैनात है। अब दो और टीमों को वहां तैनात किया गया है। उच्च न्यायालय के प्रयागराज और लखनऊ परिसरों की सुरक्षा के लिए एक-एक बम निरोधक दस्ता दिया गया है। कुछ महीने पहले हाईकोर्ट ने भी अपने दोनों परिसरों में बम निरोधक दस्ता तैनात करने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा लोकभवन सहित पांच सचिवालय भवनों की सुरक्षा के लिए समर्पित टीम दी गई है। अधिकारी ने कहा कि वाराणसी में देश-विदेश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहित वीवीआईपी की आवाजाही को देखते हुए एक बम निरोधक दस्ते को लगाया गया है। साथ ही, गोंडा में पीएसी की 30वीं कोर में भी एक दस्ते को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि न टीमों को एनएसजी मानेसर, हरियाणा और सीआरपीएफ प्रशिक्षण केंद्र, पुणे से प्रशिक्षित किया गया है।

## कोरोना : बढ़ते संक्रमण...

का इस्तेमाल किया गया, ताकि सहजता से निष्कर्ष निकाले जा सकें। सप्ताहांत के आंकड़ों को हर दिन के आंकड़ों में शामिल किया गया, ताकि अधिक सटीक तुलना की जा सके। कोविड संक्रमण के मामले 30 सितंबर 2022 के बाद के शीर्ष पर नजर आ रहे हैं। रविवार को 3,824 नए मामले सामने आए, इससे पहले पिछले साल 30 सितंबर को 3,947 मामले सामने आए थे। 26 मार्च से एक अप्रैल के बीच उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमण दर यानी प्रति 100 जांचों में संक्रमित पाए जाने वालों की दर कुछ जिलों में दो अंकों में पहुंच गई है। दिल्ली में कई जिलों में ऐसा देखने को मिल रहा है। दक्षिणी दिल्ली में यह दर 21.55 फीसदी, पूर्वी दिल्ली में 21.15 फीसदी और मध्य दिल्ली में 17.77 फीसदी है। महाराष्ट्र के मुंबई में यह दर 16.9 फीसदी और तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में 11.23 फीसदी रही। इधर, राजधानी दिल्ली में बढ़ते मामले देखते हुए सरकार और अस्पताल भी सतर्क होकर तैयारियों में जुट गए हैं। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों ने कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए बिस्तरों की संख्या को बढ़ा दिया है, जबकि अस्पतालों ने अपने ऑक्सीजन और पीएसए संयंत्रों की पड़ताल कर ली है। इसके अलावा कुछ निजी अस्पताल ऑक्सीजन संयंत्र की संख्या के साथ साथ कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ा रही है। निजी अस्पतालों ने अपने सभी प्रमुखों की बैठकर बुलाकर हर हालात के लिए तैयार रहने को कहा है। देश में अगर वायरस का स्वरूप बदलता है, तो अस्पताल प्रबंधन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा पर्याप्त पीपीई किट, ऑक्सीजन और दवाएं को भी एकत्र करने में जुट गए हैं। कोविड-19 मामलों के में अचानक तेजी के बीच विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि कोविड मामलों में वृद्धि को लेकर लोगों को घबराने की जरूरत नही है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे लोग जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम है, उन्हें विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे लोगों को मास्क पहनने और सार्वजनिक समारोहों में जाने से बचने की सलाह भी दी है। महामारी विशेषज्ञ डॉ. चंद्रकांत लहरिया ने कहा कि संक्रमण और बीमारी के बीच स्पष्ट अंतर है। इसका मतलब है कि लोग परीक्षण करा रहे हैं, लेकिन उनमें कोविड के लक्षण नहीं हैं। उन्होंने बताया वायरस के नए एक्सबीबी 1.6 वैरिएंट के कारण नए मामलों में वृद्धि हुई है। यह फ्लू का मौसम है और हमें कमजोर आबादी की रक्षा करनी चाहिए। हम मौसमी बीमारियों में इसी तरह की गिरावट या वृद्धि देखेंगे और हमें तैयार रहने की जरूरत है।

## चीन की अरुणाचल ...

के चीनी कदम को पहले यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि सीमावर्ती राज्य हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहा है और हमेशा रहेगा। नाम ईजाद करने से जमीन पर तथ्य नहीं बदलते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने दिसंबर 2021 में कहा था कि यह पहली बार नहीं है जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश राज्य में स्थानों के नाम बदलने का प्रयास किया है। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का अभिन्न अंग रहा है और रहेगा। उन्होंने कहा था कि अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम ईजाद करने से तथ्य नहीं बदलते हैं। ग्लोबल टाइम्स सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेली पब्लिकेशन ग्रुप का हिस्सा है। इसने चीनी विशेषज्ञों के हवाले से रिपोर्ट में कहा है कि नामों की घोषणा एक वैध कदम है और भौगोलिक नामों को मानकीकृत करने का चीन का संप्रभु अधिकार है। दलाई लामा के अरुणाचल दौरे के कुछ दिनों बाद 2017 में चीन ने नामों के पहले बैच की घोषणा की थी। चीन ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता की यात्रा पर भी आपत्ति जताई थी। दलाई लामा तिब्बत से अरुणाचल प्रदेश के तवांग के रास्ते भागकर आए थे और 1950 में चीन द्वारा हिमालयी क्षेत्र पर सैन्य नियंत्रण करने के बाद 1959 में भारत में शरण ली थी।

## पाक में आटे के...

नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की मदद से भीड़ और आटा वितरण को नियंत्रित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आटे की थैलियों को इकट्ठा करने के बाद लोगों को एक गेट से परिसर में प्रवेश करने और दूसरे से बाहर निकलने की अनुमति दी। 200-250 लोगों के प्रवेश के बाद, एक भीड़ ने स्टेडियम में जबरन प्रवेश करने का प्रयास किया, लेकिन हमारे [पुलिस] कर्मियों ने इसे रोक दिया। लोगों ने उन पर पथराव किया। उन्होंने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। अधिकारी ने कहा कि इस घटना में दोनों पक्षों में से कोई भी घायल नहीं हुआ है। हालांकि, उन्होंने कहा कि भीड़ द्वारा किए गए पथराव से इमारत की खिड़कियों के शीशे टूट गए। अधिकारी ने जोर देकर कहा कि वे लोग आटा वितरण के बारे में जानने के बाद आसपास के इलाकों से आए थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। इस बीच, जमात-ए-इस्लामी ने मुफ्त आटा वितरण में भ्रष्टाचार, अनियमितता और कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए बाजौर जनजातीय जिले की उत्मनखेल तहसील के आरंग क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया। यह चौथी ऐसी रैली थी, जिसमें जेआई कार्यकर्ताओं और अन्य निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया था। प्रदर्शनकारियों ने खराब वितरण व्यवस्था का आरोप लगाते हुए संघीय और प्रांतीय सरकारों, जिला प्रशासन और खाद्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आटा बांटा जा रहा है वह मानवीय गरिमा और सम्मान के खिलाफ है। प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों से आग्रह किया कि संगठित तरीके से अभ्यास आयोजित करके योग्य और गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं को अपमानित करना बंद करें। मौलाना वहीद गुल, हाजी सरदार खान, कारी अब्दुल मजीद, सलाउद्दीन, रजा शाह और आरिफुल्ला सहित जेआई नेताओं ने आरोप लगाया कि आटा वितरण का मौजूदा तंत्र महिलाओं और बुजुर्गों सहित लोगों का अपमान है, क्योंकि उन्हें कतार में लगना पड़ता है उपवास के वर्तमान महीने के दौरान सुबह से देर शाम तक आटे की थैलियां प्राप्त करने के लिए। उन्होंने कहा कि सरकार को जरूरतमंद लोगों को उनकी राहत के लिए आवश्यक सामान खरीदने के लिए नकद सहायता देनी चाहिए थी। वक्ताओं ने प्रांत भर में एक संगठित तरीके से आटा वितरण की मांग की और कहा कि अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आटा अच्छी गुणवत्ता का हो, लोगों को सम्मानित तरीके से दिया जाए।

## कम हुई है जरूरी ...

के आधार पर दवाओं की कीमत बढ़ने का आरोप लगाया था। मांडविया ने कहा कि असल में सरकार ने 870 दवाओं को जरूरी दवाओं की सूची में डाल दिया है। जरूरी सूची में शामिल दवाओं की कीमत सरकार तय करती है। इसके तहत 651 दवाओं की कीमत हो चुकी है और एक अप्रैल से यह लागू भी हो गया है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर संप्रग काल में 2013 में बने कानून के तहत दवा कंपनियों को हर साल दवाओं के थोक मूल्य में बढ़ोतरी का अधिकार है। इसके तहत इस बार कंपनियों ने दवाओं की कीमत में 12 फीसद की बढ़ोतरी की। लेकिन जरूरी दवाओं की सूची में शामिल दवाओं की कीमत औसतन 16 फीसद कम हो गई। उन्होंने आगे कहा कि दोनों को मिला दें, तो सचमुच में इन जरूरी दवाओं की कीमत में औसतन 6.73 फीसद की कमी आई है। मांडविया ने कहा कि देश में कुल बिकने वाली दवाओं में लगभग 95 हिस्सा जरूरी दवाओं की सूची में शामिल दवाओं की है। 651 के बाद बाकी बची दवाओं की कीमत निर्धारण का काम चल रहा है और इनकी कीमत जल्द ही जारी कर दी जाएगी।

## केजरीवाल की चाय ...

को चाय पर बुलाते हैं। जबकि सीएम मुझे धमका रहे हैं। केजरीवाल के निमंत्रण पर हिमंत ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली घूमने तो वो जरूर आएंगे वो उन जगहों पर नहीं जाएंगे जहां पर केजरीवाल बुलाना चाहते हैं। वो गूगल पर खुद सर्च करके जाएंगे। केजरीवाल पर उन्होंने एक दिन पहले भी हमला बोला था। दरअसल, केजरीवाल ने विधानसभा के अंदर बयान देते हुए कहा था कि हिमंत के खिलाफ देश में कई मुकदमे दर्ज हैं। इस पर हिमंत ने जवाब देते हुए कहा था कि विधानसभा की ओट में सफेद झूठ बोलने वाले कायर। सीएम हिमंत ने बताया कि उनके खिलाफ करप्शन का कोई भी मामला दर्ज नहीं है। हां, देश के कुछ हिस्सों में कांग्रेस ने उनके खिलाफ जरूर केस दर्ज करवाए हैं।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **दशम अध्याय**

**( गृहस्थ संत )**

**माया जग जीवन ठगे, सो माया ठग सन्त।**
**ठगिनी ठग आदेश है, यह गृहस्थ बल अन्त॥ 13॥**

**शब्दार्थ :** (आदेश) आज्ञा, निर्देश।

**भाष्य :** माया सारी जीवों को ठगती हौ और उसी माया को संतजन ठगते हैं। गृहस्थ संतों के अंदर यह बल होता है कि वे अपनी आज्ञानुसार इससे कार्य लेते हैं और अपने अधीन कर ज्ञानयुक्ति से इसे ठग लेते हैं।

**मन माया की चाल को, जानत सन्त सुजान।**
**याते गति लागत नहीं, मन माया पछितान॥ 14॥**

**शब्दार्थ :** (चाल) गति, चालाकी (पछितान) पछताव (सुजान) विवेकी।

**भाष्य :** मन-माया की चाल को विवेकी संत जानते हैं। उनमें इसकी गति नहं चलती। मन-माया हार कर पछतावा करके पीछे लौट आती है।



## एक रात में दो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में चोरी

**नगांव ( असम ) ( हिंस )।** जिलांतर्गत धिंग में एक रात में दो व्यापारिक प्रतिष्ठानों में चोरी हो गई। चोर लाखों का सामान और नगदी चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। धींग स्टेडियम बाजार में रविवार रात को चोरों ने मिंटू नाथ और कृष्ण कांत बोरा नामक दो व्यावसायियों के प्रतिष्ठानों में घुसकर लाखों का सामान और नकदी चोरी कर ली है। सोमवार सुबह चोरी की घटना का पता उस समय चला, जब कर्मचारी सुबह प्रतिष्ठान खोलने पहुंचे। चोर मिंटू नाथ की दुकान से फ्रिज, इन्वर्टर कैश और अन्य सामान चोरी और कृष्ण कांत बोरा के असम ग्रामीण विकास बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र में भी नगदी के अलावा अन्य सामान चुरा लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सिलचर में करोड़ों की याबा टैबलेट पकड़ी गई

**गुवाहाटी।** असम के सिलचर शहर में मिजोरम जा रही एक गाड़ी से करोड़ों रुपए की कीमत वाली पांच लाख याबा टैबलेट जब्त की गई है। ये टैबलेट कम से कम कई पैकेटों में बंद पाई गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तारी की गई है। पुलिस के मुताबिक, गाड़ी कछार में अंतर्राज्यीय सीमा से होते हुए असम में दाखिल हुई थी। इस मामले में पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई ।जिम जाने वालों के लिए असली खजाना है कपिवा का यह उत्पाद, एक साथ बढ़ाएगा बॉडी स्ट्रेंथ और स्टैमिना। मिली जानकारी के मुताबिक तस्करी के लिए यह मादक पदार्थ म्यांमार से मंगाए गए थे। अधिकारी ने कहा कि याबा टैबलेट वाले कम से कम 50 पैकेट बरामद किए गए हैं। जब्त की गई दवाओं की बाजार में कीमत करोड़ों रुपए में है। नशा तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। दरअसल याबा दवा पागलपन के लिए बनाई गई है। एक ओर इस दवा को लेकर कई देशों में बैन लगा हुआ है। तो वही दूसरी तरफ थाईलैंड में किसी के पास यह दवा पाए जाने पर मौत की सजा का प्रावधान है। भारत में इस दवा को भूलभुलैया नाम से पुकारा जाता है। जिसका रंग लाल होता है। याबा नाम की यह दवा पूर्वी म्यांमार के शान, काचिन और दो अन्य राज्यों में बनती है। यह दवा लाओस, थाईलैंड, म्यांमार से दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश से लेकर अन्य देशों तक में पहुंचाई जाती है। इस टैबलेट में मेथेम्फेटामाइन और कैफिन मिला होता है।

## जीएमसीएच में लगी भीषण आग

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में सोमवार की शाम को आग लग गयी, जिसके चलते अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गयी है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया गया कि सोमवार शाम करीब छह बजे के आसपास मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुराने भवन के प्रथम तल पर आग लग लग गई। आग लगने से मरीज एवं तीमारदारों में भगदड़ मच गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम आग को बुझाने में जुटी हुई हैं।

## नलबाड़ी में विश्व ज्योतिष विद्यपीठ का अधिवेशन

**नलबाड़ी ( विभास )।** रविवार को स्थानीय नाट्य मंदिर प्रांगण में विश्व ज्योतिष विद्यापीठ, नलबाड़ी शाखा के तत्वावधान में छटवाँ वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक कुमार शर्मा के अलावा गुवाहाटी विश्व ज्योतिष परिषद के सुरजीत राम शास्त्री, डए गौतम शर्मा, 7 नं. वार्ड कमिशनर निकि देवी जालान, दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन, नलबाड़ी चैंबर ऑफ कामर्स के कार्यकारी अध्यक्ष विजयकुमार शर्मा, नलबाड़ी सनातन मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष राजकुमार अगरवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उक्त सभा में नलबाड़ी सर्व ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ व्यवसायी राजकुमार पारीक के होनहार सुपुत्र सुरेश कुमार पारीक ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार



को सभा के अध्यक्ष तथा गुवाहाटी के विशिष्ट पं. डए कुमुद शर्मा द्वारा गोल्ड मेडल व प्रसस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे सुरेश पारीक ने ज्योतिष में एम, फिल (मास्टर ऑफ फिलोसफी) की डिग्री हासिल कर यह सम्मान हासिल किया है। आगे भी ज्योतिष के विषय पर पीएचडी करने का विचार कर रहे है। उनकी इस उपलब्धि पर पूर्वोत्तर प्रदेशीय खाण्डल विप्र संगठन, नलबाड़ी खाण्डल विप्र परिषद, सर्व ब्राह्मण समाज, सनातन मारवाड़ी समाज, जैन समाज ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। यह विज्ञप्ति सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से विजय कुमार शर्मा, नलबाड़ी ने दी है।

# मायुम, नगांव की समृद्धि शाखा का शपथ विधि समारोह संपन्न

**नगांव ( निसं )।** रविवार को महाराजा अग्रसेन भवन में मनाया गया। कार्यक्रम के तहत मंच संचालन करती हुई कोषाध्यक्षा पायल खेतावत ने सर्वप्रथम शाखा अध्यक्षा लता पारीक को मंच पर आमंत्रित किया तत्पश्चात सचिव निमिषा अग्रवाल, शाखा सलाहकार पवन किल्ला, विशिष्ट अतिथि समाज सेविका भारती नाहटा, प्रांत की मंडलीय उपाध्यक्ष पूनम पाण्डया, एवं मुख्य अतिथि राधारमण खाटुवाला को मंचासीन करवाया। दीप प्रज्वलन के साथ ही असम के जातीय गीत का गायन निर्मला आलमपुरिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का असम की संस्कृति फुलाम गमोछा एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष लता पारीक के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, सचिव निमिषा अग्रवाल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रोजेक्टर के जरिए सभासदों के समक्ष रखी जिसे सभी ने सराहा। अध्यक्षा लता पारीक ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग हेतु सदस्यों के बीच कई वार्षिक अध्यक्षीय पुरस्कारों का वितरण किया साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में सहयोग हेतु अजीत माहेश्वरी, अजय महतो,





जय प्रकाश सिंह एवं रविंद्र शाह सभी पत्रकारों को भी प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विवेक तोदी, निवर्तमान मंडलीय उपाध्यक्ष विष्णुकांता डागा के साथ निवर्तमान सहायक मंत्री विनीत मोर का भी फुलाम गमछा एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। नवनिर्वाचित शाखा अध्यक्ष हीरा गाड़ोदिया को मंडलीय उपाध्यक्ष पूनम पाण्डया द्वारा शपथ पाठ करवाया गया एवं लता पारीक द्वारा उन्हें अध्यक्ष पद का पदभार सौंपा गया। नई अध्यक्षा हीरा गाड़ोदिया ने सभा को संबोधित करते हुए उन्हें सर्वसम्मति से शाखाध्यक्ष बनाने हेतु धन्यवाद देते हुए कहां की वह समृद्धि शाखा को आगे ले जाने हेतु हर संभव प्रयास करते हुए कार्य करेगी तथा सभी सदस्यों को साथ लेकर कार्यक्रमों को आयोजित करने का संकल्प लिया। उन्होंने अपनी नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में सारिका झंवर एवं गुंजन अग्रवाल को सचिव निमिषा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुस्कान जाजोदिया, संयुक्त सचिव निधि गर्ग, के साथ-साथ कार्यकारिणी समिति में रिंकू गिंदडा, ज्योति दुग्गड, रितिका मोर, ममता सिंह, मधु जोशी, पिंकी नागरका, नीतू अग्रवाल, नीतू जैन, ज्योति अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, मेघा जोगानी, श्वेता जयदीप, निशा चौधरी, प्रज्ञा अग्रवाल, हेमा झंवर, आशा बजाज, एवं हीरा अग्रवाल को लिया है। सभी का शपथ पाठ क्रमशः विष्णुकांत डागा, विवेक तोदी, भारती नाहटा, पवन किल्ला द्वारा करवाया गया। सभा को सभी प्रांतीय अधिकारियों के साथ भारती नाहटा ने संबोधित करते हुए महिलाओं को आगे आने और समाज के कार्य में एवं समाज की प्रगति में आगे आने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि राधारमण खाटू वाला ने अपने संबोधन में निवर्तमान कार्यकारिणी को बधाई दी तथा नई कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि मंच को जब भी उनकी जरूरत होगी वह हमेशा मंच के साथ खड़े तैयार मिलेंगे कार्यक्रम में समृद्धि शाखा के सलाहकार अरुण नागरका एवं निर्मला आलमपुरिया के साथ समाज के विनोद मोर, नगांव शाखा की अध्यक्षा नीतू पोद्दार, महेश्वरी सभा की अध्यक्षा सरला चांडक के साथ-साथ विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सचिव निमिषा अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं सभी द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम संयोजिका एवं पूर्व शाखा अध्यक्षा रिंकू गिंदडा ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी को बधाई देते हुए धन्यवाद दिया । इस आशय जानकारी समृद्धि शाखा की सदस्या पिंकी नागरका द्वारा प्रदान की गई है।

## श्रीरामपुर में ब्रॉयलर मुर्गी लदे आठ पिकअप वाहन जब्त

**कोकराझार ( असम ) ( हिंस )।** राज्य सरकार की रोक के बावजूद राज्य का ब्रॉयलर मुर्गी असम में चोरी-छिपे लायी जा रही है। प्रतिबंध के बावजूद असम-पश्चिम बंगाल सीमा पर पुलिस-पशुपालन विभाग की आंखों में धूल झोंककर हर दिन ब्रॉयलर चिकन की आपूर्ति असम में की जा रही है। इसी कड़ी में शिमुलटापु पुलिस ने श्रीरामपुर में ब्रॉयलर मुर्गी लेकर पश्चिम बंगाल से असम में प्रवेश करते समय आठ बोलेरो पिकअप वाहनों को फिर से एक बार जब्त किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल से ब्रॉयलर मुर्गी लेकर वाहन असम-पश्चिम बंगाल सीमा के ग्रामीण इलाकों के छोटे रास्तों से असम में आ रहे हैं। प्रशासन कुछ दिन पहले दस ब्रॉयलर मुर्गी समेत वाहनों को जब्त कर छह हजार मुर्गियों को नष्ट किया था, बावजूद मुर्ग सिंडिकेट का धंधा जारी है।

# कोकराझाड़ में धूमधाम से मनी महावीर जयंती





**कोकराझाड़ ( विभास )।** राज्य के विभिन्न प्रांत के तरह आज कोकराझाड़ में जैन समाज की ओर से आज बड़ी धूमधाम के साथ महाबीर जयंती मनाया गया । कार्यक्रम की सुरुवात प्रभातफेरी से किया गया कोकराझाड़ जैन मंदिर से तेरापंच भवन तक निकाला गया इस प्रभातफेरी में काफी संख्या में जैन समुदाय के महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया इसके बाद नवकार महामंत्र का 108 बार सामुहिक जाप किया गया। इसके बाद एक आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, नाटक व नत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## एसएसबी का रक्तदान शिविर आयोजित



उप कमाडेंट नरेंद्र सोपान कुटे के नेतृत्व में आज यूनिट अस्पताल रानीगुली के प्रांगण में आरएनबी सिविल अस्पताल के साथ मिलकर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन एसएसबी के डॉ. सौम्य हलदर एवं आरएनबी सदर अस्पताल के डॉ. डी शर्मा की देखरेख में किया गया। आरएनबी सदर अस्पताल के पांच पैरामेडिकल स्टाफ एवं एसएसबी के पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में 6वीं वाहिनी के समस्त सीमा चौकियों से आये कुल 54 जवानों ने रक्तदान किया। इस मौके पर दोनों डॉक्टरों ने रक्तदान के बारे के फायदे और आम लोगों के इससे मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि रक्तदान से किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है। इसलिए सभी को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए।

# महावीर जयंती पर महानगर में निकली भव्य शोभायात्रा

**गुवाहाटी ( विभास )।** सकल जैन समाज के घटक श्री दिगंबर जैन पंचायत, श्री श्वेतांबर तेरापंथ सभा, श्री साधुमार्गी जैन श्रावक संघ, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ और श्री जैन श्वेतांबर मंदिर मार्गी के संयुक्त तत्वावधान में फैंसी बाजार स्थित दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।जिसका शुभारंभ असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने सपत्नी हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया ।शोभायात्रा में भगवान महावीर को आकर्षक रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। इस समय राज्यपाल ने आम जनता के बीच खड़े होकर शोभायात्रा में रथारुड श्री जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शोभा यात्रा फैंसी बाजार के एच बी रोड, माछखुवा, फूल बागान, भरलुमुख, एटी रोड, पान बाजार, फैंसी बाजार , एमएस रोड होते हुए महावीर स्थल में संपन्न हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे श्री दिगंबर जैन विद्यालय के छात्र छात्राओं की



लंबी कतार थी। इसके अलावा असमिया संस्कृति की झांकी, झारखंड स्थित सम्मेद शिखर की झांकी, अहिंसा झांकी भी शामिल थी। महिलाएं पीली केसरिया और गुलाबी साड़ी में ध्वजा लेकर भगवान महावीर के जयकारे से नगर को गुंजायमान कर रही थी। णमोकार महामंडल के मंत्र के साथ भजन मंडली के भजनों पर झूमे श्रद्धालु नाच रहे थे। शोभायात्रा समापन के बाद महावीर स्थल में शांति धारा विधान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष महावीर जैन, जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के संयुक्त मंत्री राकेश जैन, साधुमार्गी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष जीवराज पिंचा, वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के जीवन चंद कांकरिया, श्री जैन श्वेतांबर मंदिर मार्गी संघ के महावीर चंद जैन ने सभी को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी। श्री दिगंबर जैन पंचायत के प्रचार प्रसार समिति के मुख्य संयोजक ओमप्रकाश सेठी और सह संयोजक सुनील सेठी के अलावा कई गण

# सूतारपाड़ा में लापता बहू का शव बरामद, क्षेत्र में सनसनी

**नगरबेड़ा ( विभास )।** ग्वोलपाड़ा जिले के मिटिया थाना अंतर्गत सुतारपाड़ा कठालबाड़ी में हत्या का एक वीभत्स मामला सामने आया है। सूत्र के अनुसार सुतारपारा माजर गांव के हानीफ आली की बेटी (23) वर्षीय आर्जिना बेगम और कठालबाड़ी के दयार आली के (28) वर्षीय बेटे मोहिबुल हक से सादी हुई थी। मृतक बहू के परिजनों के मुताबिक समय-समय पर घरेलू झगड़े होते रहते थे और इसी वजह से पति मोहिबुल इस्लाम और उसके परिवार वालों ने मिलकर बहू की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगा है। मिली जानकारी के अनुसार बहू की परिजनों द्वारा माटिया पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद रविवार की



रात पूछताछ के लिए बहू के ससुर दयार आली, देवर जाहिदुल इस्लाम और देवर काजीमुद्दीन को माटिया थाने में बुलाया गया। थानाधिकारी छमीर कुंवर ने सोमवार की सुबह घटना के बारे में गोवालपाड़ा सदर के डीएसपी अनुराग शर्मा को जानकारी दी गई। इस दौरान मौके पर पहुंचे डीएसपी ने छानबीन शुरू की और लापता बहू की शव को आधा किमी, दूर स्थित जंगल में बरामद की गई। वहीं मौजूद माटिया राजस्व चक्राधिकारी शशी कुमार डेका ने शव को पोस्टमाडर्म के लिए भेज दिया। हालांकि घटना की जांच जारी है। मृतक बहू की परिवार के लोगों ने इस घटना की जांज कर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

## पुलिसकर्मियों को घायल करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**जोरहाट ( असम ) ( हिंस )।** जिले के पुलीबर में रविवार रात तीन बदमाशों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। धारदार हथियारों से किए गए इस हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। सोमवार को पुलिस ने इनमें से एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि बीती रात पुलीबर पुलिस की एक टीम अपराधियों को पकड़ने के लिए बरहुज गांव पहुंची थी। इसी दौरान तीन बदमाशों ने पुलिस के काम में बाधा डालते हुए धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की एक बड़ी टुकड़ी पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश मौके से फरार हो गये। सोमवार को पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलीबर थान में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। साथ ही फरार दोनों अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। हालांकि पुलिस फरार दो आरोपियों की जोर-शोर से तलाश कर रही है।

No EWT(T)605/Ro-Pax/2022-23/218

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tender/ Quotation affixing court fee stamp(s) of Rs. 8.25/ (Rupees eight & paisa twenty five) only is hereby invited from interested Organization / Company / Agency / Individual Party / Partnership Firm etc. for supply of **Trained Crews/ Staffs on outsourced basis** for plying and operation of M.V, & Ro-Pax vessels at designated ferry routes on the river Brahmaputra under IWT Division, Guwahati stationed under Guwahati & Dhubri based services respectively.

The tenders will be received up to 2:00 P.M. of **25th April'2023** and will be opened at 3:00 P.M. on the same day In presence of intending tenderers or thelr authorized representatives. If the last date of receiving of tender declared as holiday the same will be received on the next working days. Participants may visit respective sites to know the types of vessel with operating systems thereof before submission of quotation / tender.

Detailed particulars of the Tender/Quotation along with terms & conditions may be obtained from the office of the undersigned on all working days during office hours up to 24th April'2023 on payment of Rs.1,000/-(Rupees one thousand) only in the form of Bank Draft of Nationalized Bank which is non-refundable.

Sd/-
Executive Engineer
Inland Water Transport Division
Guwahati

***Janasanyog /C/212/23***

PRESS NOTICE

The Superintending Engineer, P.W.D, Guwahati Building Circle-II, Chandmari, Guwahati-3 on behalf of the Governor of Assam invites bids for the following works having experience of similar nature of work from APWD registered contractors **having establishment in Guwahati.** Detalls of the bids may be seen at e-procurement portal website: www.assamtenders.gov.in and also in the office of the undersigned during office hours. The bidders must be enrolled in www.assamtenders.gov.in for participating in the bidding process.

| Sl. No. | Name of work | Approx. Value of Work (Rs.) | Category of APWD (B) registered Contractor |
|---|---|---|---|
| 1 | Arrangement of Temporary Pandal, Dias, Barricading, Branding, Temporary V.V.I.P & V.I.P Toilets etc. in connection with Inauguration Ceremony of Al! India Institute of Medical Science, Guwahati **(Group-1)** | 80,98,290/- | Class-I (A/B/C)/ Class-II (within this circle) |
| 2 | Arrangement of Temporary Pandal, Dias, Barricading, Branding, Temporary V.V.I.P & V.I.P Toilets etc. in connection with Inauguration Ceremony of All India Institute of Medical Science, Guwahati **(Group-2)** | 98,71,066/- | Class-I (A/B/C)/ Class-II (within this circle) |
| 3 | Arrangement of Temporary Pandal, Dias, Barricading, Branding, Temporary V.V.I.P & V.I.P Toilets etc. in connection with Inauguration Ceremony of All India Institute of Medical Science, Guwahati **(Group-3)** | 93,11,632/- | Class-I (A/B/C)/ Class-II (within this circle) |
| 4 | Arrangement of Temporary Pandal, Dias, Barricading, Branding, Temporary V.V.I.P & V.I.P Toilets etc. in connection with Inauguration Ceremony of All India Institute of Medical Science, Guwahati **(Group-4)** | 93,13,891 | Class-I (A/B/C)/ Class-II (within this circle) |

Note: -
1. Any modification of tender-may be seen in the portal www.assamtenders.gov.in.
2. The prospective bidder must visit the work site before submission of tender. The bidders have to submit evidence of site visit in the form of a certificate duly certified by the concerned Executive Engineer, PWD or Self Undertaking with geo-tagged photographs.
3. The bidders must have to submit work programme for the proposed work duly verified and certified by the concerned Executive Engineer, PWD. along with the bid.
4. The bidder must have experience in similar nature of work in connection with the programme by Hon'ble Prime Minister, India.
5. **This tender is invited as an advance action in anticipation of obtaining Administrative Approval from concerned authority and the work will be allotted on receipt of Administrative Approval only.**

Sd/-
Superintending Engineer, P.W.D.
Guwahati Building Circle-II

***Janasanyog /C/194/23***

# न्याय व लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है भ्रष्टाचारः प्रधानमंत्री

**सीबीआई के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन**

**भ्रष्टाचार के खिलाफ राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नहीं**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भ्रष्टाचार को न्याय और लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बताया और कहा कि मुख्य रूप से सीबीआई की जिम्मेदारी देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करना है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बिना किसी हिचकिचाहट के कार्रवाई करने को कहा, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो की स्थापना 1 अप्रैल 1963 को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के एक संकल्प द्वारा की गई थी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं है, यह गरीबों के अधिकार छीनता है, यह कई अन्य अपराधों को जन्म देता है, भ्रष्टाचार न्याय और लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है।' उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार लोकतंत्र को बाधित करता है और सबसे पहले शिकार युवाओं के सपने होते हैं। भ्रष्टाचार भाई-भतीजावाद और एक वंशवादी व्यवस्था को बढ़ावा देता है जो देश की ताकत को कम करता है, गंभीर रूप से विकास को बाधित करता है। उन्होंने भ्रष्टाचारियों की ताकत और उनके द्वारा जांच एजेंसियों को कलंकित करने के लिए बनाए गए तंत्र से विचलित नहीं होने को कहा। उन्होंने कहा कि ये लोग आपका ध्यान भटकाते रहेंगे, लेकिन आपको अपने काम पर ध्यान देना होगा। किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। हमारे प्रयासों में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। यही देशवासियों की कामना है। देश, कानून और संविधान आपके साथ है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से भारत को आजादी के समय भ्रष्टाचार की विरासत मिली और इस तथ्य पर खेद व्यक्त किया कि इसे हटाने के बजाय कुछ लोग इस बीमारी को पोषित करते रहे। इस स्थिति ने व्यवस्था को बर्बाद कर दिया और नीतिगत पक्षाघात के माहौल ने विकास को ठप कर दिया। 2014 के सरकार की प्राथमिकता व्यवस्था में विश्वास जगाना रही है और इसके लिए सरकार ने मिशन मोड में काले धन और बेनामी संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री ने जांच में देरी से




पैदा हुई समस्याओं जैसे दोषियों को सजा में देरी और निर्दोषों को प्रताड़ित करने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रक्रिया को तेज करने, सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं को अपनाने और भ्रष्ट लोगों को जल्दी से जवाबदेह ठहराने का रास्ता साफ करने के लिए अधिकारियों की क्षमता निर्माण पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सीबीआई के सर्वश्रेष्ठ जांच अधिकारियों के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों का एक अलंकरण समारोह भी आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री ने पुरस्कार विजेताओं को पदक प्रदान किए। प्रधानमंत्री ने शिलांग, पुणे और नागपुर में सीबीआई के नवनिर्मित कार्यालय परिसरों का भी उद्घाटन किया। उन्होंने सीबीआई के हीरक जयंती समारोह वर्ष को चिह्नित करते हुए एक डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया। उन्होंने सीबीआई के ट्विटर हैंडल को भी लॉन्च किया। उन्होंने बैंक धोखाधड़ी पर सीबीआई के अद्यतन प्रशासन मैनुअल को भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने इस बात को रेखांकित किया कि सीबीआई ने अपने काम और कौशल से देश के आम नागरिकों में विश्वास पैदा किया है। सीबीआई सच्चाई और न्याय के लिए एक ब्रांड की तरह है । उन्होंने कहा कि आज भी जब कोई न सुलझा हुआ मामला आता है, तो इस मामले को सीबीआई को सौंपने के लिए आम सहमति बनती है। कभी-कभी सीबीआई को मामला सौंपने के लिए शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपसी विश्वास के माहौल में ही संयुक्त और बहु-विषयक जांच संभव होगी। उन्होंने आगाह किया कि भारत के सामाजिक ताने-बाने, उसकी एकता और भाईचारे, उसके आर्थिक हितों और उसकी संस्थाओं पर हमले भी बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीबीआई से संबंधित मामलों के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का एक संग्रह भी आज लॉन्च किया गया है जो हमें सीबीआई के इतिहास की एक झलक देता है। प्रधानमंत्री ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए एक अभिनव दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने तकनीक-सक्षम उद्यमियों और युवाओं को जोड़ने और विभाग में तकनीक-प्रेमी युवा अधिकारियों का बेहतर उपयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने ब्यूरो में 75 प्रक्रियाओं और प्रणालियों को संकलित करने के लिए सीबीआई की सराहना की जिन्हें समाप्त किया जा सकता है और उन्हें इस पर समयबद्ध तरीके से काम करने के लिए कहा। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा और सीबीआई निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल इस अवसर पर उपस्थित थे।

# प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक-2023 को संसद की मंजूरी

**-संसद के दोनों सदन बुधवार तक के लिए स्थगित**

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक- 2023को उच्च सदन राज्यसभा ने सोमवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसी के साथ इस विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। इस बीच लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार को भी विपक्ष की अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच संयुक्त संसदीय दल (जेपीसी) से कराने मांग के चलते बाधित रही। दोनों सदन पहले दोपहर दो बजे और बाद में बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिए गए। लोकसभा में चेयर की ओर से एक बार फिर विपक्ष से संसद की कार्यवाही चलने देने का अनुरोध किया गया। पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने विपक्ष से आग्रह किया कि निरंतर बाधा डालना उचित नहीं है। सत्र समाप्ति की ओर है। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने इस बात का




उल्लेख किया कि 1952 में आज ही के दिन उच्च सदन का गठन हुआ था। यह देश के लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्र अपेक्षा करता है कि सदन उच्च मानकों का प्रदर्शन करे। यह मंच चर्चा और संवाद के लिए है। उन्होंने सदस्यों से अपील की कि चर्चा से आपसी मसलों को सुलझाया जाए। वे चर्चा में भाग लें और विकास में भागीदार बने। इसके बावजूद विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इसी बीच प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक पहले चर्चा के लिए सदन के समक्ष रखा गया और बाद में ध्वनिमत से बिना किसी चर्चा के पारित कर दिया गया। इसके बाद कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक- 2023 भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग को विलय और अधिग्रहण के मामले में अधिकार देता है। नए अधिकार के तहत संस्थाओं को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के सौदे के मामले में सीसीआई की मंजूरी लेनी होगी। साथ ही भारत में कारोबार का संचालन होना चाहिए।

# तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे भूटान नरेश, विदेश मंत्री ने किया स्वागत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। यहां विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने उनका स्वागत किया। कल मेहमान नेता का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी के साथ मिलने का कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा, भूटान नरेश का भारत में हार्दिक स्वागत है, नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक थोड़ी देर पहले भारत पहुंचे। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने हवाई अड्डे पर उनकी



अगवानी की। विदेश मंत्री शाम को भूटान नरेश से ताज होटल में मिलने जायेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनके साथ विदेश और विदेश व्यापार मंत्री ल्योंपो डॉ. टांडी दोरजी और भूटान की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार भूटान नरेश की यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित रूप से उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की दीर्घकालीन परंपरा के अनुरूप है। भारत और भूटान के बीच मित्रता और सहयोग के अनूठे संबंध हैं। यह दोनों देशों की समझ और आपसी विश्वास की विशेषता है। यह यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और आर्थिक तथा विकास सहयोग सहित घनिष्ठ द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

# पाकिस्तान का दोस्त बताने पर भड़के दिग्विजय सिंह, करेंगे मानहानि का केस

**भोपाल, (हि.स.)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी पी. मुरलीधर राव के खिलाफ मानहानि का केस दायर करने का फैसला लिया है। दिग्विजय सिंह ने सोमवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। दरअसल, मुरलीधर राव ने बीते शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह को पाकिस्तान और उग्रवादियों का दोस्त बताया था। दिग्विजय सिंह ने सोमवार को अपने सिलसिलेवार ट्वीट में एक वीडियो पोस्ट करते हुए मुरलीधर राव को संबोधित करते हुए कहा कि आपने मुझ पर जो आरोप लगाये हैं, आप को अदालत में जवाब देना होगा। फिर उन्होंने लिखा, मुरलीधरजी, क्या आप भोपाल भाजपा आईटी सेल के



अध्यक्ष ध्रुव सक्सेना को जानते हैं? क्या आप सतना के बजरंग दल के अध्यक्ष बलराम सिंह को जानते हैं? नहीं जानते हैं तो यह खबर पढ़िए। ट्वीट के साथ उन्होंने एक खबर का लिंक शेयर किया है। दिग्विजय सिंह ने आगे लिखा है कि क्या आप बलराम सिंह के मित्र राजीव तिवारी को भी जानते हैं? इन सभी को व इनके 14 और साथियों को मप्र पुलिस की एटीएस ने पाकिस्तान की आईएसआई के लिए जासूसी करते हुए पकड़ा था, लेकिन आपके मामा जी शिवराज सिंह चौहान ने इनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा क्यों नहीं चलाया? उन सभी देशद्रोहियों की जमानत कैसे होने दी? क्या आप मामाजी से पूछेंगे? आप में साहस है? आज वे सभी देशद्रोही जमानत पर हैं और पाकिस्तान से कमाए काले धन से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में आपकी सेवा कर रहे हैं। अब आप बताएं कौन देशद्रोही है? वे, आप या मैं? इसके बाद दिग्विजय सिंह ने एक वीडियो रिट्वीट किया। जिसमें उन्होंने लिखा, 'मुरलीधर राव जी, यह वीडियो देखकर कृपया आपके साथ बैठे लोगों से तो पूछ लें कि ध्रुव सक्सेना कौन है? इस पर मामा शिवराज सिंह चौहान ने एनएसए क्यों नहीं लगाया? इसके मकान पर बुलडोजर क्यों नहीं चलाया?'

# कोरोना से डरे नहीं, सतर्क रहेंः डॉ. मनसुख मांडविया

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्यमंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को देशवासियों का कोरोना से डरने का नहीं, सतर्कता बरतने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि भयभीत होने की कतई जरूरत नहीं है। देश में ओमिक्रॉन के सब-वैरिएंट से अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हुई है। स्वास्थ्यमंत्री डॉ. मांडविया की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब देश में कोरोना के नए मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही




हैं। रोजाना तीन हजार से अधिक मरीज सामने आ रहे हैं। सोमवार को कोरोना संक्रमण दर 6 प्रतिशत को पार कर गई। इसका कारण कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट के सब-वेरिएंट एक्सबीबी.1.16 को सबसे अहम माना जा रहा है।

# उच्च शिक्षा तक पहुंच को बढ़ावा देने में इग्नू की सराहनीय भूमिका : राष्ट्रपति

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि 'उच्च शिक्षा तक पहुंच' को बढ़ावा देने में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की सराहनीय भूमिका रही है। राष्ट्रपति इग्नू के 36वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले 2 लाख 80 हजार विद्यार्थियों में महिला छात्राओं की संख्या करीब 55 प्रतिशत है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में आधे से अधिक छात्राएं हैं। उन्होंने कहा, उच्च शिक्षा तक पहुंच' को बढ़ावा देने में इग्नू की सराहनीय भूमिका रही है। मुझे यह जानकर विशेष प्रसन्नता हुई है कि कुल विद्यार्थियों में से करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से हैं



तथा 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा की ज्योति से अंधकार में प्रकाश फैलता है। मुझे यह जानकर विशेष प्रसन्नता हो रही है कि हजारों जेल के कैदी भी इग्नू से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यह शिक्षा जेल के कैदियों के पुनर्वास तथा कारावास से निकलने के बाद एक बेहतर जिंदगी शुरू करने में उनके लिए सहायक होगी। उन्होंने कहा कि बहुत से विद्यार्थियों को अपनी जिम्मेदारियों और परिस्थितियों की वजह से उच्च शिक्षा को जारी रखने में कठिनाई होती है। ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने में इग्नू जैसे संस्थान मदद कर रहे हैं। इस प्रकार दूरस्थ शिक्षा की व्यापक सामाजिक-आर्थिक उपयोगिता है। इग्नू के कुलपति नागेश्वर राव ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। वर्तमान में यहां 35 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। इसमें 40 अन्य देशों के विद्यार्थी भी शामिल हैं।

# पिछड़े वर्गों से नफरत करती है कांग्रेस, ममता को तय कर लेना चाहिए कि वह किस और हैं : संबित पात्रा

**कोलकाता, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। साल्टलेक के भाजपा दफ्तर में मीडिया से मुखातिब पात्रा ने कहा कि ममता हमेशा अपना स्टैंड बदलती रहती हैं। क्या उन्होंने अभी तक तय किया है कि आखिर वह किस तरफ हैं? राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने विपक्षी एकजुटता का आह्वान किया था और राहुल के साथ एकजुटता जताई थी। इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में संबित पात्रा ने भी सवालिया लहजे में कहा कि ममता क्या कांग्रेस के साथ हैं? मैं तो चकित हूं कि सुश्री बनर्जी सुबह में एक बात कहती हैं और शाम को दूसरी बात करती हैं। सुबह के समय फूल लेकर गांधी परिवार के पास जाती हैं और शाम के समय कहती हैं कि राहुल के बस की बात नहीं है। पहले ममता बनर्जी से यह पूछिए कि राहुल गांधी से कुछ होगा कि नहीं होगा? कांग्रेस सूत्रों ने बताया है कि सूरत की कोर्ट




से राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने के खिलाफ आज ही उच्चतम अदालत में याचिका लगाई जा सकती है। इस संबंध में संबित पात्रा ने कहा कि क्या राहुल गांधी को देश की न्याय व्यवस्था के प्रति भरोसा नहीं है?

ओबीसी समुदाय को अपमानित करने पर उन्होंने माफी क्यों नहीं मांगी? अदालत में ही ऐसा करने का मौका उनके पास था। संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ओबीसी और पिछड़े समुदाय से घृणा करती है। सवाल यह है कि देश के लोकतंत्र के प्रति राहुल गांधी और उनकी पार्टी इतनी अविश्वासी क्यों है। राहुल का अर्थ भारत नहीं है अथवा भारत का अर्थ राहुल नहीं है, यह ध्यान रखा जाना चाहिए। गांधी परिवार के लिए क्या देश में अलग कानून होगा? संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने विदेशों में अपना एजेंट बैठा कर रखा है। भारत में कुछ होता है तो विदेशों में कांग्रेस के लोग भारत की आलोचना करते हैं लेकिन देश तेजी से विकसित हो रहा है। आज भारत में जनजाति समुदाय की महिला राष्ट्रपति हैं। गांधी परिवार को यह बर्दाश्त नहीं हो रहा है लेकिन उन्हें भूलना नहीं चाहिए कि आज पिछड़े समुदाय को अपमानित करके बचा नहीं जा सकता।

# बुजुर्गों को ट्रेन टिकट में मिलने वाली सब्सिडी फिर से शुरू करेः केजरीवाल

**1600 करोड़ बचा लेने से केंद्र ना अमीर हो गया ना ही गरीब**



**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी से अपील की है कि ट्रेन में बुजुर्गों को दुबारा सब्सिडी पर टिकट की व्यवस्था करे। केजरीवाल ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि यह छोटी सी रियायत बुजुर्गों के लिए बड़ा मायने रखती है। उन्होंने कहा है कि सब्सिडी के 1600 करोड़ बचा लेने से ना केंद्र सरकार अमीर हो जाएगी और ना ही खर्च करने से गरीब होगी। देश के बुजुर्गों को पिछले कई सालों से रेल यात्रा में 50 फीसदी तक की छूट मिल रही थी। इसका लाभ देश के करोड़ों बुजुर्गों को मिल रहा था। आपकी सरकार ने इस छूट को समाप्त कर दिया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले दिनों लोकसभा में आपकी सरकार ने बताया कि रेल यात्रा में बुजुर्गों को दी जा रही छूट को बंद करने से सालाना 1600 करोड़ रुपयों की बचत हो रही है। केजरीवाल ने बुजुर्गों की तीर्थयात्रा की व्यवस्था का जिक्र कर कहा कि उनके आशीर्वाद से दिल्ली तरक्की कर रही है। सर बात पैसों की नहीं है। बात नीयत की है। दिल्ली सरकार अपने 70 हजार करोड़ के बजटे से बुजुर्गों को तीर्थी यात्रा पर यदि 50 करोड़ खर्च कर देती है, तब सरकार कोई गरीब नहीं हो जाती। आने वाले साल में केंद्र सरकार 45 लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी। इससे बुजुर्गों की रेल यात्रा में छूट पर मात्र 1600 करोड़ खर्च होते हैं। यह राशि समुद्र में बूंद जैसी है।

# ईडी के शिकंजा कसने पर 100 करोड़ के घोटाले में संजय तिवारी ने किया अदालत में आत्मसमर्पण

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड सरकार के मिड डे मील अकाउंट से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिग मामले में वांछित आरोपित भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी ने प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने 25 मार्च को सरेंडर करने का आदेश दिया। इसके बाद उसने कोविड-19 जांच की एक रिपोर्ट ईडी कोर्ट को दी और फरार हो गया। ईडी ने संजय की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट हासिल किया। उसके रांची के अरगोड़ा स्थित आवास पर छापा मारा पर वह नहीं मिला। इस बीच ईडी के रांची जोनल ऑफिस ने रिम्स के इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट की जांच कराई । इसमें साफ हुआ कि कोविड सर्टिफिकेट फर्जी था। यह साबित होने पर रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक ने संजय तिवारी खिलाफ बरियातू थाना में एफआईआर दर्ज कराई। उल्लेखनीय है कि मिड डे मील के करीब




100 करोड़ रुपये एसबीआई की धुर्वा ब्रांच से भानु कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित किए गए हैं। खुलासा होने पर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ ली। वर्ष 2021 में ईडी ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में अभियुक्त हैं।

# एनएसए डोभाल महाकाल के दरबार में, नोएडा के युवक ने उड़ाया ड्रोन, केस दर्ज

**उज्जैन (मप्र), (हि.स.)।** भगवान महाकाल परिसर में ड्रोन उड़ाने वाले नोएडा (उत्तर प्रदेश) के युवक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर शिकंजा कस दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल शनिवार रात भगवान महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसी समय महाकाल क्षेत्र में पुलिस को एक ड्रोन उड़ता दिखा था। ड्रोन उड़ने की सूचना से एनएसए की सुरक्षा में लगे पुलिस अफसरों के हाथ-पांव फूल गए। महाकाल थाना पुलिस के अनुसार डोभाल के उज्जैन से जाने के 19 घंटे बाद ड्रोन उड़ाने वाले युवक को तलाश कर



कैमरायुक्त ड्रोन को जब्त कर लिया गया है।

पुलिस का कहना है कि यह ड्रोन नोएडा के युवक सरियश चतुर्वेदी ने उड़ाया था। उसने इसके लिए अनुमति नहीं ली थी। वह उज्जैन घूमने आया था। रात को वह महाकाल क्षेत्र की ड्रोन के माध्यम से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कर रहा था। इस युवक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# इंदौर बावड़ी हादसाः जिला प्रशासन ने मंदिर समेत अन्य स्थानों पर चलाया बुलडोजर

**- बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की बावड़ी को मलबे से भरा जाएगा**

**इंदौर, (हि.स.)।** रामनवमी के दिन बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर स्थित बावड़ी धंसने की घटना से सबक लेते हुए इंदौर नगर निगम और पुलिस ने सोमवार को मंदिर के अलावा तीन अन्य स्थानों पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। प्रशासनिक अफसरों के मुताबिक, बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की बावड़ी को मलबे से भरा जाएगा। नगर निगम का अमला सुबह से ही बावड़ी हादसे वाले स्नेह नगर गार्डन और मंदिर, ढक्कन वाला कुआं, सुखलिया और गडरा खेड़ी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में जुटा हुआ है। गडरा खेड़ी में फुटपाथ के नीचे दबे हुए कुएं को नगर निगम ने अतिक्रमण मुक्त कराया। इसके ऊपर फुटपाथ बना था और खाटू श्याम मंदिर की दीवार बनी थी और टीनशेड का निर्माण कर दुकान बनी हुई थी। बावड़ी के बहाने मंदिर पर भी बुलडोजर चला दिया गया। जानकारी के मुताबिक, जिला प्रशासन ने रविवार रात 12 बजे नोटिस चिपकाया था और जेसीबी व डंपर रात को ही आ गए थे और सुबह 6 बजे कार्रवाई शुरू हुई। हर घर के आगे पुलिस मौजूद रही। पहले निमार्णाधीन मंदिर की दीवारें तोड़ी गई और फिर आम बावडी वाले मंदिर से मूर्तियों को हटाया गया। मूर्तियां हटाने के बाद मंदिर के अवैध निर्माण का टीन शेड और दीवारें तोड़ी गई। निमार्णाधीन मंदिर के पिलर पोकलेन से तोड़े जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने



ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है, जहां बावड़ी या कुएं हैं और यहां लोगों ने अतिक्रमण कर लिया। सुबह जब लोग रामनवमी हादसे वाले स्थान पर मंदिर पहुंचे, तो उन्हें बाहर ही रोक दिया गया। बहस करने वालों पर लाठियां भी चलाई। मीडिया को भी बाहर रखा गया है। आसपास के लोगों को घरों के बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। मंदिर की मूर्तियों को प्रशासन की टीम कार में रखकर ले जा रही है। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया। इसी तरह ढक्कन वाला कुआं क्षेत्र में रजिस्ट्रार कार्यालय के पास भी कुएं को अतिक्रमण मुक्त करने की काम नगर निगम द्वारा किया जा गया है। यहां जेसीबी से खुदाई की जा रही है। यह कुआं रोड किनारे फुटपाथ पर बना हुआ है। इसके ऊपर पेवर ब्लॉक लगा दिए गए हैं। व्यवस्था संभालने के लिए जूनी इंदौर, भंवरकुंआ, रावजी बाजार सहित चार थानों का पुलिस बल तैनात किया गया है। नगर निगम ने पांच से अधिक पोकलेन मशीन से कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम उपायुक्त रिमूवल अधिकारी लता अग्रवाल, एडीएम अभय बेड़ेकर के अलावा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

# निकाय चुनाव में एनडीए के साथ मिलकर उतारेंगे उम्मीदवारः अनुप्रिया पटेल

**– आग हादसे पर जताया दुख, व्यापारियों के साथ राज्य सरकार खड़ी**




**कानपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय वाणिज्य उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को अपने एक बयान में कहा कि निकाय चुनाव में भी एनडीए के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उम्मीदवार उतारेंगे। अनुप्रिया पटेल जूही स्थित विनोबा नगर स्थित परिवार में निधन के बाद आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंची थी। बासमंडी में हुए आग हादसे पर दुख जताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरे मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई कर रही है। अग्निकांड के पीड़ित व्यापारियों के साथ सरकार खड़ी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से भाजपा और अपना दल एनडीए के साथ है। आने वाले चुनावों में भी साथ रहेगी। मीडिया के एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के नागरिक हैं और उनका ऊपरी अदालत में जाना अधिकार है। न्यायालय एक मामले में उन्हें सजा सुना चुकी है। निर्णय के खिलाफ अपील करना उनका अधिकार है।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भूपेंद्र चौधरी पांच अप्रैल को आएंगे गाजियाबाद




**गाजियाबाद, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी 05 अप्रैल को गाजियाबाद आएंगे। यह दोनों नेता महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित महाकुंभ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके अलावा केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में होगा। इस आयोजन में पूरे देश से कश्यप निषाद समाज महर्षि कश्यप जयंती में सम्मिलित होगा । उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से समाज को एक नई दिशा मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि भगवान महर्षि कश्यप ब्रह्माजी के मानस पुत्र ऋषि मरीचि के पुत्र थे। सृष्टि के रचना में भगवान महर्षि कश्यप का बहुत बड़ा योगदान था। महर्षि कश्यप एक बहुत ही न्यायप्रिय, शांतिप्रिय ऋषि के रूप में विख्यात हुए। भगवान महर्षि कश्यप का इतिहास रामचरितमानस में ऋग्वेद में और अनेकों वेदों में पाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यह आयोजन बहुत ही बृहद रूप में आयोजित किया जा रहा है।

इस वर्ष रामलीला मैदान में 100000 वर्ग फुट का विशाल टेंट लगाकर कार्यक्रम को खूबसूरती की ओर ले जाया जा रहा है। विशाल मंच की व्यवस्था है और दूर बैठे लोगों के लिए एलईडी के माध्यम से मंच का सजीव चित्रण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम भी मंच के माध्यम से प्रसारित किए जाएंगे। भगवान महर्षि कश्यप की लीलाओं का भी वर्णन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल समेत सभी विधायक शामिल होंगे। इसके अलावा पूरे गाजियाबाद शहर को प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से मंत्री प्रतिनिधि सौरभ जायसवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सागर कश्यप सिद्धार्थ कश्यप, आशुतोष कश्यप, विशाल कश्यप, सचिन कश्यप, उमाशंकर शर्मा पवन कश्यप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री के लीज आवंटन मामले में ईडी और राज्य सरकार से मांगा जवाब



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को खान विभाग के मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से खुद एवं अपने रिश्तेदारों को लीज आवंटित करने से संबंधित आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य सरकार और ईडी को जवाब दाखिल करने को कहा है। खान आवंटन मामले में राज्य सरकार और ईडी प्रतिवादी हैं। मामले की अगली सुनवाई 1 मई को होगी। सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की, जहां उन्होंने पूर्व के एक मामले का हवाला देते हुए इस मामले को भी मेंटेनेबल नहीं बताया। उन्होंने कहा कि यह मामला सुनवाई के योग्य नहीं है। इसी तरह का एक मामला शिव शंकर शर्मा एवं अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका है। इस याचिका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अन्य के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट के खंडपीठ की ओर से पारित आदेश को पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया है। ऐसे में फिर इस मामले को उठाना सही नहीं लगता है। मामले को महाधिवक्ता की ओर से मेंटेनेबल नहीं बताए जाने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि यह मामला अलग है। इसमें हेमंत सोरेन ने अपने संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है। जब उन्होंने खान आवंटित किया था, तब वो खान मंत्री थे। इसके बाद खंडपीठ ने याचिकाकर्ता की दलील को सुनने के बाद राज्य सरकार, ईडी को जवाब देने को कहा है। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह एवं विशाल कुमार ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए खुद अपने लिए माइनिंग लीज आवंटित कर लिया था। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन एवं साली सरला मुर्मू की कंपनी को भी माइनिंग लीज आवंटित कर दिया था।

# अति व्यस्त रूट पर होने वाले सीवरेज कार्य को लेकर डीएम ने की समीक्षा, दिए निर्देश



**बेगूसराय, (हि.स.)।** सीवरेज नेटवर्क एवं 17 एमएलडी एसटीपी कार्य को लेकर डीएम रोशन कुशवाहा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा की। जिसमें पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सदर अस्पताल चौक तथा हेमरा चौक से काली स्थान चौक तक सिवरेज पाईप लाइन बिछाने संबधी कराए जाने वाले कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। डीएम ने सबसे पहले प्रस्तावित कार्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सदर अस्पताल चौक तक पांच सौ मीटर लंबाई तथा हेमरा चौक से काली स्थान चौक तक 1070 मीटर लंबाई में सिवरेज पाईप लाइन बिछाने संबधी कार्ययोजना के संबंध में बुडको के कार्यपालक अभियंता से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने सदर एसडओ, सदर डीएसपी, नगर थानाध्यक्ष, बुडको प्रतिनिधि एवं कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि को सिवरेज संबंधी कार्यस्थलों का जायजा लेकर आवश्यक खुदाई कार्यों, इन कार्यों में लगने वाली संभावित अवधि, डिटेल ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान आदि के संबंध में दो दिनों के अंदर मैप आधारित कार्ययोजना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। डीएम ने प्रस्तावित कार्यों से संबंधित कार्ययोजना को इस प्रकार तैयार करने का निर्देश दिया, जिससे आम नागरिकों को कम से कम परेशानी हो। इसके साथ-साथ उन्होंने जिस क्षेत्र में कार्य किए जाने हैं, उसके संबंध में साप्ताहिक कार्ययोजना तैयार करते हुए कायारंभ एवं पूर्ण होने की अवधि, ट्रैफिक डायवर्जन आदि के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया।

सदर एसडीओ एवं डीएसपी को संभावित डायवर्जन मार्गों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। जिससे इन मार्गों को मोटरेबल बनाने के साथ ही सिवरेज पाईप लाइन बिछाने संबंधी प्रस्तावित कार्यों की अवधि में बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। समीक्षा के दौरान डीएम ने बुडको के कार्यपालक अभियंता को प्रस्तावित कार्य क्षेत्रों में विशेष तौर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सदर अस्पताल चौक के बीच वृक्षों की सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व डीएम ने बुडको प्रतिनिधि से नगर निगम क्षेत्र में 17 एमएलडी एसटीपी एवं सीवरेज नेटवर्क योजना के तहत वर्तमान में किए जा रहे कार्यों की स्थिति के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने अर्चना विहार एवं बड़ी पोखर क्षेत्र में चल रहे कार्यों को भी अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया।

# उप्र में निराश्रित नहीं होगा एक भी गोवंश, सबके आश्रय का होगा प्रबंध : मुख्यमंत्री



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां कहा कि प्रदेश में एक भी गोवंश निराश्रित नहीं होगा, राज्य सरकार सबके आश्रय का समुचित प्रबंध करेगी। उन्होंने एडीओ पंचायत और पशुपालक अधिकारी को हर माह गोवंश सत्यापन का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि गोवंश पालकों को हर माह तय समय पर, डीबीटी से धनराशि मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आज एक उच्चस्तरीय बैठक में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों के प्रबंधन और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन व संग्रह की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशु संवर्धन, संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए। योगी ने बताया कि प्रदेश के अंदर वर्तमान में 6719 निराश्रित गोवंश संरक्षण स्थल संचालित हैं। इनमें 11 लाख 33 हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। बीते 20 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित विशेष अभियान के तहत 1.23 लाख गोवंश संरक्षित किए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कोई भी गोवंश निराश्रित न हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि जनपद संभल, मथुरा, मीरजापुर, शाहजहांपुर, संतकबीरनगर, अमरोहा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और फरुर्खाबाद में सर्वाधिक गोवंश संरक्षित किए गए हैं। गोवंश संरक्षण के लिए जारी नियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में इसी प्रकार निराश्रित गोवंश का बेहतर प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश स्थलों को चारा-भूसा व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि सीधे गो-आश्रय स्थलों को उपलब्ध कराई जाए। डीबीटी प्रणाली उपयोग में लाएं। हर माह की 25 से 30 तारीख तक गोवंश का सत्यापन करते हुए विकास खंड स्तर पर पशुपालक अधिकारी और एडीओ पंचायत अथवा बीडीओ द्वारा रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी। इसके बाद, अगले माह की 05 तारीख तक मुख्य पशुपालन अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। योगी ने कहा कि गोवंश संरक्षण के लिए प्रदेश में वृहद संरक्षण केंद्र बनाए जा रहे हैं। यह सुखद है कि अब तक 274 वृहद गोवंश संरक्षण केंद्र क्रियाशील हो गए हैं। आगामी छह माह में शेष 75 वृहद गोवंश स्थल तैयार कर लिए जाएं। इससे आमजन को बड़ी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवंश संरक्षण स्थलों पर केयर टेकर तैनात किए जाएं। गायों को समय-समय पर घुमाने भी ले जाना चहिए। योगी ने कहा कि गोवंश संरक्षण के लिए संचालित मुख्यमंत्री सहभगिता योजना के आशातीत परिणाम मिले हैं। अब तक 01 लाख 77 हजार से अधिक गोवंश इस योजना के तहत आमजन को सुपुर्द किए गए हैं। कुपोषित बच्चों वाले परिवार को दूध की उपलब्धता के लिए पोषण मिशन के अंतर्गत 3,598 गोवंश दिए गए हैं। गोवंश की सेवा कर रहे सभी परिवारों को 900 रुपये प्रतिमाह की राशि हर महीने उपलब्ध करा दी जाए। इसमें कतई विलम्ब न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अंत्येष्टि स्थल-श्मशान घाट पर उपयोग की जाने वाली कुल लकड़ी में 50 प्रतिशत गोवंश उपला अथवा गोइठा का उपयोग किया जाए। यह उपला-गोइठा निराश्रित गोवंश स्थल से उपलब्ध कराया जाएगा। गोइठा से होने वाली आय उस गोवंश स्थल के प्रबंधन में उपयोग हो सकेगी। उन्होंने सभी 17 नगर निगमों और नगर पालिका वाले जिला मुख्यालयों पर कैटल कैचर वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी जनपदों में दुग्ध समितियों के गठन को और विस्तार देने पर बल दिया। यह भी कहा कि इन समितियों में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने जनपद कानपुर, मुरादाबाद, गोरखपुर, आजमगढ़ और प्रयागराज में निजी क्षेत्र के सहयोग से नए डेयरी प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसे जल्द ही कैबिनेट से भी पारित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य है। गांवों में दुग्ध सहकारी समितियों गठित कर दुग्ध उत्पादकों को गांव में ही उनके दूध के उचित मूल्य पर विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नन्द बाबा दुग्ध मिशन योजना संचालित की गयी है। इसके अच्छे परिणाम मिले हैं। अधिकाधिक दुग्ध उत्पादकों को इसका लाभ दिलाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालकों को आपातकालीन सहायता के लिए टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। यहां कभी भी कोई भी पशुपालक चिकित्सक से परामर्श प्राप्त कर सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को इस सेवा के बारे में अधिकाधिक जानकारी दी जाए, ताकि लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, विक्रय, नस्ल सुधार आदि सम्बंधित विषयों की विभागीय मंत्री द्वारा साप्ताहिक समीक्षा की जाए। लक्ष्य निर्धारित करें, उसके सापेक्ष प्रयास करें।

## लखनऊ के फैजुल्लागंज में जलभराव की समस्या होगी दूर, 45 करोड़ से बनेगा नाला




**लखनऊ, (हि.स.)।** नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सोमवार को फैजुल्लागंज में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए नाले का निर्माण कार्य शुरू कराया। एके शर्मा ने फैजुल्लागंज के चार वार्डों में नाले के अलावा खड़ंजा के निर्माण कार्य को भी हरी झंडी दे दी है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने आईआईएम मार्ग पर महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय के प्रांगण में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाभी का वितरण किया। इस अवसर पर एके शर्मा ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जो भी लाभार्थी आवास पाये हैं, वह अपने आवास को साफ सुथरा, स्वच्छता से पूर्ण रखेंगे। प्रतिदिन स्वच्छता कार्य करना ही चाहिए। विकास कार्यों पर मोहर लगाते हुए उन्होंने कहा कि जिसे डबल इंजन की सरकार कहते हैं, वह काम कर के दिखाती है। फैजुल्लागंज क्षेत्र में नाला सीवर बहने की समस्या थी। मैंने पता कराया तो मालूम हुआ कि यहां कहीं पर नाला कच्चा है और कहीं पक्का हैं तो इसका खर्च 45 करोड़ के करीब आने की जानकारी हुई। तमाम समस्याओं को खत्म करते हुए कार्य शुरू करा दिया गया। जल्द ही नाले के निर्माण का कार्य पूरा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से सीखा है कि जो भी कार्य करिए, उन्हें पूरा करिए। नाले का एक वर्ष में निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा। फैजुल्लागंज की लगभग डेढ़ से दो लाख आबादी को इसका फायदा मिलेगा।

## ईडी के शिकंजा कसने पर 100 करोड़ के घोटाले में संजय तिवारी ने किया अदालत में आत्मसमर्पण

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड सरकार के मिड डे मील अकाउंट से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिग मामले में वांछित आरोपित भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी ने प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने 25 मार्च को सरेंडर करने का आदेश दिया। इसके बाद उसने कोविड-19 जांच की एक रिपोर्ट ईडी कोर्ट को दी और फरार हो गया। ईडी ने संजय की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट हासिल किया। उसके रांची के अरगोड़ा स्थित आवास पर छापा मारा पर वह नहीं मिला। इस बीच ईडी के रांची जोनल ऑफिस ने रिम्स के इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट की जांच कराई । इसमें साफ हुआ कि कोविड सर्टिफिकेट फर्जी था। यह साबित होने पर रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक ने संजय तिवारी खिलाफ बरियातू थाना में एफआईआर दर्ज कराई। उल्लेखनीय है कि मिड डे मील के करीब 100 करोड़ रुपये एसबीआई की धुर्वा ब्रांच से भानु कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित किए गए हैं। खुलासा होने पर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ ली। वर्ष 2021 में ईडी ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में अभियुक्त हैं।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की 343वीं पुण्यतिथि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



**बेतिया, (हि.स)।** सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन के सभागार सत्याग्रह में भारत के महान मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की 343 वी पुण्यतिथि पर एक सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन सोमवार को किया गया, इसमें सभी धर्मों के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड डॉ शाहनवाज अली ,डॉ अमित कुमार लोहिया ,पश्चिम चंपारण कला मंच की संयोजक शाहीन परवीन एवं मदर ताहिरा चैरिटेबल वेलफेयर ट्रस्ट की निदेशक एस सबा ने संयुक्त रूप से मां भारती के सपूत भारत के महान शासक छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज ही के दिन छत्रपति शिवाजी महाराज का निधन 3 अप्रैल 1680 को हुआ था ।उनका सारा जीवन मातृभूमि की रक्षा एवं सामाजिक एकता के लिए समर्पित रहा। उनका पूरा नाम छत्रपति शिवाजीराजे भोसले था। भारत के एक महान शासक एवं रणनीतिकार थे जिन्होंने 1674 ई. में पश्चिम भारत में मराठा साम्राज्य की नींव रखी। सन 1674 में रायगढ़ में उनका राज्याभिषेक हुआ और वह "छत्रपति" बने। छत्रपती शिवाजी महाराज ने अपनी अनुशासित सेना एवं सुसंगठित प्रशासनिक इकाइयों की सहायता से एक योग्य एवं प्रगतिशील प्रशासन प्रदान किया। छत्रपति शिवाजी महाराज हिंदू मुस्लिम एकता के सच्चे पक्षधर थे। उन्होंने अपनी सेना में एक तिहाई मुस्लिम युवाओं को सम्मिलित कर मराठा साम्राज्य को मजबूती प्रदान की। शिवाजी ने अपने सैनिक कमांडरों एवं अपने पदाधिकारियों को ये स्पष्ट निर्देश दे रखा था कि किसी भी सैन्य अभियान के दौरान मुसलमान महिलाओं एवं बच्चों के साथ कोई दुर्व्यवहार न किया जाए। मस्जिदों, दरगाहो को समुचित सुरक्षा प्रदान करने का आदेश दिया था।

## कानपुर अग्निकांडः मुख्यमंत्री से वार्तालाप कर व्यापारियों को दी जाएगी हर संभव मदद : सतीश महाना

**– व्यापारियों से मिलकर विधान सभा अध्यक्ष ने लिया नुकसान का जायजा**



**कानपुर, (हि.स.)।** अनवरगंज थाना क्षेत्र के बास मंडी स्थित छह टावरों में गुरुवार को लगी भीषण आग अभी पूरी तरह से बुझ नहीं पाई। आग से करीब एक हजार रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानें जलकर खाक हो गई हैं। इससे व्यापारियों की कमर टूट गई और हताश हो गए। इसी बीच सोमवार को विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना घटना स्थल पर पहुंचे और व्यापारियों के साथ बैठक कर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से जल्द वातार्लाप करेंगे और सरकार हर संभव व्यापारियों की मदद करेगी। अनवरगंज थाना क्षेत्र के बांसमंडी स्थित कपड़ा मार्केट हमराज कॉम्प्लेक्स, मसूद कॉम्प्लेक्स, एआर टावर और नफीस टावर सहित छह टावरों में लगी आग चौथे दिन भी पूरी तरह से बुझ नहीं पाई है। सोमवार दोपहर तक एआर टॉवर, मसूद कॉम्प्लेक्स और हमराज कॉम्प्लेक्स के अंदर की दुकानों से अभी धुआं उठ रहा है। जिससे माना जा रहा है कि अभी भी आग पूरी तरह से बुझी नहीं है। वहीं, दमकल जवान लगातार आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। आग से अब तक करीब एक हजार गारमेंट्स की दुकानें जलकर खाक हो गई हैं। आग से करीब 40 हजार करोड़ रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। भीषण आग में हुए नुकसान से व्यापारियों में निराशा छा गई और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व्यापारियों से मिलने पहुंचे थे। इसके बाद सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी अग्निकांड में पीड़ित व्यापारियों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से बातचीत कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। इस दौरान मंडलायुक्त डॉ. राजशेखर, पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड, संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी, डीसीपी मुख्यालय तेज स्वरूप सिंह, एडीएम सिटी अतुल कुमार समेत अधिकारी मौजूद रहे।

# साहिबगंज में बजरंगबली की मूर्ति तोड़े जाने पर तनाव, इंटरनेट सेवा ठप



**साहिबगंज, (हि.स.)।** साहिबगंज नगर थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास स्थित बजरंगबली की प्रतिमा को सोमवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने एनएच-80 को तीन घंटे तक जाम कर दिया। शहर में जमकर पथराव किया। एक धार्मिक स्थल को भी आग के हवाले कर दिया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। उपायुक्त के निर्देश पर दिन में करीब सवा एक बजे से लेकर मंगलवार सुबह नौ बजे तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। तनाव को देखते हुए डीसी ने एहतियातन यह कदम उठाया है। उन्होंने जियो और एयरटेल के अलावा बीएसएनएल के प्रबंधकों से बात की और उनसे आग्रह किया कि मंगलवार सुबह 9 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद कर दें, ताकि किसी भी अफवाह को फैलने से रोका जा सके। घटना सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। देखते ही देखते पूरे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने। हालात ज्यादा बिगड़ते देख जिला और पुलिस-प्रशासन को सड़क पर उतरना पड़ा। साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने फ्लैग मार्च किया। उन्होंने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। एसपी ने स्थिति को संभालने के लिए 64 जमादार, जैप-9 की 60 महिला जवानों के साथ-साथ जैप-1 एसआईआरबी के 200 जवानों को भी तैनात कर दिया। जिला मुख्यालय के सभी सरकारी पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कायम करने के लिए सड़क पर उतार दिया गया। एसी, डीईओ, डीएसओ, एसडीओ, सीओ, बीडीओ समेत 9 दंडाधिकारी तैनात किये गये हैं। बरहड़वा के एसडीपीओ प्रदीप उरांव के नेतृत्व में 4 इंस्पेक्टर और 13 थाना के प्रभारी पूरे इलाके में गश्ती कर रहे हैं। पूरा साहिबगंज शहर बंद हो गया है। दुकानों से लेकर स्कूल-कॉलेज तक बंद हैं। हालांकि, मैट्रिक की परीक्षा जारी है। हालांकि हंगामे के बीच प्रशासन ने स्थानीय मूर्तिकार राजू पाल की मदद से क्षतिग्रस्त भगवान बजरंगबली की प्रतिमा को ठीक करवा लिया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी इलाके में शांति बहाली करने में जुटे हुए हैं। उपायुक्त ने जिले के लोगों से अपील की है कि वे शांति एवं सौहार्द को बनाये रखें।

## जाति आधारित जनगणना के दूसरे चरण को लेकर प्रगणकों और प्रयवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**अररिया (हि.स.)।** अररिया नगर परिषद क्षेत्र में जाति आधारित जनगणना के दूसरे चरण को लेकर नगर परिषद के सभागार में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को ट्रेनिंग दिया जा रहा है ।नगर परिषद क्षेत्र के 166 प्रगणकों के साथ पर्यवेक्षकों को पांच बैच में बांटा गया है और सभी बैच को अलग अलग ट्रेनिंग दी जाएगी। 15 अप्रैल से होने वाले दूसरे चरण के जाती आधारित जनगणना के लिए प्रगणकों को मोबाइल एप्प के साथ हार्ड कॉपी में एंट्री की जाएगी ।परिवार के सभी सदस्यों का 17 कॉलम में एंट्री होगा। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी भवेश झा ने बताया कि जाति आधारित जनगणना के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद दूसरा चरण 15 अप्रैल से शुरू होगा। जिसमें अररिया नगर परिषद क्षेत्र में गन्ना के लिए 166 प्रगणको और पर्यवेक्षकों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रगणको और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए पांच अलग-अलग समूह में बांटा गया है ।प्रत्येक दिन अलग-अलग समूह को किस तरह से मोबाइल एप्प के माध्यम से जनगणना का कार्य किया जाना है, उसकी ट्रेनिंग दी जाएगी ।कार्यपालक पदाधिकारी भाएलवेश झा ने बताया कि मोबाइल एप्प में 17 कॉलम है और परिवार के सभी सदस्यों के बारे में इन 17 कॉलम को प्रगणको द्वारा भरा जाएगा। साथ ही कार्यालय में हार्ड कॉपी भी जमा की जाएगी। दूसरे चरण के जाति आधारित जनगणना को लेकर सभी तरह की तैयारी पूरा कर लेने का कार्यपालक पदाधिकारी ने दावा किया।

## संपादकीय

# बिजली को मुफ्त का झटका

**मुफ्त** की तहरीर भी कीमत वसूलती है, यहां तो कीमत को मुफ्त की जागीर मिली है। राजनीति को अर्थशास्त्र भले कुछ न समझा सके, मगर वित्तीय प्रबंधन की जिम्मेदारी हिसाब मांगती है। यही हिसाब-किताब हिमाचल के अर्थतंत्र को यथार्थ दिखाते हुए बिजली का झटका दे रहा है। ऐसे में सियासी नजाकत में भरा हर नूर काफी है बजट को डुबोने के लिए। अब हकीकत के मोड़ पर, सिर पर चांदनी का कफन पहने हिमाचल ने बिजली आपूर्ति के सारे भ्रम तोड़े हैं। यानी जो वर्ग मुफ्त की बिजली नहीं चाहता उसी को महंगी आपूर्ति से अपना सिर खुजलाना पड़ेगा। हमने अपने साप्ताहिक प्रश्न में आम नागरिकों से जब पूछा कि क्या उन्हें मुफ्त की बिजली चाहिए, तो बहुपक्ष में ऐसे किसी प्रस्ताव का समर्थन नहीं हुआ, लेकिन सरकारी फैसलों की कंदराओं में नाखून भरे हैं। बिजली, पानी या इसी तरह की तमाम सुविधाओं को हमेशा तर्कसंगत अंदाज से जनता को संबोधित करना इतना भी आसान नहीं कि एक ओर मुफ्त की बिजली हो और दूसरी ओर बिजली का नया बिल हो। घरेलू उपभोक्ताओं को अब 125 यूनिट से अधिक खपत पर 22 पैसे और व्यावसायिक तथा औद्योगिक उद्देश्य के लिए 46 पैसे प्रति यूनिट अधिक चुकाने पड़ेंगे। वाहन चार्जिंग स्टेशन के लिए भी 12 पैसे प्रति यूनिट बिजली की दरें बढ़ रही हैं। अब 300 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 5.22 रुपए की दर से भुगतान करना होगा, इस तरह मुफ्त के बाजार में जो लोग नहीं रहना चाहेंगे, उन्हें अब अपनी जेब को खाली करना पड़ेगा। यानी सरकार को अपनी गारंटी के माप तोल में तीन सौ यूनिट तक के उपभोक्ताओं की भले ही आगे चलकर मुफ्त की मीटर रीडिंग करनी पड़े, लेकिन इस सीमा से ऊपर नई विद्युत दरों का भौकाल खड़ा है। फिलहाल 125 यूनिट तक के कुल 14 लाख उपभोक्ता मुफ्त की बिजली सेंक रहे हैं। यानी कुल 24 लाख हिमाचली उपभोक्ताओं में से आधे से अधिक अब सरकार के जवाईं हैं, तो बाकी बचे दस लाख भी अगर तीन सौ यूनिट की मुफ्त की परिधि में आ गए, तो बिजली दरों का जमूरा नाचेगा कैसे। जनता की सुविधा के लिए बता दें कि अब 125 से एक यूनिट भी ज्यादा खपत की तो कुल 126 यूनिट का बिल आएगा 525 रुपए। जो उपभोक्ता इस सीमा से ऊपर आज सरकार की तिजोरी भर रहे हैं, वे अगर कल तीन सौ यूनिट मुफ्त की बिजली रसीद करने लगे, तो शेष बचे उपभोक्ता ही विद्युत निगम की लुटिया बचाएंगे। यानी अब बिजली का खर्च उठाने के लिए या तो बाजार, व्यापार, उद्योग मदद करेगा या तीन सौ यूनिट से ऊपर जाने वाले उपभोक्ता को जेब ढीली करनी पड़ेगी। कल जब तीन सौ तक मुफ्त बिजली होगी तो 301 यूनिट खपत होते ही घर आएगा डेढ़ हजार का बिल। बिजली की ताकत अब बड़े उपभोक्ताओं या संयुक्त परिवारों के आंगन में ही बसेगी। ऐसे में अब उपभोक्ताओं की नीयत का बंटवारा विद्युत निगम कर रहा है। पहले ही कुछ अति चतुर नागरिकों ने अपने घर को बिजली के मीटरों में इस तरह विभक्त कर लिया है कि मुफ्त की बिजली अब नीतियों की बैसाखी बनकर कैद होकर रह गई है। कल इसी तरह मुफ्त बिजली पाने की प्रेरणा तीन सौ यूनिट तक के विभाजन में निगम की आर्थिक बिजली गुल करेगी। जाहिर है एक ओर विद्युत आपूर्ति की मद में राज्य को अपने राजस्व घाटे की आपूर्ति करनी है, तो दूसरी ओर चुनावी गारंटी के उद्घोष में आर्थिक वजह को खारिज करना है। बजट की ऐसी व्यवस्था में राज्य के संसाधनों को लूटने की चोर प्रवृत्ति को एक तरह से आसरा ही मिलेगा, क्योंकि वर्तमान दरें उपभोक्ताओं को मुफ्त की दरियादिली में धकेल जरूर देंगी। राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए जनता का योगदान सर्वोपरि है, लेकिन यहां मुफ्तखोरी का बोझ बढ़ते-बढ़ते नैतिकता के उद्घोष को सुन्न कर देगा। जनता हर बढ़ोतरी को प्रदेश के हित में सहन कर सकती है, लेकिन इस तरह का जादू नहीं देखना चाहेगी कि एक तरफ बिजली महंगी होती रहे तो दूसरी ओर मुफ्त के बल्ब जलते रहें।

बिजली, पानी या इसी तरह की तमाम सुविधाओं को हमेशा तर्कसंगत अंदाज से जनता को संबोधित करना इतना भी आसान नहीं कि एक ओर मुफ्त की बिजली हो और दूसरी ओर बिजली का नया बिल हो। घरेलू उपभोक्ताओं को अब 125 यूनिट से अधिक खपत पर 22 पैसे और व्यावसायिक तथा औद्योगिक उद्देश्य के लिए 46 पैसे प्रति यूनिट अधिक चुकाने पड़ेंगे। वाहन चार्जिंग स्टेशन के लिए भी 12 पैसे प्रति यूनिट बिजली की दरें बढ़ रही हैं। अब 300 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को 5.22 रुपए की दर से भुगतान करना होगा, इस तरह मुफ्त के बाजार में जो लोग नहीं रहना चाहेंगे, उन्हें अब अपनी जेब को खाली करना पड़ेगा। यानी सरकार को अपनी गारंटी के माप तोल में तीन सौ यूनिट तक के उपभोक्ताओं की भले ही आगे चलकर मुफ्त की मीटर रीडिंग करनी पड़े, लेकिन इस सीमा से ऊपर नई विद्युत दरों का भौकाल खड़ा है।

## पिछले चार-पांच दशकों में अन्य नकदी फसलों को बढ़ावा देने के कदम उठाए गए

# श्रीअन्न से संवरेगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

डा. जयंती लाल भंडारी

भारत सरकार के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है, जिसे वर्ष भर देश के साथ ही वैश्विक स्तर पर उत्साह के साथ मनाने तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेट्स की मांग और स्वीकार्यता बढ़ाने के उद्देश्य से, अनेक कदम सुनिश्चित किए गए हैं। पिछले दिनों केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संसद परिसर में सांसदों के लिए 'विशेष मोटे अनाज (मिलेट्स) लंच' आयोजित करके देश-दुनिया में अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 में मिलेट्स को बढ़ावा देने की बड़ी अनूठी पहल की गई है। इस आयोजन में मोटे अनाज बाजरा से बनी खिचड़ी, रागी डोसा, रागी रोटी, ज्वार की रोटी, हल्दी की सब्जी, बाजरा चूरमा सहित कई व्यंजन परोसे गए।

**हाल** ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित वैश्विक श्रीअन्न सम्मेलन में कहा कि मोटे अनाजों (श्रीअन्न) को बढ़ावा देने का अभियान देश के लगभग ढाई करोड़ सीमांत किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए वरदान है। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत ने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर भोजन की थाली तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। खास बात यह है कि भारत के मौसम के लिहाज से मोटे अनाज की खेती अत्यधिक अनुकूल है। अधिक बारिश या फिर कम बारिश होने पर भी श्रीअन्न की फसलें अन्य अनाजों की तुलना में कम क्षतिग्रस्त होती हैं। ऐसे में श्रीअन्न को प्रोत्साहन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल मिलेगा। गौरतलब है कि इस वर्ष एक जनवरी 2023 से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (इंटरनेशनल मिलेटस ईयर) 2023 की शुरुआत हुई है। भारत सरकार के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है, जिसे वर्ष भर देश के साथ ही वैश्विक स्तर पर उत्साह के साथ मनाने तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेट्स की मांग और स्वीकार्यता बढ़ाने के उद्देश्य से, अनेक कदम सुनिश्चित किए गए हैं। पिछले दिनों केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संसद परिसर में सांसदों के लिए 'विशेष मोटे अनाज (मिलेट्स) लंच' आयोजित करके देश-दुनिया में अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 में मिलेट्स को बढ़ावा देने की बड़ी अनूठी पहल की गई है। इस आयोजन में मोटे अनाज बाजरा से बनी खिचड़ी, रागी डोसा, रागी रोटी, ज्वार की रोटी, हल्दी की सब्जी, बाजरा चूरमा सहित कई व्यंजन परोसे गए। इतना ही नहीं जी-20 की अध्यक्षता के बीच जनवरी 2023 से अब तक जी-20 की 28 से अधिक कार्यसमूह बैठकों के तहत श्रीअन्न का प्रचार-प्रसार हुआ है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में एक जिला-एक उत्पाद के तहत 19 जिलों को श्रीअन्न के लिए चुना गया है। भारत में श्रीअन्न की उपज और खपत में लगातार वृद्धि हो रही है। इसकी विभिन्न प्रजातियों की खेती 12 राज्यों में होती है। प्रति व्यक्ति खपत पहले दो किलो प्रति माह थी, जो अब बढकर 14 किलो तक पहुंच गई है। केंद्र सरकार ने कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) को श्रीअन्न के प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी सौंपी है



और उसके संसाधन बढ़ाए हैं। एपीडा ने भी दो स्तरों पर काम प्रारंभ कर दिया। उसने ऐसे 30 प्रमुख देशों की सूची बना ली है, जो मोटे अनाज के बड़े आयातक हैं। साथ ही अपने देश के 21 राज्यों में उत्पादन बढ़ाने की कार्ययोजना भी बना ली है। एपीडा ने एक कदम और बढ़ाते हुए श्रीअन्न की खपत और कारोबार को प्रोत्साहित करने के लिए श्रीअन्न ब्रांड का निर्माण किया है। रेडी टू ईट और रेडी टू सर्व के अनुकूल श्रीअन्न पर आधारित सैंपल और स्टार्टअप जुटाए जा रहे हैं, जो ज्वार-बाजरा, रागी एवं अन्य मोटे अनाजों से नूडल्स, बिस्कुट, ब्रेकफास्ट, पास्ता, सीरियल मिक्स, कुकीज, स्नैक्स एवं मिठाइयां आदि बना सकें ताकि विश्व बाजार में निर्यात को बढ़ावा देने में सहूलियत हो सके। मोटे अनाज की फसलों की सरकारी खरीद को भी प्रोत्साहित करने के लिए राज्यों को विशेष रियायतें दी गई हैं। इसमें तीन महीने के भीतर इन अनाजों के वितरण की अनिवार्यता को समाप्त कर इसे छह से 10 महीने कर दिया गया है। वस्तुतः मोटे अनाजों को पोषण का पावर हाउस कहा जाता है। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्वों, विटामिन और खनिजों का भंडार है। छोटे बच्चों और प्रजजन आयु वर्ग की महिलाओं के पोषण में विशेष लाभप्रद हैं। शाकाहारी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के दौर में मोटा अनाज वैकल्पिक खाद्य प्रणाली प्रदान करता है। श्रीअन्न केवल भोजन या खेती तक ही सीमित नहीं हैं। भारतीय परंपरा में यह गांवों-गरीबों से जुड़ा है। छोटे किसानों के लिए समृद्धि का द्वार, करोड़ों लोगों के पोषण का आधार व आदिवासियों का सम्मान है। सामान्य भूमि और कम पानी में भी उगाया-उपजाया जा सकता है। यह रसायनमुक्त है। उर्वरा शक्ति को बढ़ाता है। खेती के लिए खाद की जरूरत नहीं पड़ती।

जलवायु परिवर्तन से निपटने में मददगार है। इनकी खेती सस्ती और कम चिंता वाली होती है। मोटे अनाजों का भंडारण आसान है और ये लंबे समय तक संग्रहण योग्य बने रहते हैं। विभिन्न दृष्टिकोणों से मोटे अनाज की फसलें किसान हितैषी फसले हैं। ज्ञातव्य है कि देश में कुछ दशक पहले तक सभी लोगों की थाली का एक प्रमुख भाग मोटे अनाज हुआ करते थे। फिर हरित क्रांति और गेहूं-चावल पर हुए व्यापक शोध के बाद गेहूं-चावल का हर तरफ अधिकतम उपयोगी होने लगा। मोटे अनाजों पर ध्यान कम हो गया। स्थिति यह है कि कभी हमारे खाद्यान्न उत्पादन में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले मोटे अनाज की हिस्सेदारी इस समय 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। निश्चित रूप से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के तहत सरकार की यह रणनीति होनी चाहिए कि जिस तरह से पिछले चार-पांच दशकों में अन्य नकदी फसलों को बढ़ावा देने के कदम उठाए गए हैं, उसी तरह के कदम मोटे अनाजों के संदर्भ में भी उठाए जाएं। इनका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाना होगा। देश के कृषि अनुसंधान संस्थानों के द्वारा मोटे अनाजों पर लगातार शोध बढ़ाया जाना होगा। देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आम आदमी तक गेहूं एवं चावल की तुलना में मोटे अनाज की अधिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मोटे अनाजों की सरकारी खरीद बढ़ाई जानी होगी। साथ ही मोटे अनाजों के निर्यात को अधिक ऊंचाई देने की नई रणनीति भी बनाई जानी होगी। हम उम्मीद करें कि 18 मार्च को आयोजित खाद्य सुरक्षा एवं पोषक के प्रति जागरूकता के वैश्विक सम्मेलन से जिस तरह श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर प्रचलन में लाने की जो जोरदार कोशिश आगे बढ़ी है, वह कोशिश जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जी-20 के विभिन्न 200 से अधिक कार्य समूहों की बैठकों के माध्यम से और प्रभावी रूप से आगे बढ़ेगी। हम उम्मीद करें कि अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष भारत के लिए मोटे अनाज सहित खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारे प्राचीन पोषक-अनाज को भोजन की थाली में पुनः सम्मानजनक स्थान मिल सकेगा। साथ ही इससे कुपोषण और खाद्य चुनौती का सामना किया जा सकेगा। साथ ही देश के द्वारा इस वर्ष 2023 में श्रीअन्न की अहमियत आर्थिक संसाधन के रूप में विकसित करके श्रीअन्न के निर्यात से अधिक विदेशी मुद्रा प्राप्त की जा सकेगी।

# अंतरिक्ष में इसरो के बढ़ते कदम

रॉकेट लांच होने के 19 मिनट बाद ही उपग्रहों के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सभी 36 उपग्रह अलग-अलग चरणों में पृथक हो गए। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है और ब्रिटेन (यूके) स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के बाद अब पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो गई है। इस सफल अभियान से दुनिया के प्रत्येक हिस्से में स्पेस आधार ब्रॉडबैंड इंटरनेट योजना में मदद मिलेगी। इस वर्ष फरवरी में एसएसएलवी-डी2/ ईओएस07 मिशन के सफल लांच के बाद इसरो का यह दूसरा सफल लांच था। इसरो का 43 .5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलएमवी3 अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है और 26 मार्च को इसकी छठी सफल उड़ान थी। एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था।

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) अंतरिक्ष की दुनिया में निरन्तर कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। अब इसरो ने पिछले दिनों कुल 5805 किलोग्राम वजनी 36 उपग्रह एक साथ लांच कर एक बार फिर नया इतिहास रच दिया। इसरो के बाहुबली कहे जाने वाले सबसे भारी भरकम प्रक्षेपण यान 'एलएमवी3' (लांच व्हीकल मार्क-3) ने ब्रिटिश कम्पनी के इन उपग्रहों को लेकर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी और इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) पर लांच कर दिया। इसरो द्वारा इस रॉकेट मिशन कोड का नाम एलएमवी3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन रखा गया था। रॉकेट लांच होने के 19 मिनट बाद ही उपग्रहों के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सभी 36 उपग्रह अलग-अलग चरणों में पृथक हो गए। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है और ब्रिटेन (यूके) स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के बाद अब पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो गई है। इस सफल अभियान से दुनिया के प्रत्येक हिस्से में स्पेस आधार ब्रॉडबैंड इंटरनेट योजना में मदद मिलेगी। इस वर्ष फरवरी में एसएसएलवी-डी2/ईओएस07 मिशन के सफल लांच के बाद इसरो का यह दूसरा सफल लांच था। इसरो का 43.5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलएमवी3 अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है और 26 मार्च को इसकी छठी सफल उड़ान थी। एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था।




ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है और वनवेब के 36 उपग्रहों की यह अंतिम किस्त थी। वनवेब के पास अभी तक अंतरिक्ष की कक्षा में 582 उपग्रह थे और अब इसरो का यह मिशन सफल होने के बाद भारत के भारती एंटरप्राइजेज और यूके सरकार की ओर से समर्थित ब्रिटेन की कम्पनी वनवेब के पास अंतरिक्ष में परिक्रमा करने वाले 618 उपग्रह हो गए हैं। वनवेब जेन-1 सैटेलाइट 150 किलोग्राम वर्ग के हैं। 26 मार्च को इसरो द्वारा लांच किए गए 36 उपग्रह वनवेब के लिए 18वां लांच था। वनवेब के मुताबिक इन उपग्रहों के जरिये वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज देने में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। वनवेब के उपग्रह प्रक्षेपणों के जरिये भारत के विभिन्न उपक्रमों के अलावा स्कूलों, गांवों, नगर निगमों, कस्बों सहित उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित सम्पर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। तारामंडल में 648 अलग-अलग उपग्रह शामिल हैं, जिनमें से 588 सक्रिय उपग्रह 12 विमानों में समान रूप से अलग होकर पृथ्वी की सतह से करीब 1200 किलोमीटर की ऊंचाई पर संचालित होते हैं। अंतर-विमान टकराव को रोकने के लिए प्रत्येक विमान को ऊंचाई में 4 किलोमीटर से अलग किया जाता है। पेलोड एक बेंट-पाइप सिस्टम है, जो कू और के बैंड में काम करता है। फॉरवर्ड लिंक गेटवे से के-बैंड सिग्नल को उपग्रह के एंटीना के माध्यम से प्राप्त करता है। इसरो के मुताबिक वापसी लिंक उपग्रह के एंटीना के माध्यम से उपयोगकर्ता टर्मिनलों (यूटी) से केयू-बैंड सिग्नल प्राप्त करता है। वनवेब का इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' (एनएसआईएल) के साथ कुल 72 उपग्रह लांच करने का एक हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की लांच फीस का करार हुआ था, जिसमें से एक पिछले साल पूरा हो हो गया था, जब एलएमवी3 रॉकेट से ही इसरो ने 23 अक्तूबर 2022 को वनवेब के 36 उपग्रह लांच किए थे। अब फिर से इसी भारी भरकम रॉकेट से दूसरी बार इसी निजी कम्पनी के 36 उपग्रह सफलतापूर्वक लांच किए गए हैं और इस प्रकार एलएमवी3 की सफलता दर सौ फीसदी है। एलएमवी3 तीन चरणों वाला रॉकेट है, जिसमें पहले चरण में तरल ईंधन, ठोस ईंधन द्वारा संचालित दो स्ट्रैप-ऑन मोटर, तरल ईंधन द्वारा संचालित दूसरा और क्रायोजेनिक इंजन होता है। इसरो के इस भारी भरकम रॉकेट की क्षमता एलईओ तक 10 टन और जियो ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक चार टन वजन ले जाने की है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के मुताबिक एलएमवी3 रॉकेट में गगनयान मिशन के लिए जरूरी लांचरों की ही भांति एस200 मोटर्स लगाए गए थे। एलवीएम3-एम3 रॉकेट में एस200 मोटर्स भी हैं, जिन्हें बढ़े हुए मार्जिन और विशेषताओं के साथ डिजाइन किया गया है और यह गगनयान कॉन्फिगरेशन के अनुकूल हैं। इसरो प्रमुख के अनुसार इस रॉकेट में और भी कई सुधार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य इसे अन्य चरणों और प्रणालियों में भी मानव-रेटेड बनाना है। वनवेब के लिए इसरो के इस सफल मिशन के बाद वर्ष 1999 से लेकर अब तक अंतरिक्ष में भारत की ओर से लांच किए गए विदेशी उपग्रहों की कुल संख्या 422 हो गई है। इसरो के भविष्य के मिशनों के बारे में इसरो प्रमुख का कहना है कि इसरो के वैज्ञानिक अप्रैल में एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के व्यावसायिक प्रक्षेपण की तैयारी कर रहे हैं और जल्द ही अगले लांच अभियान के लिए तैयार हो रहे हैं। इसरो की अगले साल जून में चंद्रयान-3 मिशन को चंद्रमा पर लांच करने की योजना को भी मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत गगनयान मिशन में तीन सदस्यों के एक दल को तीनदिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन को 2024 की चौथी तिमाही में लांच करने का लक्ष्य रखा गया है। एस सोमनाथ का कहना है कि वह गगनयान मिशन की दिशा में हो रही प्रगति को देखकर काफी प्रसन्न हैं। भारत ने अपने ही बलबूते पर लंबे समय से अंतरिक्ष में अपनी पैठ बनाने में कई स्तरों पर बेहतरीन प्रयोगों और उसमें सफलता के जरिये स्वयं को एक मजबूत केन्द्र के रूप में विश्व के समक्ष साबित किया है। भारत ने विश्व के अन्य देशों के मुकाबले विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र में निरन्तर उच्चस्तरीय कार्यों के जरिये वाणिज्यिक उपग्रह प्रक्षेपण के बाजार में बेहतर और सुरक्षित विकल्प पूरी दुनिया को दिया है। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष में प्रयोग करने के मामले में कई देशों और अतंरिक्ष कम्पनियों का भरोसा अब इसरो की वाणिज्यिक शाखा पर बढ़ रहा है। बहरहाल, अंतरिक्ष की दुनिया में इसरो जिस प्रकार लगातार सफलता का परचम लहरा रहा है।

## देश दुनीया से

# आवश्यक है सभ्य एवं संवेदनशील आचरण

**जब** हम दूसरे व्यक्तियों, प्राणियों तथा जीव-जंतुओं की परेशानी, तकलीफ या दुःख-दर्द को स्वयं में अनुभव करते व्यथित तथा द्रवित होने लगते हैं तो समझो हम शालीन, विनम्र एवं संवेदनशील हो रहे हैं। यह हमारे व्यक्तित्व का अमूल्य तथा असाधारण गुण है। मन, वचन एवं कर्म से अपने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आचरण तथा कृत्य से किसी को किसी प्रकार का दुःख तकलीफ न पहुंचाना, परेशान न करना ही संवेदनशील आचरण है। हमारे समाज में प्रत्येक घर, परिवार, गली, मुहल्ले, गांव, समाज, सम्प्रदाय में पूरा वर्ष भर शादी- विवाह, पार्टियां, मेले, त्योहार, कीर्तन, जागरण, कथा-भागवत कथा सप्ताह, धार्मिक एवं सार्वजनिक उत्सव होते ही रहते हैं। धार्मिक आस्था के आनंद में मंदिरों में जयकारे, शंखनाद, घंटियां, ढोल-नगाड़े, श्रद्धालुओं के दलों का भक्ति के वातावरण में झूमना, अपने इष्ट के लिए नाचना, सुबह-शाम की आरती, गुरद्वारों में शब्द-कीर्तन, जयघोष, मस्जिदों में हर रोज़ पांच बार की नमाज़, गिरिजाघरों में प्रार्थनाएं होना स्वाभाविक है। यह हमारी श्रद्धा, भक्ति, आस्था का प्रश्न है। इस पर कोई टिप्पणी भी नहीं हो सकती क्योंकि पूजा पाठ पद्धति, धर्म-कर्म आस्था तथा विश्वास किसी भी व्यक्ति का व्यक्तिगत मामला है। प्रत्येक व्यक्ति, समुदाय मत, सम्प्रदाय तथा धर्म स्वतन्त्र है अपने आनन्द, उल्लास तथा अभिव्यक्ति के लिए। यह होना भी चाहिए क्योंकि यही हमारी सांस्कृतिक एवं धार्मिक विविधता है। सभी मतों, धर्मों तथा संस्कृतियों को स्वीकारते हुए हम एकता के सूत्र में भी बंधे हैं। लेकिन किसी भी जाति, समाज, धर्म, मत, समुदाय तथा संप्रदाय होने से पूर्व हम एक सामाजिक प्राणी तथा मनुष्य हैं, एक जागरूक नागरिक हैं तथा हम सभी को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए। संविधान ने हम सभी को स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया है। यह स्वतन्त्रता तब समाप्त हो जाती है जब यह किसी और व्यक्ति की स्वतन्त्रता के लिए घातक हो जाती है। गैर ज़िम्मेदाराना व्यवहार, अमर्यादित आचरण तथा उतावलापन बन्द होना चाहिए। वैसे भी दूसरे को परेशान कर आपको कभी भी मानसिक एवं और आत्मिक शान्ति नहीं मिल सकती। अपनी अपनी रीतियों, संस्कृतियों, विधि-विधानों तथा वृतियों के अनुसार हम अपना आनन्द लेते हैं, लेकिन अपनी मौज-मस्ती, उल्लास एवं आनन्द में हम दूसरे के दुःख तकलीफ का ध्यान रखना भूल जाते हैं। जहां इस समाज में खुशियों के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं वहीं यह भी तो सत्य है कि इसी समाज में मृत्यु, शोक, बीमारी तथा पीड़ा से भी अनेकों लोग ग्रसित हैं। क्या यह भी सत्य नहीं है कि प्रत्येक परिवार में छोटे-छोटे मासूम बच्चे तथा पीड़ा एवं बीमारियों से ग्रसित बूढ़े भी रहते हैं? क्या यह भी सत्य नहीं है कि प्रत्येक परिवार में पढने वाला बच्चे तथा युवा भी आये दिन परीक्षाओं की तैयारी में जुटे रहते हैं? सबको मिलाकर यह समाज बनता है। इसलिए एक ज़िम्मेदार नागरिक बन कर हमें अपने कुशल व्यवहार तथा संवेदनशीलता का परिचय देना चाहिए। किसी के दुख, तकलीफ, परेशानी की कीमत पर आपको आनन्द और उल्लास का लाईसेंस नहीं मिल सकता। प्रायः समाज में देखा गया है कि कथा, उद्यापन, भागवत, विवाह, पार्टी या धार्मिक तथा सामाजिक आयोजन में हम एक नागरिक होने की सीमाएं भूल जाते हैं। वर्तमान में हमारी युवा पीढ़ी मल्टी नेशनल कम्पनियों में आनलाइन कार्य करते हैं, उन्हें रात भर जागना पड़ता हैं इससे उनका कार्य भी प्रभावित होता है। नींद हमें शारीरिक तथा मानसिक रूप से शान्ति प्रदान करती है। विभिन्न आयोजनों पर ये ध्वनि यन्त्र तथा कानफाड़ संगीत हमें परेशान करते हैं और हम किसी की परवाह किए बिना अपने आनन्द में मस्त रहते हैं।

मन, वचन एवं कर्म से अपने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष आचरण तथा कृत्य से किसी को किसी प्रकार का दु:ख तकलीफ न पहुंचाना, परेशान न करना ही संवेदनशील आचरण है। हमारे समाज में प्रत्येक घर, परिवार, गली, मुहल्ले, गांव, समाज, सम्प्रदाय में पूरा वर्ष भर शादी- विवाह, पार्टियां, मेले, त्योहार, कीर्तन, जागरण, कथा-भागवत कथा सप्ताह, धार्मिक एवं सार्वजनिक उत्सव होते ही रहते हैं। धार्मिक आस्था के आनंद में मंदिरों में जयकारे, शंखनाद, घंटियां, ढोल-नगाड़े, श्रद्धालुओं के दलों का भक्ति के वातावरण में झूमना, अपने इष्ट के लिए नाचना, सुबह-शाम की आरती, गुरद्वारों में शब्द-कीर्तन, जयघोष, मस्जिदों में हर रोज़ पांच बार की नमाज़, गिरिजाघरों में प्रार्थनाएं होना स्वाभाविक है। यह हमारी श्रद्धा, भक्ति, आस्था का प्रश्न है।

## कुछ अलग

# नफरती बोल, राज्य 'नपुंसक'

**सर्वोच्च** अदालत में एक न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि नफरती भाषण और बयानबाजी दिए जा रहे हैं, क्योंकि राज्य नपुंसक हैं। राज्य शक्तिहीन हैं। राज्य वक्त पर कार्रवाई नहीं करते। ऐसे नफरती बोल उसी क्षण रुक सकते हैं, जब राजनीति और धर्म को अलग-अलग कर दिया जाए। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना ने सवाल उठाया है कि आखिर हमें ऐसा राज्य क्यों चाहिए, जब सब कुछ नफरती हो रहा है?' हालांकि न्यायाधीश की 'नपुंसक' वाली उपमा अतिरेकपूर्ण है। कमोबेश लोकतांत्रिक नहीं है। वह राज्य को कमज़ोर, अक्षम, अप्रभावी, अनिर्णायक आदि कुछ भी कह सकते थे, लेकिन 'नपुंसक' के मायने हैं कि परोक्ष रूप से देश की जनता जिम्मेदार है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता ही अपनी सरकार चुनती है। नफरती बयानबाजी दो पक्षों के बीच अधिक है। एक लगातार 'हिंदू राष्ट्र' बनाने को लोगों को उकसा रहा है। लाखों की भीड़ जुटाई जा रही है। दूसरा पक्ष ऐसा है, जो 'सरकलम' तक करने को उन्मादित है। सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी आदि समुदायों की ओर से नफरत के बोल अपवाद ही हो सकते हैं। हाल ही में रामनवमी के दिन जुलूस पर कई राज्यों में पथराव किया गया, हिंसा और आगजनी तक की गई। ऐसा बार-बार होता है, क्योंकि इनके मूल में 'नफरत' है। न्यायिक पीठ के सामने भारत सरकार के सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार नहीं, केरल सरकार खामोश है। मई, 2022 में पीएफआई ने एक रैली के दौरान आह्वान किए कि हिंदुओं और ईसाइयों के नरसंहार कर दो। बेशक आज इस संगठन पर भारत सरकार की पाबंदी है, लेकिन ऐसे भडक़ाऊ और हत्यारे बयान आज भी फिज़ाओं में हैं। द्रमुक पार्टी के एक प्रवक्ता का बयान भी उद्धृत किया गया, जिसमें कहा गया था कि यदि तुम्हें समानता चाहिए, तो सारे ब्राह्मणों की हत्या कर दो।' संदर्भ पेरियार का था। दरअसल ये नफरत ही नहीं, हिंसा और हत्या की पराकाष्ठा के बयान हैं। ऐसे बयानों पर अदालतों ने कभी स्वतः संज्ञान नहीं लिया, यह एक बेहद गंभीर सवाल है। अरस्तु, चाणक्य से लेकर डॉ. राममनोहर लोहिया तक ने माना है कि धर्म और राजनीति परस्पर पूरक हैं, लिहाजा दोनों को अलग करना नफरती सियासत का कोई समाधान नहीं है। 'राम मंदिर' के मुद्दे पर जो माहौल बना, उसके मद्देनजर राजनीति दोफाड़ हो गई-सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष। ऐसी राजनीति 1989 के बाद से आज तक जारी है। 'नफरती सियासत' का आगाज़ नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से हुआ, क्योंकि धर्मनिरपेक्ष और मुस्लिमवादी दल आज भी उन्हें 2002 के गोधरा सांप्रदायिक दंगों का 'खलनायक' मानते हैं। हिन्दू-मुसलमान के दोफाड़ पर हमने कई सांप्रदायिक दंगों की बर्बरता भी देखी है, लेकिन राज्य 'नपुंसक' इसलिए करार दिए जा सकते हैं, क्योंकि नफरती बयानों में धर्म का पुट भी होता है। इस संदर्भ में दिसंबर, 2021 में हरिद्वार में आयोजित 'धर्म संसद' याद आती है। उसके दौरान इस्लाम और मुसलमान को ही निशाना बनाया। कुछ साधु-संतों ने कहा कि हिन्दू या तो मरने के लिए तैयार रहें अथवा मारने के लिए।' हथियार धारण करने तक के आह्वान किए गए। दूसरी तरफ कुछ आतंकवादी चेहरों ने हिन्दुओं के 'सरकलम' तक कर दिए और धमकियां अब भी जारी हैं। ओवैसी, मदनी, रज़ा, बर्क सरीखे मुस्लिम नेताओं और मौलाना-मुल्लाओं ने 'हिन्दूवाद' की राजनीति के 'तल्ख और भडक़ाऊ' जवाब दिए हैं। चूंकि सरकारें कोई दंडात्मक या कारगर कार्रवाई नही कर पातीं, लिहाजा न्यायाधीश ने राज्य को 'नपुंसक' ही करार दे दिया है। भारत में मुस्लिम लीग, शिरोमणि अकाली दल, राम राज्य परिषद और हिन्दू महासभा आदि ऐसे राजनीतिक दल आज भी सक्रिय हैं, बाकायदा चुनाव लड़ते हैं।

## नागरिक बोध

# झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से लोगो के जीवन से खिलवाड़

**देश** मे झोलाछाप डॉक्टर इलाज के नाम पर मसमोटी रकम मरीज़ो से ऐंठ रहे है। वही पर बिना डिग्री बंगाली डॉक्टरों का हर गांवो में जमावड़ा होता जा रहा है। छठी पास झोलाछाप डॉक्टर गरीब महिलाओ को कम रकम में डिलेवरी और ऑपरेशन करने का लालच देकर उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस तरह की घटना गांवो में बन रही है। निरक्षर ग्रामीणों का इलाज अधीकतर झोलाछाप ही करते है। अपने अनुभव से देखी परखी दवाइया दी जाती है। गांवो में मरीज़ो के इलाज में कोताही बरतने से कई बार मरीजो की मौत हो जाती है। हर राज्य में झोलाछाप डॉक्टर मौजूद है। इनको एक बार विजिलेंस टीम द्वारा पकड़ा भी जाता है तो उसे छोड़ दिया जाता है। हमारे देश के कानून में सजा का कोई प्रावधान नही है। कोई भी मरीज़ो को दवा देकर इलाज कर सकता है। देश मे महिलाओ को गर्भावस्था में अनचाही संतान के लिए गर्भपात की दवाइयां भी इन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा दी जाती है। चिकित्सा अधिकारी की मिलीभगत से इनको वापस छोड़ दिया जाता है। यह एक राज्य की समस्या नही है। देश के हर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रो में इस तरह के झोलाछाप की भरमार है। इलाज के नाम पर मरीज़ो के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है। मुज्जफरपुर में गर्भाशय के दौरान एक नर्सिंग होम में एक झोलाछाप द्वारा बरियापुर ओपी क्षेत्र के बहादुरपुर गांव की इस घटना से सुनने वाले के रोंगटे खड़े हो गए। एक 25 वर्षीय पिंकी कुमारी की मूत्र नली काट दी गई। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत गंभीर बन गई। उक्त महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सकरा प्रखंड में एक महिला की दोनों किडनी निकालने का मामला सामने आया था। झोलाछाप के झांसे में फंसकर अपनी जान को खतरे में डालने वाले मरीजों को कहा पता होता है कि जो चिकित्सक बनकर इलाज कर रहा है वह तो झोलाछाप है।



# प्रधानमंत्री सना मारिन की सरकार को मिली जबरदस्त हार, दक्षिणपंथी विपक्ष ने हासिल की बड़ी जीत

**हेलसिंकी।**

**फिनलैंड में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री सना मारिन की सरकार को हार झेलनी पड़ी है। दक्षिणपंथी नेता पेटेरी ओरपो के नेतृत्व में नेशनल कोलिशन पार्टी ने मारिन की सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट पार्टी (एसडीपी) को न सिर्फ चुनाव में हराया, बल्कि उसे तीसरे नंबर पर भी धकेल दिया।**

जहां पेटेरी ओरपो की कंजर्वेटिव पार्टी को इस चुनाव में 20.8 फीसदी वोट मिले, वहीं एक और दक्षिणपंथी पार्टी पॉपुलिस्ट फिन्स पार्टी (पीएफपी) को 20.1 फीसदी मत हासिल हुए। वहीं, सना मारिन की पार्टी ने इस चुनाव में अपनी सीटें जरूर बढ़ाईं, लेकिन उनकी पार्टी सिर्फ 19.9 फीसदी वोट ही जुटा पाई।

सना मारिन फिनलैंड में अभी भी सबसे चर्चित नेताओं में बनी हुई हैं। हालांकि, उनकी लोकप्रियता पार्टी को चुनाव में जीत दिलाने के लिए काफी साबित नहीं हुई। कंजर्वेटिव पार्टी की ओर से जीत का दावा किए जाने के ठीक बाद मारिन ने अपनी पार्टी की हार स्वीकार कर ली।

### एग्जिट पोल्स में देखने को मिली थी कड़ी टक्कर

गौरतलब है कि फिनलैंड में एग्जिट पोल्स में तीनों ही पार्टियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही थी। चुनाव के नतीजों में भी यह साफ देखने को मिला। हालांकि, पेटेरी ओरपो की नेशनल कोलिशन पार्टी ने बाकी दोनों दलों पर जबरदस्त बढ़त हासिल कर ली। नतीजों के बाद ओरपो ने कहा कि फिनलैंड के लोग कुछ बदलाव देखना चाहते हैं और मैं इन बदलाव के लिए ही सभी पार्टियों के साथ समझौता करुंगा।

उधर दूसरे नंबर पर रही दक्षिणपंथी फिन्स पार्टी की नेता रीक्का पुर्रा ने एनसीपी को बधाई दी और कहा कि वे अपनी पार्टी के प्रदर्शन पर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव में टॉप करने वाले दल की मुख्य विपक्षी पार्टी बन गई है। चुनाव में सात सीट ज्यादा हासिल करना अपने आप में जबरदस्त नतीजा है।

## न्यूज ब्रीफ

### रूस के कैफे में ब्लास्ट, मशहूर मिलिट्री ब्लॉगर की मौतः खाने के बॉक्स में था विस्फोटक, रूस की एजेंसियां जांच में जुटीं



**मास्को।** रूस के सेंट पीटर्सबर्ग के एक कैफ में ब्लास्ट हो गया। इसमें रूस के मशहूर मिलिट्री ब्लॉगर ब्लादलेन तार्तास्की की मौत हो गई। घटना में 25 लोग घायल हुए हैं। तार्तास्की का रियल नेम मैग्जिम फोमिन था और उसके टेलीग्राम पर 5 लाख से ज्यादा फॉलोअर थे। वे रूस-यूक्रेन जंग की कमेंट्री सुनाने के चलते लोकप्रिय हुए थे। लोकल मीडिया के मुताबिक, यह ब्लास्ट स्ट्रीट फूड बार कैफे नंबर 1 में हुआ है, जिसके मालिक रूस के लिए लड़ने वाली वैगनर प्राइवेट मिलिट्री के फाउंडर येवगेनी प्रिगोजिन थे। रूसी मीडिया के मुताबिक तार्तास्की कैफे में इवेंट के लिए आए थे और कुछ लोगों से मुलाकात कर रहे थे। तभी एक महिला खाने का एक बॉक्स लेकर उनके पास पहुंची और धमाका हो गया। जो संस्था ये कार्यक्रम करवा रही थी उसने इस हादसे पर निराशा जताई है। रूस की इंटीरियर मिनिस्ट्री के सुत्रों के मुताबिक महिला जो बॉक्स लेकर आई थी उसमें खाना नहीं बल्कि स्टैच्यू था, जिसमें बम लगा हुआ था। इस हादसे की कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। पिछले साल जंग शुरू होने के कुछ ही महीनों में रूस ने यूक्रेन के चार राज्यों पर कब्जा कर लिया था। इस पर तार्तास्की ने एक वीडियो पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने कई विवादित बयान दिए थे। उन्होंने कहा था- हम सब को हरा देंगे, सबको मार डालेंगे, जिसे चाहेंगे उसे लूटेंगे। वहीं तार्तास्की की मौत के बाद रूस के विदेश मंत्रालय ने उनको श्रद्धांजलि दी।

### तालिबान का तुगलकी फरमान, रमजान के दौरान बजाया संगीत तो बंद कराया महिला रेडियो स्टेशन



**काबुल ।** तालिबान शासन में अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति दिनों-दिन दयनीय होती जा रही है। अब खबर आई है कि तालिबान ने अफगानिस्तान के उत्तर पश्चिमी इलाके में स्थित एकमात्र महिला रेडियो स्टेशन को बंद करने का आदेश दिया है। तालिबान का आरोप है कि महिला रेडियो स्टेशन से रमजान के पवित्र महीने के दौरान संगीत बजाया गया। हालांकि महिला रेडियो स्टेशन ने इन आरोपों को खारिज किया है। अल जजीरा के हवाले से यह खबर आई है। खबर के अनुसार, अफगानिस्तान का रेडियो स्टेशन सदाई बनोवन बीते दस सालों से संचालित हो रहा था। सादाई बनोवन का अर्थ महिलाओं की आवाज से है। इस रेडियो स्टेशन के आठ कर्मचारियों में से छह महिलाएं थी। उत्तर पश्चिमी प्रांत के सूचना और संस्कृति निदेशक मोएजुद्दीन अहमदी का कहना है कि रेडियो स्टेशन बार-बार इस्लामिक एमिरेट्स के कानूनों का उल्लंघन कर रहा था। रमजान के महीने में संगीत बजाकर भी उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया है। जिसके तहत रेडियो स्टेशन को बंद कर दिया गया है। अहमदी ने ये भी कहा कि अगर रेडियो स्टेशन भविष्य में इस्लामिक एमिरेट्स के कानूनों का पालन करने की गारंटी देता है तो उन्हें फिर से संचालन की अनुमति दी जा सकती है। वहीं महिला रेडियो स्टेशन की मैनेजर रहीं नाजिया सोरोश ने कानून के उल्लंघन के आरोपों को नकारा है और कहा है कि साजिश के तहत उनके रेडियो स्टेशन को बंद किया गया है।

### पूर्व पीएम इमरान खान ने कहा- चुनाव पर बातचीत को तैयार, पर नहीं करूंगा कोई समझौता

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि वह चुनाव पर बातचीत करने के लिए तैयार हैं। इमरान ने कहा, मेरा किसी से कोई संपर्क नहीं है( पीटीआई प्रमुख ने आगे कहा कि वह केवल चुनाव पर बातचीत करेंगे। अगर चुनाव नहीं होते हैं तो बातचीत की कोई जरूरत नहीं है। इमरान खान ने अपना संकल्प दोहराया कि वह भ्रष्टाचारियों और चोरों से बातचीत नहीं करेंगे। पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि 2018 के आम चुनाव में जानबूझकर पीटीआई की सीटें कम की गईं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सुप्रीमो नवाज शरीफ पर चुनाव में देरी के मामले की सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट की बेंच के खिलाफ बयान देने पर निशाना साधा। इमरान ने दावा किया कि अपने निजी लाभ के लिए सुप्रीम कोर्ट को विभाजित करना उनका शौक है। उन्होंने कहा कि पूरा देश सुप्रीम कोर्ट के साथ मजबूती से खड़ा है। वीडियो लिंक के माध्यम से पीटीआई कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए, खान ने चेतावनी दी कि अगर देश संविधान की सर्वोच्चता के लिए खड़ा नहीं होता है तो देश जीवित नहीं रह पाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने शीर्ष अदालत के फैसले को नहीं मानने का एलान किया।

# सबसे मुश्किल दौर में राष्ट्रपति एर्दोगन, सर्वे में विपक्ष के गांधी से पीछे

**तुर्कीये।**

तुर्कीये में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर उठापठत तेज हो गई है। 20 साल के अपने शासन में इस बार राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन को सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। एर्दोगन के खिलाफ संयुक्त रूप से छह विपक्षी दलों ने कमाल किलिकदरोग्लु को अपना प्रत्याशी बनाया है। कमाल किलिकडारोग्लू तुर्किये के गांधी कहे जाते हैं। कमाल तुर्किये में लोगों के हक, सामाजिक न्याय और लोकतंत्र की लड़ाई लड़ते हैं। तुर्किये की मीडिया भी उन्हें कमाल गांधी कहती है। वह महात्मा गांधी की तरह की चश्मा भी पहनते हैं।

ओपिनियन पोल के नतीजे बताते हैं कि एर्दोगन अपने प्रतिद्वंदी कमाल किलिकडारोग्लू से दस अंकों से पीछे चल रहे हैं। पोल सर्वे के अनुसार, एर्दोगन की एकेपी पार्टी और राष्ट्रपति सहयोगी एमएचपी को संसदीय चुनावों में 45 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान है। वहीं, कमाल इससे दस प्रतिशत अधिक अंक से आगे हैं।

### खराब नीतियों के चलते सबसे बुरे दौर में तुर्कीये

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एर्दोगन की खराब आर्थिक नीतियों के चलते देश की स्थिति काफी बदहाल हो चुकी है। महंगाई तेजी से बढ़ रही है। मुद्रास्फीति नियंत्रण से बाहर हो गई है और तुर्कीये की करेंसी लीरा लगातार कमजोर हो रही है। महंगाई दर 57प्रतिशत के करीब है। कॉस्ट ऑफ लिविंग के बढ़ने से जनता परेशान है।

### घर का किराया 19,700 से 131,000 रुपए पहुंचा

तुर्किये में आलम ये है कि घर का किराया भी बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक महिला ने कहा, पिछले साल मैं 4,500 लीरा (करीब 19,700 रुपए) रेंट दे रही थी, लेकिन मेरे मकान मालिक ने कहा कि उसे कीमत बढ़ानी होगी। हमने पेमेंट को दोगुना कर दिया, लेकिन फिर भी हमें फ्लैट छोड़ना पड़ा। तुर्किये में अब रेंट पर मकान तकरीबन 30,000 लीरा (करीब 131,000 रुपए) में मिल रहा है।

एक अन्य नागरिक ने कहा, हम अचानक गरीब हो गए हैं। स्ट्रीट पर महंगाई 600प्रतिशत महसूस हो रही है,



लेकिन पेंशन में बढ़ोतरी केवल 30प्रतिशत है। इस्तांबुल में, एक रेस्तरां मैनेजर, एर्सिन फुआट उलकु ने कहा, अब केवल बहुत अमीर या बहुत गरीब हैं। कोई मिडिल क्लास नहीं है। सरकारी सहायता के बाद भी महंगाई का सामना करना मुश्किल है। यहां भविष्य अंधकार में है।

### एर्दोगन के खिलाफ ये भी लड़ रहे चुनाव

तुर्की के राष्ट्रपति पद के लिए एर्दोगन के खिलाफ कई अन्य प्रत्याशी भी मैदान में हैं। यही कारण है कि एर्दोगन की उम्मीदवारी अन्य के मुकाबले थोड़ी मजबूत हो जाती है। उम्मीदवारों की अंतिम सूची के अनुसार, एर्दोगन को चुनौती देने वाले किलिकडारोग्लू के अलावा मुहर्रम इन्स, जो 2021 में रिपब्लिकन पार्टी (सीएचपी) से अलग हो गए और सिनान ऑर्गन, जो एमएचपी के पूर्व सदस्य हैं, लेकिन अब पांच छोटे राष्ट्रवादी दलों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

गौरतलब है कि 2018 के पिछले चुनाव में इन्स सीएचपी के उम्मीदवार थे क्योंकि उस समय पार्टी ने सोचा था कि उनके पास एर्दोगन को हराने के लिए हल्के-फुल्के किलिकडारोग्लू से बेहतर मौका है। उन चुनावों में इंस को 30.6 फीसदी वोट मिले थे।

उनकी उम्मीदवारी से किलिकडारोग्लू को नुकसान होने की उम्मीद है, क्योंकि उन्हें हजारों वोट मिल सकते हैं जो अन्यथा किलिकडारोग्लू को चले जाते और तुर्की के गांधी के लिए 50 प्रतिशत वोट हासिल करना आसान हो जाता, जो एक उम्मीदवार के लिए आवश्यक प्रतिशत है पहले दौर से अध्यक्ष चुना जाना है।

### यूट्यूबर समेत तीन ब्रिटिश नागरिक तालिबान की हिरासत में, यूके सरकार ने जारी की ट्रेवल एडवाइजरी



**काबुल ।** अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार ने डेंजर टूरिस्ट माइल्स रूटलेज समेत तीन ब्रिटिश नागरिकों को हिरासत में लिया है। अफगानिस्तान की मीडिया के मुताबिक, हिरासत में लिए गए 53 वर्षीय चैरिटी मेडिक केविन कॉर्नवेल और एक अन्य यूके नागरिक हैं। तालिबान के गुप्तचर महानिदेशालय (जीडीआई) ने जनवरी में कॉर्नवेल को अवैध हैंडगन रखने के संदेह में उसके होटल से हिरासत में लिया था। हालांकि, परिवार ने दावा किया कि कॉर्नवेल के पास उसका लाइसेंस था। रूटलेज एक प्रसिद्ध यूटयूब है। वह खतरनाक वीडियो बनाने के लिए विदेशों की यात्रा करते है और सोशल मीडिया पर उन्हें पोस्ट करते है। रूटलेज ने ट्विटर पर कहा, वह मनोरंजन के लिए पृथ्वी पर सबसे खतरनाक जगहों पर जाते है। अफगानिस्तान के अलावा दक्षिण सूडान और यूक्रेन जा चुके है। अफगानिस्तान में यूके के नागरिकों को हिरासत में लेने के मामले को देखते हुए, यूके सरकार ने ब्रिटिश नागरिकों को वहां की सभी यात्रा न करने की सलाह दी। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन के विदेश राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने ब्रिटेन के लोगों को सलाह दी है कि अगर वे कारावास के बढ़े हुए जोखिम के बावजूद अफगानिस्तान की यात्रा करने या वहां रहने का फैसला करते हैं, तो वे लो प्रोफाइल रहें और सावधानी बरतें।

# पीएम सुनक ने की ग्रूमिंग गैंग्स टास्क फोर्स की घोषणा, कहा- महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि, करेंगे सख्त कार्रवाई



**लंदन ।**

**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ग्रूमिंग गैंग्स से निपटने के लिए नए उपायों की घोषणा की। उन्होंने इसके लिए एक नए टास्क फोर्स की घोषणा की है। बच्चों और युवतियों के यौन उत्पीड़न के जिम्मेदार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए इस टास्कफोर्स में विशेषज्ञ अधिकारी भी शामिल होंगे। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक शुद्धता कार्रवाई के रास्ते में नहीं आएगी।**

एक दिन पहले ब्रिटेन की गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने अपने बयान में कहा था कि इस तरह के अपराधों को अंजाम देने वाले गिरोह पुरुषों के हैं और इनमें सभी लगभग ब्रिटिश पाकिस्तानी हैं। लेकिन अधिकारियों ने राजनीति, नस्लवादी और कट्टर कहे जाने के डर से इन संकेतों से आंखें मूंद ली हैं। नए टास्कफोर्स की घोषणा करने से पहले सुनक ने एक बयान में कहा कि उनके लिए महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। नेशनल क्राइम एजेंसी द्वारा समर्थित विशेषज्ञ अधिकारियों के साथ ग्रूमिंग गैंग टास्कफोर्स का गठन किया जाएगा, जो स्थानीय बलों की मदद करेगा और पुलिस जांच में मदद के लिए जातीयता के आंकड़ों के इस्तेमाल की पेशकश करेगा। सुनक ने चेतावनी दी कि राजनीतिक शुद्धता ने हमें बहुत लंबे समय तक बच्चों और युवा महिलाओं को शिकार बनाने वाले घृणित अपराधियों को बाहर निकालने से रोका है। अब हम इन खतरनाक गिरोहों को खत्म करने के लिए किसी को नहीं रोकेंगे। डाउनिंग स्ट्रीट का कहना है कि टास्क फोर्स में ऐसे अधिकारी शामिल होंगे, जिन्हें ग्रूमिंग गैंग की जांच करने का व्यापक अनुभव होगा। वे ग्रूमिंग गिरोहों को जड़ से उखाड़ फेंकने और अपराधियों को सलाखों के पीछे डालने के लिए देश भर में बलों को जरूरी मदद देंगे। डाटा विश्लेषक इन अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियों की पहचान करने के लिए पुलिस-रिकॉर्ड किए गए जातीयता के आंकड़ों और खुफिया जानकारी का उपयोग करके टास्क फोर्स के साथ काम करेंगे।

## चीन में रोमांस के लिए कॉलेजों में छुट्टियां, नवविवाहितों को एक माह अवकाश के साथ मिलेगा वेतन

**बीजिंग ।**

चीन ने गिरती जन्मदर को रोकने के लिए अब एक नई योजना शुरू की है। इसके तहत बीजिंग में कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को रोमांस के लिए स्प्रिंग ब्रेक दिया जाएगा। जिसमें वह अपने प्यार की तलाश पूरी कर सकेंगे और उसके साथ कुछ वक्त बिता सकेंगे। कई कॉलेजों ने छात्रों को अप्रैल के पहले सप्ताह में छुट्टी का एलान भी कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फैन मेई एजुकेशन ग्रुप की ओर से चलाए जा रहे नौ कॉलेजों में से एक मियायांग फ्लाइंग वोकेशनल कॉलेज ने पहली बार 21 मार्च को एक सप्ताह की छुट्टी की घोषणा की गई है। इसमें प्यार ढूंढने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे पहले चीन ने नव विवाहितों के लिए भी एक महीने तक वेतन सहित अवकाश की योजना का एलान किया था। इसी तरह अन्य कॉलेजों ने भी एक से 7 अप्रैल के बीच छुट्टी का एलान किया है। लियांग गुओहुई मियायांग फ्लाइंग वोकेशनल कॉलेज के डिप्टी डीन ने एक बयान में कहा, मुझे उम्मीद है कि छात्र हरियाली और पहाड़ों को देखने जा सकते हैं और वसंत को महसूस



कर सकते हैं। यह न केवल छात्रों की भावनाओं को विकसित करेगा, बल्कि उनके अंदर प्रकृति के प्रति प्रेम को भी विकसित करेगा। इसके साथ ही कक्षा में वापस लौटने पर उनकी शैक्षिक क्षमता को और समृद्ध और गहरा करेगा।

कॉलेजों ने इन छुट्टियों के दौरान छात्रों को पूरा ब्योरा देना होगा। सभी छात्रों को निर्देश दिए गए हैं कि छुट्टियों के दौरान उन्हें डायरी में अपने अनुभव और कार्य को जरूर लिखना है। इसके साथ ही व्यक्तिगत विकास पर नजर रखना और अपनी यात्रा पर वीडियो भी बनाना शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार के निर्देश पर कॉलेज प्रशासन के ये प्रयास जन्म दर को बढ़ावा देने के तरीके खोजने से प्रेरित हैं।

# मैगजीन के फ्रंट कवर पर दिखीं फ्रांस की ये खूबसूरत मंत्री मार्लीन शियापा , सरकार से लेकर सड़क तक हो गया बवाल

**पेरिस।**

**मैगजीन के कवर पेज पर आना फ्रांस की एक मंत्री के लिए मुसीबत बन गई है। इस वजह से इमैनुएल मैक्रों की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही हैं। दरअसल, पुरुषों की लाइफस्टाइल मैगजीन प्लेबॉय ने कवर पेज पर फ्रांस की मंत्री मार्लीन शियापा को जगह दी थी। इस वजह से विवाद बढ़ गया है। शियापा मैक्रों सरकार में सामाजिक अर्थव्यवस्था और संघ मामलों की मंत्री हैं। मैगजीन में मंत्री ने महिला सशक्तिकरण से लेकर समलैंगिकों के अधिकार और गर्भपात जैसे मुद्दों पर अपने विचार रखे थे।**

इसी को कवर करते हुए मैगजीन ने शियापा को कवर पेज पर जगह दी थी, जिसमें उन्होंने सूट पहना



हुआ था।

### शियापा को क्यों झेलना पड़ा रहा विरोध

दरअसल, जिस प्लेबॉय मैगजीन के फ्रंट कवर पर शियापा की तस्वीर आई है, उसकी लोकप्रियता की एक बड़ी वजह इसका फ्रंट कवर ही रहा है। जिसे लेकर कई बार विवाद उठे हैं। ऐसे में इस मैगजीन में फ्रांस की एक मंत्री के आने को कई लोगों ने शर्मिंदगी का कारण बताया है। बीते कुछ महीनों से फ्रांस सरकार के खिलाफ जारी प्रदर्शनों के बीच एक मंत्री का इस तरह मैगजीन में आना उनके कुछ साथियों से लेकर विपक्षी पार्टियों को भी पसंद नहीं आया है और शियापा को जनता के विरोध का सामना करना पड़ा है।

### मंत्री ने ट्वीट कर दिया जवाब

प्लेबॉय मैगजीन के कवर को सोशल मीडिया पर शेयर कर मार्लेन ने लिखा- महिलाओं का अपने शरीर पर पूरा अधिकार है, वो अपने शरीर के साथ कुछ भी करने को स्वतंत्र हैं। प्लेबॉय मैगजीन के कवर पर आने के मामले में अपना बचाव करते हुए उन्होंने लिखा कि फ्रांस में महिलाएं आजाद हैं, इससे पिछड़ी सोच वालों को दिक्कत है तो होती रहे।

### पहली बार 1953 में छपी थी प्लेबॉय मैगजीन

1953 में शुरू हुई प्लेबॉय मैगजीन के संस्थापक संस्थापक ह्यू हेफनर थे, जिनका 2017 में 91 साल की उम्र में निधन हो गया था। मैगजीन अपनी बोल्ड तस्वीरों के लिए चर्चित है। हेफनर ने अपने किचन से मैगजीन का प्रकाशन शुरू किया था। दुनिया में पुरुषों के बीच सबसे अधिक बिकने वाली मैगजीन प्लेबॉय ही है।

# आत्मसमर्पण करेंगे डोनाल्ड ट्रंपः न्यूयॉर्क में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात, सड़कें ब्लॉक

**न्यूयॉर्क ।**

**अभियोजकों के सामने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संभावित आत्मसमर्पण को लेकर न्यूयॉर्क पुलिस ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पुलिस ने ट्रंप टॉवर के चारों ओर मेटल बैरिकेडिंग की है। इसके अलावा मैनहट्टन आपराधिक न्यायालय के पास सड़कों को ब्लॉक कर दिया है। पूर्व राष्ट्रपति को कोर्टहाउस में पेश किया जाना है।**

बता दें कि ट्रंप पर एक पोर्न स्टार को भुगतान करने का आरोप सिद्ध हुआ है। एक ग्रैंड जूरी जांच ने उनके खिलाफ अभियोग की मंजूरी दी थी। ऐसे में वह आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं।

रिपब्लिकन सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन सहित शीर्ष समर्थकों का कहना है कि वे विरोध करने के लिए मंगलवार को न्यूयॉर्क जाएंगे। अदालत के एक अधिकारी ने कहा कि डाउनटाउन कोर्टहाउस, आपराधिक और सर्वोच्च न्यायालयों का घर, ट्रंप की अपेक्षित उपस्थिति से पहले कुछ अदालतों को बंद कर देगा।

### शहर के लिए कोई विश्वसनीय खतरा नहीं

न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति के संभावित आत्मसमर्पण को लेकर शहर के लिए कोई विश्वसनीय



खतरा नहीं था। ऑनलाइन उग्रवाद पर नजर रखने वाले साइट इंटेलिजेंस ग्रुप के मुताबिक, कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी एल्विन ब्रैग और जूरी को बुलाया है, जिसने ट्रंप को फांसी देने का आरोप लगाया था।

ट्रंप के पिछला चुनाव जीतने का झूठा दावा करने के बाद, उनके समर्थकों ने छह जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल बिल्डिंग पर धावा बोल दिया, जिससे एक घातक दंगा भड़क गया था। हालांकि, ट्रंप के कई समर्थकों ने ऑनलाइन सार्वजनिक प्रदर्शनों के बारे में चेतावनी दी है। ट्रंप ने भी उनका अह्वान किया है। लेकिन, उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

एनवाईपीडी ने एक बयान में कहा, विभाग जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करने के लिए तैयार है और ये सुनिश्चित करेगा कि हर कोई शांतिपूर्वक अपने अधिकारों का प्रयोग करने में सक्षम हो। ट्रंप के एक सलाहकार ने कहा कि मंगलवार की सुबह अदालत में पहुंचने से पहले ट्रंप के फ्लोरिडा से न्यूयॉर्क जाने और ट्रंप टॉवर में रात बिताने की उम्मीद है।

### कितने लोग पहुंचेंगे ये साफ नहीं

आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे पूर्व राष्ट्रपति का तमाशा बड़े पैमाने पर मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए निश्चित था, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि क्या उनकी उपस्थिति बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को आकर्षित करेगी। जबकि ट्रम्प एक मूल न्यू यॉर्कर हैं, उन्हें अपने गृहनगर में अधिक वोट नहीं मिले - शहर के 23प्रतिशत लोगों ने उन्हें 2020 में और 18प्रतिशत ने 2016 में वोट दिया था।

अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प के दोपहर 2: 15 बजे कोर्ट पहुंचने की उम्मीद हैं। इससे कुछ ही समय पहले कोर्टहाउस की ऊपरी मंजिलों के कोर्ट रूम दोपहर 1 बजे बंद हो जाएंगे। अधिकारी ने यह भी कहा कि कोर्टहाउस से सड़क के पार एक इमारत में कई अदालती मामलों को स्थगित कर दिया जाएगा।

# प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराध और अराजकता चरम पर : सीपी जोशी



**जयपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराध, अराजकता चरम पर है। राज्य सरकार की गलत, जन विरोधी नीतियों, बिजली विभाग की मनमानी, चिकित्सालयों की अव्यवस्थाओं, किसानों को ऋण नहीं मिलने के कारण हो रही परेशानियां, युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध नहीं होने से उत्पन्न बेरोजगारी, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के ऊपर बढ़ रही आपराधिक घटनाओं, कर्मचारियों की परेशानियों, जर्जर सड़क व्यवस्था एवं दम तोड़ती कानून व्यवस्था से राजस्थान का आम जन परेशान है। हम सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर राजस्थान की गूंगी, बहरी सरकार को राजस्थान से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। राजस्थान भाजपा का एक एक कार्यकर्ता राजस्थान की सोई हुई सरकार को जगाने का काम करेंगे। जोशी सोमवार को कोटा जाते समय टोंक में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले टोंक आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराणा, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वे नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं के योगदान को वे अपनी प्रेरणा का स्त्रोत मानते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पबद्ध है। राजस्थान के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हम आठ माह बाद भ्रष्टाचारी सरकार को हटाकर राजस्थान में सरकार बनाएंगे। इस मौके पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश चंदेल, गणेश माहुर, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह, लक्ष्मी जैन, नरेश बंसल, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पंजाब में पायलट प्रोजेक्ट के तहत चार शहरों में सीएम की योगशाला शुरू

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** दिल्ली में मुख्यमंत्री की योगशाला बंद होने के बाद पंजाब की आम आदमी पार्टी (आआप) की सरकार ने मुख्यमंत्री योगशाला शुरू कर दी है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पंजाब के चार शहरों से इस योजना की शुरुआत की जा रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को राज्यवासियों के नाम जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि योग हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है। वह खुद भी रोजाना योग करते हैं। भगवंत मान ने कहा कि अब पंजाब में मुख्यमंत्री की योगशाला शुरू की जा रही है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह योगशाला अमृतसर, पटियाला, लुधियाना तथा फगवाड़ा में शुरू की जा रही है। इसके बाद इसका विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पंजाब वासियों को योगा शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति एक समूह बनाने के बाद फोन करके संबंधित विभाग को सूचित कर सकता है। इसके बाद पंजाब सरकार द्वारा उनके बताए हुए स्थान पर मुख्यमंत्री की योगशाला शुरू करवाई जाएगी।

## अपनी मांगों को ले पूर्व सैनिकों ने सौंपा ज्ञापन



**रेवाड़ी ( हिंस )।** वन रैंक-वन पेंशन, मिलिट्री सर्विस-पे सहित विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को पूर्व सैनिकों ने शहर में रोष मार्च निकाल कर ज्ञापन सौंपा। पूर्व सैनिक दिल्ली रोड स्थित रेजांगला शौर्य स्मारक से प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री के नाम का ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। जिला के पूर्व सैनिकों ने कहा कि जिला रेवाड़ी को सैनिकों की खान कहा जाता है। उन्होंने वन रैंक-वन पेंशन में जवान, जेसीओ, ऑनरेरी रैंक के साथ भेदभाव के आरोप भी लगाए। पूर्व सैनिक रोष मार्च निकालते हुए जिला सचिवालय में पहुंचे। उन्होंने कहा कि ओआरओपी में जवानों के साथ हुए भेदभाव के चलते 20 फरवरी से जंतर-मंतर दिल्ली में धरना-प्रदर्शन लगातार चल रहा है तथा यूनाइटेड फ्रंट ने यह फैसला लिया है कि तीन अप्रैल को पूरे देश के सभी जिलों के पूर्व सैनिक, सिपाही से लेकर ऑनरेरी रैंक तक अपने-अपने जिलों में संगठित होकर संबंधित उपायुक्त के माध्यम से देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने का आह्वान किया गया था। पूर्व सैनिकों ने जिला सचिवालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## विकास-कार्यों पर पूरा फोकस किया गया है : मुख्यमंत्री

**भिवानी ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार ने पिछले आठ साल में व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। प्रयास है कि लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से मिले, इसके लिए हर क्षेत्र में पारदर्शिता रखी जा रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को भिवानी जिले के गांव बलियाली में बाबा बंदा बहादुर सिंह सभा स्थल पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य ढंग से मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा हरियाणा उनका परिवार है और वे परिवार के मुखिया के नाते अपने परिवार के हर सदस्य को सहयोग देने के लिए सजग हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में विकास कार्यों पर पूरा फोकस किया गया है और किसी भी विकास योजना के क्रियान्वयन में धन की कमी नहीं आने दी जा रही। जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग अनुरूप गांव के ही नहीं, बल्कि प्रदेश के सभी खालों व माइनर के नवीनीकरण व सुधारीकरण के निर्देश सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्रामीणों की सामूहिक समस्याओं को सुना और समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## नवजोत सिद्धू की सुरक्षा में कटौती अब वाई प्लस श्रेणी की मिलेगी सुरक्षा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने सोमवार को एक अहम फैसला लेते हुए पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिद्धू की सुरक्षा में कटौती कर दी है। सिद्धू को अब वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। दरअसल, नवजोत सिंह सिद्धू को जेल जाने से पहले जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई थी। पंजाब सरकार पिछले समय के दौरान प्रदेश के सभी नेताओं की सुरक्षा का रिव्यू कर चुकी है। सिद्धू के जेल में होने के कारण उनकी सुरक्षा का रिव्यू नहीं किया गया था। अब सिद्धू 1 अप्रैल को जेल से बाहर आ चुके हैं। सोमवार को पंजाब के गृह सचिव ने एक आदेश जारी करके नवजोत सिंह सिद्धू को दी गई जेड प्लस सुरक्षा को वापस ले लिया है। अब उन्हें अब वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी। सिद्धू के साथ पहले 25 सुरक्षा कर्मियों का दल चलता था अब वाई प्सल के तहत सिद्धू के साथ 12 सुरक्षाकर्मी रहेंगे। इसके अलावा वह जहां जाएंगे, वहां उन्हें लोकल पुलिस की पायलट गाड़ी भी मिलेगी। पंजाब सरकार ने नवजोत सिद्धू की सुरक्षा कम करने का फैसला ऐसे समय में लिया, जब वह सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता से मुलाकात करने के लिए उनके गांव जा रहे हैं। पंजाब में सिद्धू मूसेवाला की मौत के बाद भी विपक्ष ने कम की गई सुरक्षा को जिम्मेदार ठहराया था।

## बाल विवाह रोकने को सरपंचों, निगम पार्षदों का सहयोग लेगा महिला आयोग



**गुरुग्राम ( हिंस )।** सोमवार को गुरुग्राम में डिस्ट्रिक्ट प्रोटेक्शन कम प्रोहिबिशन ऑफिसर्स की राज्य स्तरीय बैठक में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कहा कि प्रदेश में बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के लिए आयोग सरपंचों, निगम पार्षदों का सहयोग लेगा। आयोग जल्द ही प्रदेश के सभी सरपंचों के साथ बैठक करने जा रहा है। बैठक में डिस्ट्रिक्ट प्रोटेक्शन कम प्रोहिबिशन ऑफिसर्स को फील्ड में आने वाली चुनौतियों व कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधारों पर भी चर्चा हुई। बैठक में जिलावार बीते एक वर्ष के दौरान आयोग के कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में डिस्ट्रिक्ट प्रोटेक्शन कम प्रोहिबिशन ऑफिसर्स ने अपने विचारों, मुद्दों और चुनौतियों को सांझा किया। आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने आगे कहा कि प्रदेश में पढ़ी-लिखी पंचायतों व उनमे 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी होने के चलते हमारी सामाजिक जिम्मेदारी बनती है कि हम बाल विवाह जैसी कुरीतियों से मिलकर लड़ें। अध्यक्ष रेनू भाटिया ने बैठक में बताया कि मार्च माह में फरीदाबाद के सूरजकुंड में राष्ट्रीय महिला आयोग की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में आयोग की जिलावार टीम की चुनौतियों पर गहन मंथन किया गया। इसी क्रम में यहां की बैठक में प्रदेश के सभी जिलों में आयोग की कार्यप्रणाली व उसमे किए जाने वाले आवश्यक सुधारों का मॉड्यूल तैयार कर राष्ट्रीय महिला आयोग को भेजा जाएगा। रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा में नारी शक्ति को उनके अधिकारों, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ व बाल विवाह जैसे विषयों के प्रति जागरूक करने के लिए निरन्तर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग प्रदेश के स्कूलों में छठी कक्षा से छात्राओं के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। जिसमें उन्हें साइबर क्राइम व बाल विवाह सहित उनके अन्य अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हरियाणा में कुल 75 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जोकि देश में सर्वाधिक थे। जागरूकता कार्यक्रम के इंडेक्स में महाराष्ट्र प्रदेश 27 कार्यक्रम के साथ दूसरे स्थान पर था। उन्होंने बताया कि आयोग ने वर्ष 2023-24 में 100 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## जयपुर बम ब्लास्ट के आरोपी कांग्रेस सरकार की कमजोर पैरवी से बरी : डॉ. चतुर्वेदी



**जयपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने जयपुर बम ब्लास्ट के आरोपितों के बरी होने पर कांग्रेस सरकार पर मौखिक हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हाईकोर्ट में कांग्रेस सरकार की कमजोर पैरवी के कारण फांसी की सजा पाए आरोपी बरी हो गए। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण के चलते वर्ग विशेष को खुश करने के लिए कांग्रेस सरकार की ओर से इस मामले में कमजोर पैरवी की गई। इसके लिए प्रदेश के मुखिया जो स्वयं गृह मंत्री भी है, जिम्मेदार है। भाजपा ने मांग की है कि सरकार हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ तत्काल सुप्रीम कोर्ट में अपील करें। वरिष्ठ वकील इसमें सरकार की ओर से खड़े किए जाएं। डॉ. चतुर्वेदी सोमवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 13 मई 2008 जयपुर लहूलुहान हुआ था। यह मानवता पर हमला था। गुनहगारों ने जाति धर्म भी नहीं देखा था। कोर्ट ने भी जांच में कमियां निकालते हुए बरी कर दिया। सारा देश जानना चाहता है कि रकबर मॉब लिंचिंग होता है, तो जयपुर के वरिष्ठ वकील को स्पेशल अपाइंटमेंट करके हर तारीख पर भेजा जाता है। फूल मोहम्मद की हत्या के मामले में भी सरकार स्पेशल पीपी नियुक्त करती है। लेकिन जयपुर में 71 लोग मारे जाते हैं तो कोर्ट में राजस्थान सरकार की ओर से वकील खड़े ही नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सरकार थी, इन्ही तथ्यों और जांच के आधार पर निचली अदालत से आरोपियों को फांसी की सजा सुनवाई थी। आज जनता जानना चाहती है कि ऐसा क्या कारण रहा है कि राजस्थान छोटे-छोटे मामले में लाखों रुपए देकर सुप्रीम कोर्ट के बड़े- बड़े वकील खड़े कर देती है। लेकिन इस मामले में 48 पेशियां हुई और कई पेशियों पर सरकार की ओर से कोर्ट में कोई खड़ा ही नहीं हुआ। सरकार की लचर पैरवी के कारण जयपुर को छलनी करने वाले दुर्दांत आतंकवादी बरी हो गए। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि सचिन पायलट और विधायकों के संघर्ष में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी आ सकते हैं।

## हरियाणा की सभी अदालतों में हिंदी में कामकाज शुरू

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा की जिला अदालतों एवं अधीनस्थ अदालतों में आज (सोमवार) से हिंदी भाषा में कामकाज शुरू होगा। प्रदेश में राजभाषा संशोधन कानून एक अप्रैल से प्रभावित हो गया है। दो दिन अवकाश के बाद आज अदालतें खुल रही हैं। विधानसभा ने तीन साल पहले अदालतों में हिंदी में कामकाज करने के लिए अधिनियमित किया था। इस अधिनियम का नाम हरियाणा राजभाषा (संशोधन) कानून 2020 है। सूचना, लोक जनसंपर्क और भाषा विभाग के तत्कालीन प्रधान सचिव ने नौ दिसंबर 2022 को राजभाषा संशोधन कानून की धारा 1(2) में इसे लागू करने की तारीख एक अप्रैल, 2023 निर्धारित की थी। कुछ लोगों ने इस कानून को 2020 में सुप्रीम कोर्ट और फिर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि दोनों अदालतों ने इस पर स्टे नहीं दिया। जून 2020 में भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश शरद बोबडे ने याचिका पर सुनवाई के दौरान मौखिक तौर पर यह टिप्पणी जरूर की थी कि अदालतों में हिंदी भाषा लागू करने में किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने नौकरी के बहाने विपक्षी दलों पर किया कटाक्ष

**भिवानी ( हिंस )।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को भिवानी के गांव धनाना में सरकारी विपक्षी दलों के नेताओं पर कटाक्ष किया है। मुख्यमंत्री से गांव धनाना में जब एक व्यक्ति ने नौकरी का जिक्र किया तो मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में बगैर पढ़े-लिखे कोई सरकारी नौकरी नहीं लग पाएगा। उन्होंने कहा कि जो राजनेता अपने हल्के में लोगों को सरकारी नौकरी देने की बात कहते थे, वह 10 साल की सजा काटकर आए हैं तथा दूसरा अभी तैयार बैठा है। मुख्यमंत्री की सार्वजनिक मंच से यह बयानबाजी कई अर्थ निकालती है। मुख्यमंत्री ने जनसंवाद के दौरान नौकरियों को लेकर विपक्ष को घेरते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में पारदर्शिता से सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं, जिसके चलते प्रदेश के युवाओं में पढ़ाई को लेकर क्रेज बढ़ा है। गांव धनाना में एक व्यक्ति ने कहा कि वह हरियाणा पुलिस की नौकरी बगैर पैसे दिए लगा है, जिसका श्रेय राज्य सरकार की पारदर्शी नीति को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ सालों के दौरान उनकी सरकार ने एक लाख सरकारी नौकरियां दी हैं। अकेले धनाना गांव के 99 युवाओं को नौकरियां मिली हैं। एक अन्य युवक द्वारा जब एमपीएचडब्ल्यू पुरूष वर्ग की नौकरियां सीईटी के तहत शामिल करने की बात कही गई तो मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि यदि वर्तमान में चल रही सीईटी की 35 हजार की भर्ती में कोई नई पोस्ट को शामिल करते हैं, तो पूरी भर्ती रद्द हो सकती है। इसीलिए वह युवाओं को भ्रम में नहीं रखेंगे, बल्कि आवश्यकता के अनुसार आने वाले समय में एमपीएचडब्ल्यू पुरूष वर्ग की भर्ती की जरूरत रहेगी, तो जरूरत नौकरी निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हर वर्ष सीईटी व ग्रुप डी का पेपर लिया जाएगा और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते रहेंगे।

## भगवान महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



**उदयपुर ( हिंस )।** *त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की* जयघोष के साथ सोमवार को उदयपुर शहर में सकल जैन समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। चैत्र शुक्ल त्रयोदशी पर मनाई जाने वाली भगवान महावीर की जयंती पर इस बार उल्लास द्विगुणित नजर आया। सकल जैन समाज उदयपुर की प्रतिनिधि संस्था महावीर जैन परिषद के तत्वावधान में श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2622वें जन्म कल्याणक महोत्सव की भव्य शोभायात्रा नगर निगम प्रांगण से दिकंबर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत द्वारा ध्वजारोहण के साथ प्रारम्भ हुई। शोभायात्रा नगर निगम प्रांगण से प्रारंभ होकर सूरजपोल, बापूबाजार, देहलीगेट, मंडी की नाल, भडभूजा घाटी, घण्टाघर, मोती चौहट्टा, हाथीपोल, अश्विनी बाजार, देहलीगेट होते हुए पुन: नगर निगम प्रांगण पहुंचकर सम्पन्न हुई। यहां पर महावीर जैन परिषद की ओर से प्रभावना वितरित की गई। महावीर जैन परिषद के मुख्य संयोजक राजकुमार फत्तावत ने बताया कि शोभायात्रा में सबसे आगे एस्कोर्ट जीप रूट क्लीयर करते हुए थी जिसमें चार बच्चे मिलिट्री की यूनिफॉर्म में देशभक्ति का संदेश देते हुए चलेंगे। उसके बाद 1500 से अधिक दुपहिया वाहन पर 3 हजार से अधिक युवक व युवतियां हाथों में जैन ध्वज लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए। उसके बाद एक गजराज, 10 घोड़ों पर सवार केसरियां सांफा पहने, उसके पश्चता खुली जीप में जैन प्रतीक, जैन भजनों से स्वर लहरियां बिखेरता बैंण्ड, पावा पुरी रथ चला। इसके बाद विभिन्न विषयों पर बनाई गई झांकियां, उसके बाद विभिन्न विद्यालय के बच्चे, झांकियां व बैंड, उसके बाद सप्तकिरण रथ चला। उसके बाद जैन समाज के विभिन्न समाज व संगठनों के हजारों श्रावक-श्राविकाएं, उनकी झांकियां और समाज के बैंड शामिल रहे। महावीर जैन परिषद के कोषाध्यक्ष कुलदीप नाहर ने बताया कि शोभायात्रा के मार्ग में समाजजनों द्वारा जगह-जगह 108 तोरणद्वार बनाकर शोभायात्रा एवं वाहन रैली का स्वागत किया गया। मार्ग में शीतल पेय, फल आदि का भी वितरण किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न समाज, संगठनों एवं विद्यालयों की पर्यावरण, स्वच्छ भारत अभियान, भगवान महावीर के सिद्धांत, देशभक्ति, जल संरक्षण, सेवा एवं परोपकार, नशामुक्ति, शाकाहार, सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम व महिला सशक्तीकरण विषय पर आधारित झांकियां शामिल थी।

## आदित्य एल-1 को लांच करने की तैयारियां अंतिम चरण में




**उदयपुर ( हिंस )।** अगले तीन माह में देश को अंतरिक्ष विज्ञान को लेकर एक और खुशखबरी मिलने वाली है। आदित्य एल-1 को लांच करने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और सब कुछ ठीक रहा तो अगले तीन माह में उसे अंतरिक्ष में स्थापित कर दिया जाएगा। यह जानकारी प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद तथा अंतरिक्ष आयोग के सदस्य, इसरो के पूर्व अध्यक्ष, अंतरिक्ष विभाग के पूर्व सचिव, पीआरएल प्रबंध परिषद के अध्यक्ष पद्मश्री एएस किरण कुमार ने सोमवार को यहां उदयपुर में दी। किरण कुमार उदयपुर सोलर ऑब्जर्वेटरी (यूएसओ) के तत्वावधान में यहां शुरू हुई तीन दिवसीय सौर भौतिकी कार्यशाला *बहु-स्तरीय सौर परिघटनाएं :* वर्तमान क्षमताएं और भावी चुनौतियां (यूएसपीडब्ल्यू -2023) के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तक हम धरती से अलग-अलग स्थानों से 12-12 घंटे ही सूर्य पर होने वाली ग्रहीय गतिविधियों का अध्ययन कर पाते थे, आदित्य एल-1 को अंतरिक्ष में ऐसी जगह स्थापित किया जाएगा जहां से सूर्य पर होने वाली घटनाओं पर 24 घंटे अध्ययन किया जा सकेगा। आदित्य एल-1 की कक्षा पृथ्वी और सूर्य से दूरी की तुलना में पृथ्वी से यदि 1 प्रतिशत रहेगी तो सूर्य से 99 प्रतिशत। उन्होंने कहा कि उदयपुर स्थित सौर वेधशाला की भूमिका भी इस मिशन में महत्वपूर्ण रहेगी। सूर्य से आने वाली रेडियो विकिरणों का ऑब्जर्वेशन इसी वेधशाला के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने आदित्य एल-वन के फायदों को लेकर बताया कि सूर्य से विकिरणों के साथ पार्टिकल्स भी आते हैं जिन्हें *सोलर विंड* कहा जाता है। अलग-अलग तरह की सोलर विंड पृथ्वी के वायुमण्डल पर भी अलग-अलग प्रभाव डालती होंगी, इसका अध्ययन कर फायदे और नुकसान पर शोध किए जा सकेंगे। यदि नुकसानदेह सोलर विंड की जानकारी कुछ समय पूर्व हमें हो जाती है तब उसके समाधान के लिए हमारे पास कुछ वक्त होगा और बड़े नुकसान से बचने का प्रयास किया जा सकेगा। भारत में निकटवर्ती अंतरिक्ष मिशन के संबंध में उन्होंने बताया कि चंद्रयान-थ्री और एक्सपोसेट की तैयारी इसी साल की है। चंद्रयान-2 में लैंडर में जो तकनीकी समस्याएं आई थीं, उनमें सुधार कर लिया गया है और नया लैंडर तैयार है। इन दो मिशन के बाद जापान के साथ एक लूनार कार्यक्रम प्रस्तावित है जिस पर आरंभिक मंथन चल रहा है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक अहमदाबाद भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के निदेशक प्रोफेसर अनिल भारद्वाज ने स्वागत उद्बोधन दिया और उदयपुर सौर वेधशाला की उपलब्धियों तथा आने वाले समय में होने वाले तकनीकी विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लद्दाख की पेंगोंग झील किनारे स्थापित हो रही प्रयोगशाला को तैयार करने की आरंभिक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उदयपुर सौर वेधशाला को दी गई है। इस मौके पर स्पेस वेदर विज्ञानी डी. पालमराजू व हाइड्रोलॉजिस्ट आरडी देशपाण्डे ने भी विचार रखे। कार्यशाला संयोजक प्रो. भुवन जोशी ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला में अंतरिक्ष विभाग, आईआईटी सहित देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों के 75 शीर्ष सौर व अंतरिक्ष वैज्ञानिक पहुंचे हैं। संयोजक एवं मीडिया समन्वयक डॉ. रमित भट्टाचार्य ने बताया कि कार्यशाला मे सूर्य पर अनुसंधान की वर्तमान स्थिति, सक्रियता, बदलाव और अंतरिक्ष मौसम आदि विषयों पर गहन चर्चा होगी। आदित्य एल-1 सौर मिशन सहित भारत के भविष्य के सौर मिशनों पर एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार होगा।


**NOTICE INVITING RE-TENDER**

**No-DWT (T)-17/CSS-(BARAK) /2016-17/ Pt-I/ 07**

The Directorate of Inland Water Transport, Govt. of Assam invites Notice Inviting RE-Tender (NIT) in two bid system from reputed, well experienced and capable shipbuilders for Construction of 15(fifteen) nos. 17.0m long steel Floating Terminals at 15 ghat point on the river Barak (NW-16) under 100% Central Sector Scheme. The approved Project cost of the scheme is **Rs. 6.3691 crore** only (Rupees Six crore thirty six lakh ninety one thousand) only. Complete NIT document will be available on website of IWT, Assam http://iwtdirectorate.assam.gov.in and www.assamtenders.gov.in. Intending tenderers are required to register at portal of **e-tender** of the Assam Govt. www.assamtenders. gov.in and participate through the online tender portal only.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Publishing date of the tender in e-portal | 05-04-2023 |
| 2. | Date of downloading tenders | 07-04-2023 |
| 3. | Last date and time of submission of Tender | 29-04-2023 (at 14.00 Hrs) |
| 4. | Date and time of opening of tender | 29-04-2023 (at 15.30 Hrs.) |

*Janasanyog /C/177/23*

Director, IWT Assam
Ulubari, Guwahati-7




# सर्वर डाउन होने से ऑनलाइन और यूपीआई सेवाएं प्रभावित, ग्राहक हो रहे परेशान

**नई दिल्ली।**
भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कई ग्राहकों को नेट बैंकिंग और यूपीआई सेवा के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई एसबीआई उपयोगकर्ताओं ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर बैंक सर्वर धीमी होने के कारण हो रही परेशानी के बारे में बताया है। इन ट्वीट्स में लोगों ने सर्वर डाउन और नॉन-रिस्पॉन्सिव होने की बात कही है। एसबीआई की जो सेवाएं प्रभावित हैं उनमें नेट बैंकिंग, यूपीआई भुगतान और आधिकारिक एसबीआई ऐप (योनो) शामिल हैं। इससे पहले एक अप्रैल को भी एसबीआई की ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित रही थी।

**एक अप्रैल को भी आई थी ऑनलाइन सेवाओं में परेशानी** - इससे पहले 1 अप्रैल, 2023 को एसबीआई ने सर्वर रखरखाव की सूचना दी थी। वार्षिक समापन गतिविधियों के कारण सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। इंटरनेट बैंकिंग, योनो और यूपीआई सेवाओं को बाधित रहने की बात कही गई थी। भारतीय स्टेट बैंक ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी।

**एसबीआई ग्राहक रहे परेशान** - देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नेट बैंकिंग समेत कई सेवाएं ठप हैं। कई उपभोक्ताओं ने फंड ट्रांसफर में आने वाली दिक्कतों की शिकायत भी की है। बता दें कि एसबीआई की इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के अलावा यूपीआई और योनो ऐप से जुड़ी सेवाएं भी काम नहीं कर रही हैं।

**ग्राहकों ने की लेन-देन में हो रही परेशानी की शिकायत** - एसबीआई का सर्वर डाउन होने के कारण हो रही परेशानियों के बारे में कई ग्राहकों ने शिकायत कही है। कई ग्राहकों ने बताया है कि उनके क्रेडिट कार्ड पेमेंट तक नहीं हो पा रहे हैं। बैंक की वेबसाइट पर मैसेज दिख रहा है। वैश्विक स्तर पर बैंक सर्वरों में होने वाली दिक्कतों को ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउन डिटेक्टर ने भी एसबीआई की सेवाओं में आ रही दिक्कतों के संबंध में ट्वीट किया है। भारतीय स्टेट बैंक के एक यूजर ने ट्वीट करते हुए कहा है कि एसबीआई का पूरा पेमेंट गेटवे पिछले 32 घंटों से काम नहीं कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीपीएफ व सुकन्या स्कीम में मिलेगा अधिकतम ब्याज का लाभ,करें निवेश




**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष की शुरुआत हो चुकी है और यदि आप अपने पर्सनल फाइनेंस को बेहतर तरीके से मैनेज करना चाहते हैं तो आज से ही आप उसकी शुरुआत कर दें। हाल ही में सरकार ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स पर ब्याज की घोषणा की है। बढ़ती महंगाई के दौर में हमें उम्मीद थी कि सरकार स्मॉल सेविंग स्कीम्स में ब्याज की बढ़ोतरी करेगी। हमारी उम्मीद के अनुसार सरकार ने अधिकतम स्मॉल सेविंग्स स्कीमों पर ब्याज में बढ़ोतरी तो की है परंतु साथ ही सरकार ने पीपीएफ पर मिलने वाले ब्याज में कोई परिवर्तन नहीं किया है। ब्याज में कोई बढ़ोतरी नहीं होने के बावजूद भी पीपीएफ स्कीम का आकर्षण अभी भी बना हुआ है। स्मॉल सेविंग स्कीम्स में पीपीएफ स्कीम के शुरू से ही लोकप्रिय रहने का प्रमुख कारण यह है कि इस स्कीम पर मिलने वाला ब्याज पूर्णतः कर मुक्त है। स्मॉल सेविंग स्कीम में केवल दो ही स्कीम ऐसी है जिन पर मिलने वाला ब्याज कर मुक्त है। पहेली पीपीएफ एवं दूसरी सुकन्या समृद्धि स्कीम। पीपीएफ में अप्रैल जून तिमाही में 7.1प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर ही यथावत रखी है। परंतु सुकन्या समृद्धि स्कीम में वार्षिक ब्याज दर बढ़ाकर 8प्रतिशत कर दी गई है। सरकार ने तो पीपीएफ के ब्याज पर कोई बढ़ोतरी नहीं की है परंतु यदि हम एक छोटा सा कार्य कर लें तो हम पीपीएफ एवं सुकन्या समृद्धि स्कीम पर अधिकतम ब्याज कमा सकते हैं।

### अब दुनिया की सबसे बड़ी फास्ट फूड श्रृंखला में छंटनी, अमेरिका के दफ्तर अस्थायी रूप से बंद

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी फास्ट फूड श्रृंखलाओं में से एक मैकडॉनल्ड्स ने इस सप्ताह अमेरिका में कर्मियों को वर्चुअली तरीके से काम करने की बात कह अपने सभी दफ्तरों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। माना जा रहा है कि




कंपनी इस दौरान अपने कॉरपोरेट कर्मचारियों को छंटनी के नए दौर के बारे में सूचित करने की तैयारी कर करही है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात कही गई है। कंपनी ने पिछले सप्ताह अपने अमेरिकी कर्मचारियों को मेल भेजकर बुधवार तक घर से काम शुरू करने को कहा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मैकडॉनल्ड्स ने यह निर्णय इसलिए लिया ताकि वह छंटनी के बारे में वर्चुअल तरीके से कर्मियों को सूचित कर सके। यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि इस दौरान कितने कर्मचारियों को निकाला जाएगा। मैकडॉनल्ड्स ने कथित तौर पर कर्मियों को भेजे मेल में लिखा, सप्ताह के दौरान, हम पूरे संगठन में भूमिकाओं और स्टाफिंग स्तरों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में जानकारी देंगे। सभी कर्मचारियों को इस सप्ताह पहले से तय सभी इन पर्सन मीटिंग्स को भी रद्द करने के लिए भी कहा गया है।

### मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां तीन महीने के उच्चतम स्तर पर, पीएमआई इंडेक्स 56.4 पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि, मांग में आई मजबूती और लागत दबाव में कमी आने के बीच देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां मार्च महीने के दौरान तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एसएंडपी ग्लोबल भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च माह में बढ़कर 56.4 पर पहुंच गया। इससे पहले फरवरी में यह 55.3 पर था, जो 2023 में अब तक परिचालन परिस्थितियों में सबसे मजबूत सुधार दर्शाता है। मार्च के पीएमआई आंकड़े के अनुसार, लगातार 21वें महीने के लिए समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार हुआ है। पीएमआई में आंकड़ा 50 से ऊपर रहने का अर्थ है कि कारोबारी गतिविधियों में विस्तार हुआ है, जबकि 50 से नीचे रहने का मतलब इसमें गिरावट हुई है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की सहायक निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, मार्च में भारतीय सामानों की अंतर्निहित मांग मजबूत रही। उत्पादन में लगातार विस्तार हो रहा है और कंपनियों ने अपना भंडार बढ़ाने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## लगातार 7वीं बार बढ़ सकती है रेपो रेट

# मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग शुरू, आरबीआई ब्याज दरों में 0.25प्रतिशत की कर सकती है बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।**
रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग शुरू हो गई है। यह मीटिंग 6 अप्रैल तक चलेगी। इस मीटिंग में आरबीआई रेपो रेट यानी इंटरेस्ट रेट में 25 बेसिस पॉइंट (0.25प्रतिशत) की बढ़ोतरी कर सकती है। ऐसा होता है तो लगातार 7वीं बार रेपो रेट में बढ़ोतरी होगी। आरबीआई मई 2022 से लगातार रेपो रेट में बढ़ोतरी कर रही है। महंगाई को कम करने के लिए आरबीआई मई के बाद से अब तक रेपो रेट में टोटल 250 बेसिस पॉइंट्स यानी 2.50प्रतिशत की बढ़ोतरी कर चुकी है। माना जा रहा है कि मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग में इस बार होने वाली रेट हाइक आखिरी होगी। गुरुवार यानी 6 अप्रैल को आरबीआई मीटिंग में लिए गए फैसलों के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताएगी। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में रिजर्व बैंक कुल मिलाकर एमपीसी की 6 मीटिंग करेगी। हाल ही में यूएस फेडरल रिजर्व, यूरोपियन सेंट्रल बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैंड समेत कई विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों ने भी महंगाई को कम करने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है।




**जनवरी-फरवरी में महंगाई आरबीआई के कम्फर्ट जोन से बाहर** - रिटेल महंगाई 2 महीने नवंबर और दिसंबर 2022 में आरबीआई के कम्फर्ट जोन यानी 2-6प्रतिशत के बीच रही थी। इसके बाद फिर से महंगाई आरबीआई के कम्फर्ट जोन से बाहर हो गई। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स बेस्ड इन्फ्लेशन जनवरी 2023 में 6.52प्रतिशत और फरवरी 2023 में 6.44प्रतिशत रहा था।

**फरवरी में आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25प्रतिशत का इजाफा किया था** - 2 महीने पहले फरवरी में आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25प्रतिशत का इजाफा किया था। इससे रेपो रेट 6.25प्रतिशत से बढ़कर 6.50प्रतिशत हो गई। अब आरबीआई एक बार फिर 0.25प्रतिशत की बढ़ोतरी करती है, तो रेपो रेट 6.50प्रतिशत से बढ़कर 6.75प्रतिशत हो जाएगी। साथ ही 1 अगस्त 2018 के बाद रेपो रेट की यह सबसे ऊंची दर हो जाएगी, तब रेपो रेट 6.50प्रतिशत थी।

रेपो रेट बढ़ने से होम लोन से लेकर ऑटो और पर्सनल लोन सब कुछ महंगा हो जाएगा और आपको ज्यादा ईएमआई चुकानी होगी। हालांकि एफडी पर ज्यादा ब्याज दरें मिलेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 1 फरवरी को बजट पेश करने के बाद एमपीसी की यह दूसरी बैठक है।

**पिछले वित्त वर्ष में रेपो रेट 6 बार में 2.50प्रतिशत बढ़ी** - मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। पिछले वित्त वर्ष-2022-23 की पहली मीटिंग अप्रैल-2022 में हुई थी। तब आरबीआई ने रेपो रेट को 4प्रतिशत पर स्थिर रखा था, लेकिन आरबीआई ने 2 और 3 मई को इमरजेंसी मीटिंग बुलाकर रेपो रेट को 0.40प्रतिशत बढ़ाकर 4.40प्रतिशत कर दिया था। 22 मई 2020 के बाद रेपो रेट में ये बदलाव हुआ था। इसके बाद 6 से 8 जून को हुई मीटिंग में रेपो रेट में 0.50प्रतिशत इजाफा किया। इससे रेपो रेट 4.40प्रतिशत से बढ़कर 4.90प्रतिशत हो गई। फिर अगस्त में इसे 0.50प्रतिशत बढ़ाया गया, जिससे ये 5.40प्रतिशत पर पहुंच गई। सितंबर में ब्याज दरें 5.90प्रतिशत हो गई। फिर दिसंबर में ब्याज दरें 6.25प्रतिशत पर पहुंच गई। इसके बाद वित्त वर्ष 2022-23 की आखिरी मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग फरवरी में हुई, जिसमें ब्याज दरें 6.25प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50प्रतिशत कर दी गई थीं। एक साल में करीब 2988 रुपए बढ़ी ईएमआई ब्याज दरों के बढ़ने के बाद मई से पहले जो होम लोन आपको 5.65प्रतिशत रेट ऑफ इंटरेस्ट पर मिल रहा था वो अब 8.15प्रतिशत पर पहुंच गया है। यानी 20 साल के लिए 20 लाख के लोन पर आपको हर महीने करीब 2,988 ज्यादा की ईएमआई देनी होगी।

**क्या पहले से चल रहे लोन पर भी बढ़ेगी ईएमआई** - लोन की ब्याज दरें 2 तरह से होती हैं फिक्स्ड और फ्लोटर। फिक्स्ड में आपके लोन की ब्याज दर शुरू से आखिर तक एक जैसी रहती है। इस पर रेपो रेट में बदलाव का कोई फर्क नहीं पड़ता। वहीं फ्लोटर में रेपो रेट में बदलाव का आपके लोन की ब्याज दर पर भी फर्क पड़ता है। ऐसे में अगर आपने फ्लोटर ब्याज दर पर लोन लिया है तो ईएमआई भी बढ़ जाएगी।

**आरबीआई रेपो रेट क्यों बढ़ाता या घटाता है** - आरबीआई के पास रेपो रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है तो, आरबीआई रेपो रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है। रेपो रेट ज्यादा होगा तो बैंकों को आरबीआई से मिलने वाला कर्ज महंगा होगा। बदले में बैंक अपने ग्राहकों के लिए लोन महंगा कर देंगे। इससे इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होगा। मनी फ्लो कम होगा तो डिमांड में कमी आएगी और महंगाई घटेगी। इसी तरह जब इकोनॉमी बुरे दौर से गुजरती है तो रिकवरी के लिए मनी फ्लो बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में आरबीआई रेपो रेट कम कर देता है।

# पानीपत कालीन की विदेश में मांग, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका में बने पहली पसंद



**पानीपत।**
धागे और टेक्सटाइल के बाद अब पानीपत कालीन उद्योग का भी हब बन चुका है। यहां के तैयार कालीन यूरोपीय देशों के साथ ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और अरब देशों की पहली पसंद बन चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, पानीपत से हर साल 7,000 करोड़ का कालीन निर्यात होता है। खास बात यह है कि पानीपत के अधिकतर कालीन हाथ से तैयार किएजाते हैं इसलिए, महंगा होने के बावजूद इसकी मांग काफी ज्यादा है। देश में कालीन उद्योग के लिए उत्तर प्रदेश के भदोही को प्रमुख रूप से जाना जाता है। लेकिन, अब पानीपत ने उसकी बराबरी कर ली है। पानीपत में कालीन बनाने की 140-150 फैक्टरियां हैं। पिछले पांच साल में यहां का कारपेट मार्केट करीब 1,500 करोड़ तक बढ़ा है।

### कई बार ऑर्डर भी पूरे नहीं होते

स्थानीय उद्यमियों ने कहा, सरकार के सहयोग के बिना ही उन्होंने बेल्जियम और जर्मनी की मशीनों की मदद से उपलब्धि हासिल की है।

इससे कम समय में अधिक उत्पादन होता है। इसके बावजूद कई बार तो कालीन की बढ़ती मांग के कारण ऑर्डर भी पूरे नहीं हो पाते।

### बेहतर कौशल के लिए खुले इंस्टीट्यूट

कालीन मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के सचिव अनिल मित्तल ने बताया, पानीपत में कारपेट स्किल विकसित करने के लिए इंस्टीट्यूट होना चाहिए ताकि उन्हें बेहतर कामगार मिल सकें। भदोही में ऐसा इंस्टीट्यूट खोला गया है। उन्होंने बताया कि उद्यमियों के अथक प्रयासों से पानीपत का कालीन कारोबार 7,000 करोड़ तक पहुंच गया है, जो भदोही के बराबर है।

### चीन और तुर्किये को पीछे छोड़ जल्द निकलेंगे आगे

पानीपत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में अब चीन और तुर्किये को पीछे छोड़ने की दिशा में अग्रसर है। दरअसल, तुर्किये के कालीन मार्केट में आने से पहले भारतीय कारपेट कारोबार को सिर्फ चीन से ही चुनौती मिलती थी। अब तुर्किये में मशीन से बन रहे सस्ते कालीन मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। यहां बेल्जियम और जर्मनी की बनी मशीनों से कालीन बनाया जा रहा है। इससे कम समय में अधिक उत्पादन होता है। इसके साथ ही कई तरह के डिजाइन प्रॉसेस होते हैं।

# सऊदी और ओपेक ने की तेल उत्पादन में कटौती की घोषणा, बढ़ सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम

**दुबई।**
सऊदी अरब और ओपेक प्लस देशों ने अगले महीने से कच्चे तेल के उत्पादन में हर दिन लगभग 1.16 मिलियन बैरल की कटौती करने की घोषणा की। लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच तेल निर्यातक देशों के इस कदम से दुनियाभर के साथ भारत में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। साथ ही रियाद एवं अमेरिका के रिश्ते और तल्ख हो सकते हैं।

वहीं, सऊदी अरब ने कहा है कि वह मई से 2023 के अंत तक तेल उत्पादन में हर दिन पांच लाख बैरल की कटौती करेगा। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस कदम से तेल बाजार को स्थिर करने में मदद मिलेगी। कटौती कुछ ओपेक और गैर-ओपेक देशों की सहमति से की जाएगी। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उत्पादन में यह कमी अक्तूबर, 2022 में घोषित कटौती के अतिरिक्त होगी।

**रूस से कच्चा तेल खरीदने की तैयारी कर रहा पाकिस्तान** - वहीं, भारत की तरह ही पाकिस्तान ने भी रूस से कच्चे तेल खरीदने की योजना बनाई है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम राज्य मंत्री मुसादिक मलिक ने बताया कि अगले महीने




पाकिस्तान पहला ऑर्डर देगा।

**पर्याप्त उपलब्धता के लिए पेट्रोल डीजल के निर्यात पर प्रतिबंध** - उधर, भारत सरकार ने घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इनके निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है। अधिसूचना में तेल रिफाइनरी कंपनियों से कहा गया है कि वे अपने सालाना पेट्रोल निर्यात का 50 फीसदी व डीजल निर्यात का 30 फीसदी घरेलू बाजार में उपलब्ध कराएंगी। इसका असर उन गैर सरकारी कंपनियों पर पड़ सकता है, जो रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर उन्हें रिफाइन कर महंगा पेट्रोल-डीजल दूसरे देशों को बेच रही हैं। प्रतिबंध कितने समय के लिए लगाया गया है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

# 1.6 लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच सकता है विदेशी व्यापार, आर्थिक अनिश्चितताओं का नहीं होगा असर

**नई दिल्ली।**
आर्थिक अस्थिरताओं के बावजूद भारत का विदेश व्यापार चालू वित्त वर्ष यानी 2023-24 में 1.6 लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच सकता है।ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में कहा, 2022-23 के लिए 1.6 लाख करोड़ डॉलर देश की नॉमिनल जीडीपी (3.4 लाख करोड़) का करीब 48 फीसदी होगा। आर्थिक शोध संस्थान के सह संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, व्यापार-जीडीपी का उच्च अनुपात भी कारोबार में ज्यादा खुलेपन की बात करता है। उन्होंने कहा, वस्तु निर्यात के मुकाबले सेवाओं के निर्यात की ज्यादा वृद्धि दर ने देश के निर्यात के कुल प्रदर्शन में सुधार किया है। बीते वित्त वर्ष में भारत का कुल निर्यात (माल एवं सेवा) 755 अरब



डॉलर रहने का अनुमान है। यह 2021-22 की तुलना में करीब 11.6प्रतिशत अधिक होगा। चालू वित्त वर्ष में भारत का व्यापारिक निर्यात 5 फीसदी बढ़कर 442 अरब डॉलर व सेवाओं का निर्यात 22.6 फीसदी बढ़कर 311.9 अरब डॉलर होने का अनुमान है। 2021-22 में विदेश व्यापार 1.43 लाख करोड़ डॉलर रहा था।

कृषि क्षेत्र की मजबूत मांग और परिवहन में तेजी से देश में मार्च में ईंधन की मांग बढ़ी है। उद्योग के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, पेट्रोल की बिक्री मार्च में 5.1 फीसदी बढ़कर 26.5 लाख टन पहुंच गई।मासिक आधार पर बिक्री 3.4 फीसदी बढ़ी है। इस दौरान डीजल की मांग 2.1 फीसदी बढ़कर 68.1 लाख टन हो गई। मासिक आधार पर मांग 4.5 फीसदी बढ़ी है। विमान ईंधन की मांग 25.7 फीसदी बढ़कर 6,14,000 टन पहुंच गई। हालांकि, रसोई गैस की बिक्री 3 फीसदी गिरकर 23.7 लाख टन रही।

### बिजली खपत घटकर 127.52 अरब इकाई

देश में बिजली की खपत मार्च, 2023 में 0.74 फीसदी घटकर 127.52 अरब इकाई रह गई। यह 31 महीने पहला मौका है, जब खपत घटी है। बिजली की खपत में कमी का प्रमुख कारण देश में पश्चिमी विक्षोभ से भारी बारिश व मार्च में तापमान कम रहना है। इससे पहले अगस्त, 2020 में खपत में कमी आई थी।

## अलग हुए स्पाइसजेट और स्पाइसएक्सप्रेस

# कार्गो बिजनेस की ग्रोथ के साथ बेहतर सर्विस मिलेगी, शेयरों में 3प्रतिशत से ज्यादा की तेजी

**नई दिल्ली।**
एयरलाइन स्पाइसजेट ने अपने कार्गो और लॉजिस्टिक डिवीजन, स्पाइसएक्सप्रेस को एक अलग यूनिट बनाने का काम पूरा कर लिया है। इससे कंपनी के लिए स्वतंत्र रूप से फंड जुटाने का रास्ता साफ हो गया है। स्पाइसजेट ने अपने कार्गो बिजनेस की ग्रोथ के साथ-साथ अपने ग्राहकों को ज्यादा बेहतर सर्विस देने के लिए ऐसा किया है। सेपरेशन 1 अप्रैल से प्रभावी हो गया है। इसके शेयरों में भी 3प्रतिशत से ज्यादा की तेजी नजर आ रही है।

### निगेटिव नेटवर्थ में बड़ी कमी आएगी

एयरलाइन ने बताया कि इस कदम से स्पाइसजेट को 2,555.77 करोड़ रुपए का एकमुश्त फायदा होगा और उसके निगेटिव नेटवर्थ में बड़ी कमी आएगी। हाइव ऑफ इसकी बैलेंस शीट को भी मजबूत करेगा। स्पाइसजेट बोइंग और मालवाहकों के बेड़े को ऑपरेट करती है। स्पाइसएक्सप्रेस और लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड स्पाइसजेट लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है जो कार्गो और डिलीवरी सर्विस के लिए हैं।




### सेपरेशन हमारी ग्रोथ स्टोरी का महत्वपूर्ण कदम

स्पाइसजेट के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह ने कहा, हमारी कार्गो और लॉजिस्टिक आर्म का अलग होना हमारी ग्रोथ स्टोरी का एक महत्वपूर्ण कदम है जो आने वाले समय में सामने आएगा। स्पाइसएक्सप्रेस कार्गो और लॉजिस्टिक्स बिजनेस पर ज्यादा और अलग-अलग फोकस प्रदान करेगा।

सिंह ने कहा कि स्पाइसएक्सप्रेस को अलग करने का फैसला एयरलाइन के लॉन्ग टर्म बिजनेस प्लान के तहत लिया गया है। इससे लॉजिस्टिक्स कारोबार का वैल्यूएशन बढ़ सकेगा। उन्होंने कहा, स्पाइसजेट और स्पाइसएक्सप्रेस दोनों में काफी संभावनाएं हैं। बिजनेस के विकास को गति देने के लिए पूंजी जुटाने का रास्ता भी साफ हो गया है।

### शेयरों में 3प्रतिशत से ज्यादा की तेजी

इस खबर के कारण स्पाइसजेट के शेयरों में 3प्रतिशत से ज्यादा की तेजी नजर आ रही है। ये 1.05 रुपए या 3.47प्रतिशत बढ़कर 31.30 रुपए पर कारोबार कर रहा है। वहीं बीते एक महीने की बात करें तो शेयर में करीब 15प्रतिशत की गिरावट आई है। इस साल शेयर करीब 20प्रतिशत गिरा है। इसका 52 वीक लो 29.80 रुपए और 52 वीक हाई 62.30 रुपए है।

### यूपीआई भुगतान पर 0.3प्रतिशत का एक समान शुल्क लगा सकती है सरकार, जुटाए जा सकते हैं 5000 करोड़

**नई दिल्ली।** सरकार यूपीआई भुगतान प्रणाली के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की फंडिंग और इसकी वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे लेनदेन सुविधा पर 0.3 फीसदी का एकसमान शुल्क लगाने पर विचार कर सकती है। आईआईटी बॉम्बे के अध्ययन में कहा गया है कि 0.3 फीसदी की सुविधा शुल्क से 2023-24 में 5,000 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। मोबाइल वॉलेट के जरिये होने वाले भुगतान पर विनिमय शुल्क लगाने के भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के फैसले के प्रभावों के विश्लेषण वाले अध्ययन में कहा गया है, दुकानदारों को मिलने वाले भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगना चाहिए। चाहे वह यूपीआई से आए या प्रीपेड ई-वॉलेट से। एनपीसीआई ने दुकानदारों को यूपीआई से भुगतान करने पर एक अप्रैल से भुगतान राशि का 1.1प्रतिशत का इंटरचार्ज शुल्क काटने का प्रावधान शुरू किया है।

# बिग बॉस 7 बिल्कुल भी अच्छा नहीं, कहा अपूर्वा अग्निहोत्री ने



**मुंबई (ईएमएस)।** अपूर्वा अग्निहोत्री ने बिग बॉस 7 को बिल्कुल भी अच्छा नहीं करार दिया है। जबकि अपूर्वा अग्निहोत्री और शिल्पा सकलानी टीवी के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। कुछ महीने पहले ये कपल पेरेंट्स बनने को लेकर खूब सुर्खियों में आया था, क्योंकि अपूर्वा और शिल्पा शादी के पूरे 18 साल बाद माता-माता बने। यह खुलासा तब हुआ जब बिग बॉस 7 में नजर आए कपल ने बिग बॉस के घर में अपनी जर्नी के बारे में बात की उन्होंने शो में पक्षपात होने के बारे में भी बताया। अपने व्लॉग में अपूर्वा और शिल्पा ने बिग बॉस 7 के सफर के बारे में बात करते हुए बताया कि हमने कई रियलिटी शो किए हैं लेकिन बिग बॉस 7 बिल्कुल भी अच्छा नहीं था। यह हमारे पसंदीदा में से एक नहीं था। हम बिग बॉस के प्रोटोटाइप नहीं हैं। अपूर्वा ने कहा कि हमने खास तौर पर बहुत कुछ सीखा है कि कैसे ब्रेकिंग पॉइंट पर पहुंचने के बाद भी पागल नहीं होना चाहिए। हम उड़ते हुए रंगों के साथ बाहर आए। अपने ब्लाग में शिल्पा ने कहा- बिग बॉस स्क्रिप्टेड नहीं है लेकिन हर कोई जानता है कि मैं वो बनना चाहती हूं तो क्या करने की जरूरत है। उनके पास सब पहले से है - रिएक्शन दो, लड़ो, अपनी बात रखो, मुखर रहो। पर्सनैलिटी ही ऐसी नहीं है तो क्या करें। वहीं, अपूर्वा ने असहमति जताते हुए कहा- यह स्क्रिप्टेड है। चैनल जानता है कि कौन और कैसे प्रतिक्रिया देगा और इसीलिए लोगों ने हाल के सीजन में भविष्यवाणी करना शुरू कर दिया है और मेकर्स को अंत में जबरदस्ती टेबल बदलनी पड़ती है और विनर के नाम से सभी को आश्चर्यचकित करना पड़ता है। हमने इसे हाल के सीजन में भी देखा था, वरना सभी ने कहा होता, वह चैनल फेस हैं इसलिए वह विनर बनीं। इसलिए शो कुछ हद तक स्क्रिप्टेड है। यदि शिल्पा सकलानी की बात करें तो उन्हें क्योंकि सास भी कभी बहू थी और जस्सी जैसी कोई नहीं जैसे सीरियल्स के लिए जाना जाता है। इन दिनों वह तेरे इश्क में घायल में काम कर रही हैं। वहीं अपूर्वा ने शाहरुख खान की फिल्म परदेस से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह टीवी शो प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा, अजीब दास्तान है ये और सौभाग्यलक्ष्मी में भी नजर आ चुके हैं।

# ऋतिक रोशन ने छह 6 माह बाद विक्रम वेधा के सफर को किया याद



**मुंबई (ईएमएस)।** ऋतिक रोशन ने विक्रम वेधा में अपने किरदार वेधा के साथ जादू कैसे क्रिएट किया, इसका एक रीकैप देते हुए उन्होंने खुद भी वेधा के दिनों को याद किया, जिसकी रिलीज को आज 6 महीने पूरे हुए है। ऋतिक रोशन ने हाल ही में अपनें एक थ्रोबैक वीडियो को फैंस के लिए डाला हैं। वैसे फैंस बड़ी बेसब्री से ऋतिक रोशन की बड़े पर्दे पर वापसी का इंतजार कर रहे थे और वेधा के साथ उन्होंने जोरदार वापसी की थी, जिसे कोई भुला नही सकता है। विक्रम वेधा के साथ, अभिनेता ने एक बिल्कुल नया परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड सेट किया, एक गैंगस्टर की भूमिका निभाते हुए और एक शानदार स्क्रीन उपस्थिति के साथ, जिसने अपने सुपरस्टारडम के साथ समझौता न करते हुए किरदार के दोनों सार को प्रतिबिंबित किया। इसमें ऋतिक रोशन ने सिर्फ वेधा की भूमिका नहीं निभाई, बल्कि किरदार के हर तत्व और उसकी बारीकियों को पूरी तरह से अपने अंदर उतार कर वो वेधा बन गए। वेधा को एक रूप देने के लिए, ऋतिक ने हर मुश्किल का सामना किया और अपनी तैयारी के हिस्से के रूप में सनकी और अजीब बनने को तैयार हुए। उन्होंने वॉइस ट्रेनिंग से लेकर जिबरिश बोलने और डायलॉग रिहर्सल और 80 के दशक के म्यूजिक पर डांस करने, प्रकृति से भावनात्मक होना, और अपने तरीके और बोली को सही करने के लिए खुद को रिकॉर्ड करने तक, उन्होंने सब कुछ किया। इसमें दर्शकों को बीटीएस वीडियो की एक झलक देते हुए, जिसमें किरदार के पीछे की तैयारी को दिखाया गया है, ऋतिक रोशन ने कहा, वेधा बनने के लिए मुझे सबसे पहले येड़ा बनना पड़ा। तैयारी और वेधा बनने के 9 महीने - अक्टूबर 2021 से जून 2022 तक। ठीक उसी समय जब मानव जीवन जन्म लेता है। वेधा शुरूआत से ढलने की एक प्रक्रिया रही है, आज यह एक ऐसा किरदार है जिस पर मुझे गर्व है। वेधा की तरह बात करना, चलना, नाचना, खाना और रहना सीखना बहुत मजेदार रहा है। फिल्म में ऋतिक ने जिस तरह से वेधा का किरदार निभाया है वो अपने आप में एक मास्टर क्लास है।

# टाइगर बनाम पठान में होंगे शाहरुख और सलमान

### - फिल्म के 2024 में फ्लोर पर जाने की उम्मीद



**मुंबई (ईएमएस)।** वाईआरएफ की अगली फिल्म टाइगर बनाम पठान में सलमान और शाहरुख एक साथ एक इंटेंस फेस-ऑफ के लिए आएंगे। फिल्म के 2024 में फ्लोर पर जाने की उम्मीद है। इस घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने टाइगर बनाम पठान के बारे में जानकारी दी। सूत्र ने बताया, वाईआरएफ अभी इस परियोजना के बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि उनके पास बड़े पैमाने पर इसकी घोषणा करने की भव्य योजना है लेकिन टाइगर बनाम पठान पर बहुत काम शुरू हो चुका है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि जनवरी 2024 में फिल्म शुरू हो जाएगी। आदित्य चोपड़ा सभी विवरणों को समेटते जा रहे हैं, क्योंकि यह सबसे बड़ी बॉलीवुड फिल्म है जिसे उद्योग ने एक लंबे समय में बनाने का प्रयास किया है। यह हर दिन नहीं होता है कि आपको भारत के सबसे बड़े सुपरस्टार शाहरुख और सलमान मिलते हैं एक फिल्म! काम के मोर्चे पर, सलमान किसी का भाई किसी की जान में दिखाई देंगे, जो 21 अप्रैल, 2023 को रिलीज होगी। इसके बाद, अभिनेता के पास दीवाली रिलीज के लिए कैटरीना कैफ के साथ टाइगर 3 है। दूसरी ओर, शाहरुख खान की तापसी पन्नू के साथ डंकी और नयनतारा के साथ जवान रिलीज के लिए लाइन में हैं। बता दें कि पठान को देखकर सलमान खान और शाहरुख खान के प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सलमान उर्फ टाइगर ने सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। जिस क्षण खान ने फिल्म में प्रवेश किया वह एक ब्लॉकबस्टर शॉट था। कहने की आवश्यकता नहीं है, पठान में सलमान और शाहरुख का सीक्वेंस फिल्म के प्रमुख आकर्षण में से एक था। अब टाईगर वर्सेज पठान बनने का समय आ गया है।

# सिटाडेल का नया ट्रेलर रिलीज




अंतर्राष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपडा की स्ट्रीमिंग सीरीज सिटाडेल का एक नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस सीरिज में रिचर्ड मैडेन और प्रियंका चोपड़ा जोनस द्वारा निभाए गए दो पूर्व एजेंटों की कहानी को और गहराई से बताता है। सिटाडेल का निर्माण अमेजन स्टूडियो और रूसो ब्रदर्स का एजीबीओ कर रहा है। इसका प्रीमियर 28 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर होगा और इसके नए एपिसोड हर शुक्रवार से 26 मई तक साप्ताहिक रूप से जारी किए जाएंगे।कहानी में सहकर्मी द्वारा खराब व्यवहार करने के बाद उनकी याददाशत चली जाती हैं, जिससे जासूसी एजेंसी का पतन हो जाता है। शो की कथा के अनुसार, नाम मात्र की स्वतंत्र वैश्विक जासूसी एजेंसी को मटिकोर के गुर्गों द्वारा नष्ट कर दिया जाता है। प्रियंका और रिचर्ड का चरित्र इन सब बातों से अंजान रहता है। फिर अचानक एक रात रिचर्ड के चरित्र को उनके पूर्व सहयोगी, बर्नार्ड ऑरलिक (स्टेनली टुकी) द्वारा ट्रैक किया जाता है, जिसे मोनिकोर को एक नई विश्व व्यवस्था स्थापित करने से रोकने के लिए उसकी मदद की सख्त जरूरत है।

# स्टंट के लिए ईशा ने ली सुनील शेट्टी की मदद



एक्ट्रेस ईशा देओल ने कहा कि सुनील शेट्टी के साथ काम करने से उन्हें अपने एक्शन स्किल्स में सुधार करने में मदद मिली है। ईशा ने कहा- सभी एक्शन सीक्वेंस मेरे द्वारा किए गए हैं। अन्ना के खिलाफ लड़ना, एक अद्भुत अनुभव था। उनसे बहुत कुछ सीखा है क्योंकि वह इसमें माहिर है। पहले भी अन्ना के साथ काम करने के चलते कंफर्ट जोन था। हमने प्रोजेक्ट के लिए शूटिंग के समय काफी मजे किए। उनके साथ एक्शन सीन शूट करने के लिए विशेष रूप से शानदार थे। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। उन्होंने कहा, मेरा किरदार एक ऐसी लड़की का है, जो एक छोटे से शहर से है। वह एक मिशन पर है। वह एक कभी न हार मानने वाली लड़की है। अपनी हिम्मत से हर परेशानियों को पार कर जाती है। इस सीरीज में एसीपी विक्रम सिन्हा के रूप में सुनील शेट्टी, दिव्या (फ्रीलांस जर्नलिस्ट) के रूप में ईशा देओल, पुलिस एसएचओ हुड्डा के रूप में राहुल देव, बरखा बिष्ट, करणवीर शर्मा, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत, स्मिता जयकर और पवन चोपड़ा के साथ हैं।

# साजिद नाडियाडवाला की बहुप्रतीक्षित फिल्म सत्यप्रेम की कथा 29 जून को होगी रिलीज




**मुंबई (ईएमएस)।** साजिद नाडियाडवाला की नमह पिक्चर्स के सहयोग से बहुप्रतीक्षित फिल्म सत्यप्रेम की कथा 29 जून को रिलीज होने के लिए तैयार है। आने वाली फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म एक संगीतमय प्रेम कहानी है जो कार्तिक और कियारा को उनकी पिछली फिल्म भूल भुलैया-2 के बाद दूसरी बार फिर से मिलाती है। दिलचस्प बात यह है कि सत्यप्रेम की कथा का एक दृश्य जिसमें दोनों दूल्हा और दुल्हन के रूप में दिखाई दे रहे हैं, अब ऑनलाइन लीक हो गया है। यह एक शादी का दृश्य है, जिसमें अभिनेताओं को फेरे लेते दिखाया गया है। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी सत्यप्रेम की कथा में एक साथ नजर आएंगे, जिसे पहले सत्यनारायण की कथा नाम दिया गया था। फिल्म का एक लीक सीन इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें कियारा और कार्तिक को शादी के सीन में दूल्हा और दुल्हन के रूप में दिखाया गया है। वे व्हाइट ट्रेडिशनल वेडिंग आउटफिट में सात-फेरे लेती नजर आ रही हैं। उनके चेहरे पर बहुत ही उदास भाव हैं जिसने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। कार्तिक ने अपने आंसू भी पोंछे। मध्य प्रदेश में सत्यनारायण की कथा एक विवाद में फंस गई।

हिंदूवादी संगठन संस्कृति बचाओ मंच ने भोपाल के विभिन्न थानों में निमार्ता साजिद नाडियाडवाला के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि अगर साजिद भोपाल आया तो उसका मुंह काला कर दिया जाएगा। संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि पिछले कुछ समय से फिल्मों के जरिए हिंदू देवी-देवताओं को अपमानित करने की कोशिश की जा रही है और सत्यनारायण की कथा भी उनमें से एक है। उन्होंने कहा कि संगठन ऐसी फिल्मों का निर्माण करके हिंदू जन भावनाओं को ठेस पहुंचाने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# गौहर ने बीबर और उनकी मॉडल पत्नी को कहा डंब



बालीवुड एक्ट्रेस गौहर खान ने सेलिब्रिटी कपल जस्टिन बीबर और उनकी मॉडल पत्नी हैली को डंब कहा है। इतना ही नहीं, उन्होंने रमजान के बारे में ज्ञान हासिल करने के लिए कहा। मालूम हो कि जस्टिन और हैली ने अपने बयान में रमजान के सवाल पर हंसते हुए कहा था कि यह आपके शरीर को पोषण से दूर करता है। इस पर गौहर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज के जरिए उनकी आलोचना की। गौहर ने इस वीडियो को पोस्ट कर कैप्शन में लिखाः यह साबित करता है कि वे कितने मूर्ख हैं। बशर्ते उन्हें इसके पीछे के साइंस के बारे में पता हो, और इससे स्वास्थ्य लाभ होता है! कहीं से ज्ञान लें जस्टिन और हैली। एक राय होना ठीक है बीट-डब्ल्यू! लेकिन इतना समझदार बनो कि सही ढंग से बता सको। बता दें कि गौहर ने जस्टिन और हैली के उस बयान वाले इंटरव्यू की वीडियो शेयर की, जिसमें जस्टिन कहते नजर आ रहे है कि, मुझे इसके बारे में सोचना होगा, मैंने ऐसा कभी नहीं किया है .. मुझे लगता है कि हमारे शरीर को ठीक से सोचने के लिए पोषण की जरूरत होती है।

# साड़ी में ट्रोल हुई दिशा पटानी, तस्वीरें वायरल

नीता मुकेश अंबानी के कल्चरल सेंटर का हाल में ही उद्घाटन में किया गया। इस समारोह में बॉलीवुड की कई हस्तियां शामिल हुईं। इस सेरेमनी में बॉलीवुड के मशहूर सितारों ने खूब धमाल मचाया। इस इवेंट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। नीता मुकेश अंबानी के कल्चरल सेंटर के उद्घाटन समारोह में हमेशा की तरह बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पटानी सबसे अलग नजर आईं। दिशा ने इस इवेंट में बेहद बोल्ड ग्रे झिलमिलाती साड़ी पहनकर शिरकत की। दिशा के रेड कार्पेट पर आते ही सभी की निगाहें दिशा के आउटफिट पर टिकी रही। दिशा ने बेहद बोल्ड और हॉट अंदाज में एंट्री की थी। फिलहाल साड़ी में दिशा के लुक की फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। दिशा के फैंस ने जहां उनके हॉट एंड बोल्ड लुक की तारीफ की है, इस साड़ी ने एक बार फिर दिशा को ट्रोलर्स के निशाने पर ले लिया है। उन्होंने जिस तरह से साड़ी पहनी है, उसके वजह से नेटिजन्स ने उन्हें खूब ट्रोल किया है।

# एमटीवी रोडीज सीजन 19 में कर रहे हैं वापसी

**मुंबई (ईएमएस)।** देश के युवाओं में लोकप्रिय अभिनेता सोनू सूद युवा एडवेंचर टेलीविजन शो एमटीवी रोडीज सीजन 19 में वापसी कर रहे हैं। शो के मेकर्स ने शो का प्रोमो रिलीज किया। सोनू को हाल ही में शो के अगले सीजन की तैयारी के लिए अमृतसर में देखा गया था। सीजन के ऑडिशन की घोषणा की शुरूआत करते हुए, वीडियो में उन्हें किसी यात्रा के लिए गन्ने के रस के साथ तैयारी करते हुए दिखाया गया है। टीजर लॉन्च में शो के नवीनतम सीजन - कर्म या कांड का लोगो है। आगामी सीजन को लेकर उत्साहित सोनू ने कहा, एमटीवी रोडीज ने लगातार देश भर के दर्शकों के लिए रोमांच के अर्थ को नए सिरे से परिभाषित किया है। मैं एमटीवी रोडीज के नए सीजन के साथ वापस आकर रोमांचित हूं। यह रोमांचकारी होने वाला है। अभिनेता ने आगामी सीजन में कुछ रहस्यमय दृश्यों का भी उल्लेख किया। रणविजय सिंघा की जगह अब सोनी शो के होस्ट होंगे। कर्म या कांड की थीम के साथ, एमटीवी रोडीज सीजन 19 अपने ऑन-ग्राउंड ऑडिशन के साथ वापसी करने के लिए तैयार है।

# शिल्पी और नवरत्न का भोजपुरी लोकगीत 'कमर हमार कइल क्रैक' रिलीज




**मुंबई, (हि.स.)।** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर सिंगर शिल्पी राज का नया भोजपुरी लोकगीत कमर हमार कइल क्रैक रिलीज हो गया। इस गाने को शिल्पी ने भोजपुरी सिंगर नवरत्न पांडेय के साथ गाया है। इस गाने पर नवरत्न ने अभिनेत्री पल्लवी सिंह के साथ परफॉर्म किया है। यह गाना धमाल मचा रहा है। इस गाने में नवरत्न पांडेय और पल्लवी सिंह की जोड़ी दर्शकों बेहद ही पसंद आ रही है। गाने में पल्लवी की कातिलाना अदाएं दर्शकों के दिलों पर छुरिया चला रही है और उसके ऊपर उनकी जानलेवा मुस्कान सभी को अपना दीवाना बनाने के लिए काफी है। इन दोनों के डांस मूव भी कमाल के लग रहे हैं। गाने में पल्लवी के डांस मूव्स एकदम हटके है, जहां नवरत्न अपनी गायिकी से सभी को अपना दीवाना बना रहे हैं। वही शिल्पी राज की आवाज पर पल्लवी ने गजब के ठुमके लगाए हैं। वही उनकी कमर भी नागिन जैसी बलखा रही है और पल्लवी का हर एक एक्सप्रेशन दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। वही नवरत्न भी अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। गाने में दोनों की केमेस्ट्री एक जबर्दस्त लग रही है। दोनों के बीच का एक अलग ही तरह का कनेक्शन देखने को मिल रहा है। 'कमर हमार कइल क्रैक' को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स की प्रस्तुति है। इसके लिरिक्स और म्यूजिक अर्जुन शर्मा ने दिया है। मिक्स एंड मास्टर जीतू शर्मा ने की है। गाने का निर्माण निमार्ता रत्नाकर कुमार ने किया है, वही इसका निर्देशन भोजपुरिया ने किया है। कोरियोग्राफर संदीप राज, पोस्ट प्रोडक्शन वुडपेकर्स वी, एडिट पंकज साव व डीआई रोहित सिंह ने किया है। गाने के फुल राइट्स वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के पास हैं।

## सूडोकु नवताल- 6390

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6389 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7137

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चं | ज | गां | धी | ग | ब | ज | मं | प | सु | क |
| द्र | वा | भ | क | या | दों | का | ग | स | ख | ड़ |
| शे | ह | या | ग | र्म | छ | स | ल | न | दे | क |
| ख | र | रा | र | त | वी | स | पां | ल | व | य |
| र | इ | म | म | सं | सिं | ल | डे | र | रा | ल |
| आ | ता | प्र | ई | र | ब | ह | फ | त | श | ज |
| जा | बा | सा | दा | ई | जी | स | प | ग | प | न |
| द | र | द | प | ता | ज | ज | र्द | न | प | स |
| क | ज | बि | ने | न | ला | तां | त्या | टो | पे | हो |
| क | म | स्मि | प | ला | या | स | मा | ब | प | य |
| का | न | ल | ला | लो | क | मा | न्य | ति | ल | क |

*शब्द जाल में 10 स्वतंत्रता सेनानियों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

गांधी, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, सुखदेव, नेताजी, लाला लाजपतराय, लोकमान्य तिलक, तांत्या टोपे, मंगल पांडे .

### शब्दजाल - 7136 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | द | गा | वि | ग | म | हे | श | भू | प | ति |
| दें | नि | ल | क | श्व | दों | अं | जु | जॉ | र्ज | ड़ |
| क | स | या | ल | र्म | ना | स | या | दी | ख | क |
| ध | न | रा | ज | पि | ल्ले | थ | र | ल | श | गो |
| क | री | दो | ग | क | बा | र | आ | ग | झ | पी |
| जी | श्री | ना | थ | इ | इ | उ | द्वा | नं | घ | चं |
| ज | दा | ल | चुं | सं | चुं | म | र | कौ | द | द |
| क | ही | ग | र | मे | ग | क | फ | या | श | फु |
| क | द | र | प | न | भू | स | रा | औ | प | ले |
| क | र | ल | खा | व | टि | ना | चि | ओ | प | ला |
| क | क | ल | प | न | या | स | व्य | न | प | या |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6090

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | | | | 1 |
| 3 | 33 | 1 | 25 | 6 | 28 | |
| | | 5 | | | 2 | 7 |
| 1 | 32 | | 35 | 4 | 32 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | 3 |
| | 33 | 3 | 33 | | 41 | |
| 6 | | | 1 | 2 | | 5 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6089 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 6 | 36 | 6 | 32 | 2 | 27 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 4 | 33 | 4 | 32 | 4 | 31 | 4 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 7 | 34 | 2 | 29 | 6 | 39 | 7 |
| 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore





# जयसूर्या ने पोस्ट की 27 साल पुरानी ऑडी की फोटो: लिखा- गोल्डन मेमोरीज; 1996 वर्ल्ड कप में मैन ऑफ द सीरीज बनने पर मिली थी

**नई दिल्ली।**

**पूर्व श्रीलंकाई कप्तान सनथ जयसूर्या ने 27 साल पुरानी ऑडी कार की फोटोज पोस्ट की है। 53 साल के इस पूर्व क्रिकेटर को यह कार 1996 वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने पर इनाम के रूप में मिली थी। जयसूर्या ने अपनी पोस्ट पर लिखा- गोल्डन मेमोरीज: 27 साल बाद 1996 वर्ल्ड कप मैन ऑफ द सीरीज कार के साथ। पोस्ट में दो फोटो हैं, एक 1996 की है और दूसरी 2023 की। दोनों में जयसूर्या कार के साथ खड़े हैं।**

इन फोटोज को देखकर भारतीय फैंस के जख्म ताजा हो गए। बता दें कि 1996 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत कोलकाता के मैदान पर श्रीलंका से ही हारकर बाहर हुआ था। तब फैंस ने खूब बवाल मचाया था। 27 साल पहले जयसूर्या को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना था। उन्होंने टूर्नामेंट में 6 मैचों में 221 रन बनाए और 7 महत्वपूर्ण विकेट लिए।

### पहली बार चैंपियन बना श्रीलंका

1996 वर्ल्ड कप भारत -पाकिस्तान और श्रीलंका में आयोजित हुआ था। क्रिकेट के इस महाकुंभ के फाइनल में श्रीलंका का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से हुआ था। वर्ल्ड कप 1996 फाइनल में श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट से हराकर पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बना था।

### श्रीलंका-ऑस्ट्रेलिया फाइनल मैच का रोमांच

श्रीलंका के कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मार्क टेलर के 74 और माइकल बेवन के 36 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट पर 241 रन बनाया। जवाब में श्रीलंका ने 46.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। श्रीलंका के लिए अरविंदा डी सिल्वा ने सबसे ज्यादा 107 रन की पारी खेली थी।

## न्यूज ब्रीफ

### बटलर के रहने से ही टीम प्रेरित होती है: सैमसन



**हैदराबाद** । राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने सनराइजर्स हैदराबाद पर पर जीत में अहम भूमिका निभाने वाले जोस बटलर की जमकर प्रशंसा की है। सैमसन के अनुसार बटलर की बल्लेबाजी ही नहीं बल्कि उनका टीम में रहना ही अन्य खिलाड़ियों को प्रेरित करता है। सैमसन ने मैच के बाद कहा, '' बटलर का टीम में रहना ही काफी सकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा, '' इसी का प्रभाव है कि उभरते हुए खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल ने अब तक इस सत्र में किस प्रकार से बल्लेबाजी की है। इसका असर आप युवाओं पर देख सकते हो और उनकी भूमिका भी हर किसी की तरह अहम है। सैमसन ने कहा कि बटलर बाहर से गंभीर दिखते हैं पर वह ऐसे नहीं हैं और हंसी मजाक करते रहते हैं। उन्होंने कहा, ''वह थोड़ा गंभीर दिखते हैं पर वह काफी मस्ती मजाक करते हैं, वह ड्रेसिंग रूम और टीम बस में भी यही सब करते रहते हैं। वह अक्सर लोगों से बात करना पसंद करते हैं और लोग भी उनसे काफी कुछ सीख भी रहे हैं। सैमसन ने कहा, ''हमारी टीम के काफी युवा जैसे यशस्वी जायसवाल, रियान पराग और ध्रुव जुरेल घरेलू सत्र में अपने अच्छे प्रदर्शन से काफी आत्मविश्वास में हैं।

### जोकोविच ने एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा



**नई दिल्ली।** नोवाक जोकोविच मियामी ओपन में कार्लोस अल्कराज की सेमीफाइनल में हार के बाद एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 स्थान पर लौट आए हैं। सर्बियाई महान, जिन्होंने हाल ही में विश्व नंबर 1 के रूप में स्टेफनी ग्राफ के 377 सप्ताह के निशान को पार कर लिया है, अपने 381वें सप्ताह की शुरूआत कर रहे हैं और 9 अप्रैल से शुरू होने वाले मोंटे-कार्लो मास्टर्स में एटीपी टूर पर लौटने वाले हैं। लेकिन मिट्टी के मौसम और उससे आगे नंबर 1 के लिए लड़ाई में एक मोड़ आ सकता है क्योंकि अल्काराज पर जोकोविच के बढ़त 380 अंक है। हालांकि, अलकराज मोंटे कार्लो में वापसी करने के लिए तैयार है, जहां उसे एक बार फिर नंबर 1 स्थान हासिल करने का मौका मिल सकता है। स्पैनियार्ड ने दो हफ्ते से भी कम समय पहले जोकोविच को हटा दिया था, जब उन्होंने इंडियन वेल्स मास्टर्स में अपने तीसरे एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब पर कब्जा करने के लिए डेनियल मेदवेदेव को हराया था। 19 वर्षीय एटीपी इतिहास में सबसे युवा विश्व नंबर 1 बने, जब उन्होंने 2022 यूएस ओपन जीता।

### श्रीलंका में आयरलैंड टेस्ट टीम में शामिल होने के लिए पॉल स्टर्लिंग, दूसरे टेस्ट में चयन के लिए उपलब्ध

**डबलिन।** सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग श्रीलंका दौरे के लिए आयरलैंड की टेस्ट टीम से जुड़ेंगे और 24 से



28 अप्रैल तक गाले में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। स्टर्लिंग के शामिल होने से आयरलैंड की टीम दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच के लिए 16 सदस्यीय दल बन गया है। आयरलैंड का श्रीलंका दौरा शुरू में एक टेस्ट और दो एकदिवसीय मैचों से मिलकर बना था, लेकिन अधिक रेड-बॉल मैच पाने के लिए मेजबानों की खोज का मतलब था कि दो वनडे एक अतिरिक्त टेस्ट मैच में परिवर्तित हो गए। दोनों टेस्ट गाले में 16 से 28 अप्रैल के बीच खेले जाएंगे। आयरलैंड 4 से 8 अप्रैल तक शेर-ए-बांग्ला राष्टीय क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलेगा, जिसमें नौ अनकैप्ड खिलाड़ी होंगे, जिनमें से तीन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के खेल में कभी भाग नहीं लिया है। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट के लिए आयरलैंड टीम : एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), मार्क अडायर, कर्टिस कैम्फर, मरे कॉमिन्स, जॉर्ज डॉकरेल, फिओन हैंड, ग्राहम ह्यूम, मैथ्यू हम्फ्रीस, टॉम मेयस, एंड्रयू मैकब्राइन, जेम्स मैककोलम, पॉल स्टर्लिंग (दूसरा टेस्ट), पीजे मूर, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, बेन व्हाइट।

# पीएसजी को अपने होम ग्राउंड पर मिली एक और हार, फैंस ने मेसी पर निकाला गुस्सा, बीच मैदान चिढ़ाया

**पेरिस।**

**स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी, नेमार और किलियन एम्बाप्पे से सजी पेरिस सेंट जर्मेन की टीम को होम ग्राउंड पर लगातार दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। फ्रेंच फुटबॉल लीग लीग-वन में लियोन ने पीएसजी को 1-0 से हरा दिया। इससे दो हफ्ते पहले रेनेस ने भी पीएसजी को उनके होम ग्राउंड पर 2-0 से हराया था। ब्रैडली बार्कोला के गोल से लियोन ने जीत हासिल की। बार्कोला अमीन सार के रिप्लेसमेंट के तौर पर मैदान पर आए थे।**





पीएसजी को इस सीजन लीग-वन में यह पांचवीं हार मिली है। यह सभी हार उन्हें 2023 में ही मिली है। क्रिस्टोफर गाल्टियर की देखरेख वाली पीएसजी अब दूसरे स्थान पर मौजूदा लेंस और तीसरे स्थान पर मौजूदा मार्सेइल से सिर्फ छह अंक आगे हैं। अगर पीएसजी की टीम एक-दो मैच और हारती है तो उसे अपना पहला स्थान भी गंवाना पड़ सकता है। इस मैच में पीएसजी की हार का ठिकरा लियोनल मेसी पर फूटा।

मैच की शुरुआत ही विवादित तरीके से हुई थी। जब टीम लाइन अप की घोषणा हुई और लाउडस्पीकर पर पीएसजी के सभी खिलाड़ियों का नाम लिया गया, तो मेसी का नाम आते ही स्टेडियम के एक हिस्से में फैंस मेसी का नाम लेकर उनका विरोध करने लगे। हालांकि, इसके बाद स्टेडियम के दूसरे किनारे से मेसी के समर्थन में भी नारे लगे। दरअसल, 35 साल के मेसी का पीएसजी के साथ कॉन्ट्रैक्ट समाप्त होने वाला है। उन्होंने इस क्लब के साथ दो साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। अब मेसी का नाम दोबारा बार्सिलोना क्लब से जुड़ने लगा है। ऐसा कहा जा रहा है कि वह वापस स्पेनिश क्लब में लौट जाएंगे।

दो सीजन में मेसी ने पीएसजी के लिए 67 मैच खेले हैं और 29 गोल किए हैं। हालांकि, कोच गाल्टियर ने मेसी का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- लियो एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपनी तरफ से पूरी कोशिश करते हैं और उन्होंने सीजन की शुरुआत में भी टीम के लिए बहुत काम किया। मैंने कभी उन्हें टीम से हटाने के बारे में नहीं सोचा है। हालांकि, इस हार के बाद टीम को बेहतर खेल दिखाना होगा। खिताब की कोई गारंटी नहीं है, लेकिन अभी भी काफी मैच बाकी हैं। सिर्फ मानसिकता ही नहीं, बदलने के लिए बहुत सी चीजें हैं।

पीएसजी फिलहाल चोट से जूझ रहा है। नेमार टखने की सर्जरी से ठीक हो रहे हैं। एम्बाप्पे फॉर्म में नहीं दिखे और कोई गोल नहीं कर सके। कोच ने कहा- हम मेसी और एम्बाप्पे से सब कुछ की उम्मीद नहीं कर सकते। यह 2023 में हमारी आठवीं हार है, जो कि बहुत ज्यादा है। पीएसजी को अब नीस के खिलाफ उनके होम ग्राउंड पर खेलना है। नीस की टीम अपने घर में दो जनवरी के बाद से नहीं हारी है।

अंपायर ने नो बॉल दी, खिलाड़ियों ने चाकू मारे

# ओडिशा में फ्रैंडली मैच के दौरान हत्या; 4 आरोपी गिरफ्तार



**कटक।**

**ओडिशा के कटक में एक फ्रैंडली मैच के दौरान अंपायर की हत्या कर दी गई। मैच खेल रहे लोगों ने अंपायरिंग कर रहे 22 साल के लकी राउत को बैट और चाकू से हमला करके मार डाला। लकी ने एक बॉल को नो बॉल बताया था, इसके बाद खिलाड़ियों ने फैसले का विरोध किया। बहस इतनी बढ़ी कि इन लोगों ने लकी पर हमला कर दिया।**

इस मामले में चौद्वार पुलिस ने 4 आरोपियों स्मृतरंजन राउत, जगा राउत, बादल कौबतल और संजय राउत को अरेस्ट कर लिया है।

### पूरा मामला

चौद्वार के तहत आने वाले महिशिलांदा में शंकरपुर और बेरहामपुर की अंडर-18 क्रिकेट टीमों के बीच फ्रैंडली मैच था। अंपायरिंग महिशिलांदा का लकी राउत कर रहा था। अंपायर लकी ने एक बॉल को नो- बॉल बताया। इसके बाद लकी और जगा राउत के बीच बहस छिड़ गई। फील्डिंग कर रही दलीजोडा टीम के स्मुतिरंजन (मुना) राउत ने लकी पर बैट और चाकू से हमला कर दिया।

लकी को गंभीर हालत में एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### परिजन ने एक आरोपी को पकड़ा

कटक के पुलिस उपायुक्त पिनाक मिश्रा के मुताबिक घटना की खबर लगते ही चौद्वार पुलिस अस्पताल पहुंची। इस बीच हंगामा कर रहे लकी के परिजन और गांव वालों ने पुलिस को घेर लिया। ये लोग आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। वहीं कुछ लोगों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। अब पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# कोहली ने आईपीएल में 50 बार 50+ स्कोर किया-पहले इंडियन: 223 सिक्स लगाए, पोलार्ड के बराबर पहुंचे; इस लिस्ट में गेल अभी टॉप पर

**नई दिल्ली।**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ओपनर विराट कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में नाबाद 82 रन बनाए। फाफ डु प्लेसिस के साथ 148 रन की रिकॉर्ड पार्टनरशिप भी की। ये मुंबई के खिलाफ चौथी सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप है। विराट ने फिफ्टी लगाते ही एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वे आईपीएल में 50 बार 50+ स्कोर करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वार्नर इस मामले में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 60 बार 50 प्लस स्कोर बनाया है। विराट ने आईपीएल में 45 फिफ्टी लगाई हैं। उनके नाम 5 सेंचुरी भी है। इस तरह वे 50 बार 50+ स्कोर बना चुके हैं। ऐसा करने वाले वे पहले इंडियन प्लेयर बन गए हैं।**



### गेल अभी भी आईपीएल में सिक्सर किंग

सबसे ज्यादा सिक्स मारने वालों की लिस्ट में कोहली ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाज केरन पोलार्ड की बराबरी कर ली है। दोनों ने आईपीएल में 223 सिक्स लगाए हैं। इस लिस्ट में क्रिस गेल 357 सिक्स के साथ टॉप पर हैं। पोलार्ड और कोहली पांचवें स्थान पर हैं।

### कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सबसे आगे

आईपीएल इतिहास में सबसे ज्याद रन बनाने का रिकॉर्ड दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के नाम है। विराट ने 224 आईपीएल मैच में 6706 रन बनाए हैं।

# सिंधू को फाइनल में ग्रिगोरिया से मिली हार, सिर्फ 29 मिनट में गंवाया मैच

**मैड्रिड।**

**पीवी सिंधू का आठ माह में पहला खिताब जीतने का प्रयास सफल नहीं हुआ। उन्हें मैड्रिड स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में इंडोनेशिया की ग्रिगोरिया मारिस्का तुनजुंग के हाथों 8-21, 8-21 से करारी हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला सिर्फ 29 मिनट तक चला, जहां सिंधू ग्रिगोरिया को कोई चुनौती पेश नहीं कर पाईं।**



फाइनल में उतरने से पहले सिंधू का विश्व नंबर 12 और 23 वर्षीय ग्रिगोरिया के खिलाफ जीत-हार का रिकॉर्ड 7-0 था। कोरियाई कोच पार्क ताई संग को छोड़ने के बाद बुलंदशहर के विधि चौधरी से कोचिंग ले रहीं सिंधू बिना कोई गेम गंवाए इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन वह खिताबी मुकाबले में बिलकुल रंग में नहीं दिखीं। सिंधू बीते सप्ताह ही विश्व बैडमिंटन की रैंकिंग से सात साल बाद शीर्ष 10 से बाहर हुई हैं। दोनों ही गेम में ग्रिगोरिया ने सिंधू पर शुरुआती बढ़त हासिल की। वह उन्हें पीछे खिलाकर नेट पर आक्रमण करती रहीं, जिसका सिंधू के पास जवाब नहीं था।

पीवी सिंधू शुरुआत से ही लय में नहीं थीं। पहला सेट उन्होंने 8-21 के अंतर से गंवाया। पहले सेट में एकतरफा हार के बाद सिंधू से दूसरे सेट में वापसी की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह दूसरा सेट भी इसी अंतर से हार गईं और खिताब जीतने से चूक गईं।

# बिकने की कगार पर वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट, समझौता फाइनल करने के करीब एंडेवर ग्रुप

**न्यूयॉर्क।**

**वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट जिसे हम डब्ल्यूडब्ल्यूई के नाम से भी जानते हैं, बिकने की कगार पर है। एरी इमैनुएल की एंडेवर ग्रुप डब्ल्यूडब्ल्यूई को खरीदने की डील साइन करने के बेहद करीब है। एंडेवर ग्रुप अल्टिमेट फाइटिंग चैंपियनशिप की पैरेंट कंपनी है। डब्ल्यूडब्ल्यूई दुनिया के सबसे बड़े रेसलिंग इवेंट में से एक है। इसकी पहुंच दुनिया के कई देशों में है।**




भारत में भी इस शो को बहुत पसंद किया जाता है। डब्ल्यूडब्ल्यूई ने भारत में अपनी फैन फॉलोइंग को देखते हुए हाल ही में डब्ल्यूडब्ल्यूई इंडिया को भी स्थापित किया था। अंडरटेकर, जॉन सीना, ट्रिपल एच, रैंडी ऑर्टन, रेमिस्ट्रियो जैसे कुछ रेसलर्स फैंस के चहेते हैं।

मामले से वाकिफ लोगों ने मीडिया को बताया कि एंडेवर पूरी तरह स्टॉक डील में डब्ल्यूडब्ल्यूई को खरीदने के लिए तैयार है। डील का एलान इसी हफ्ते हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि एंडेवर के शेयरहोल्डर्स को डब्ल्यूडब्ल्यूई कंपनी का 51 प्रतिशत हिस्सा मिल सकता है, जबकि डब्ल्यूडब्ल्यूई के शेयरहोल्डर्स को 49 प्रतिशत मिलेगा। फिलहाल विंस मैकमेहन वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट के मालिक हैं।

डब्ल्यूडब्ल्यूई के शेयर, जो इस साल 30 प्रतिशत से अधिक चढ़े हैं, 91.26 डॉलर पर बंद हुए, जिससे कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 6.8 अरब डॉलर का हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एंडेवर का मार्केट वैल्यू 11.3 बिलियन डॉलर है। हॉलीवुड के पावर ब्रोकर एरी इमैनुएल के नेतृत्व में, एमानुएल ने एंडेवर को स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट पावरहाउस में बदलने के लिए काफी काम किया है। इस दौरान उन्होंने 20 से अधिक कंपनियों में शेयर खरीदे हैं। एंडेवर ग्रुप ने बुल राइडिंग इवेंट्स, फैशन शो और मियामी ओपन और मैड्रिड ओपन टेनिस प्रतियोगिताओं में भी निवेश किए हैं। एंडेवर ने 2016 में 4.2 बिलियन डॉलर के सौदे में दुनिया के सबसे बड़े मार्शल आर्ट ऑर्गेनाइजेशन अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप में निवेश किया था और शेयर का मेजर पार्ट खरीदा था। पांच साल बाद अपने आईपीओ के साथ कंपनी में बाकी की हिस्सेदारी भी हासिल कर ली। विंस मैकमेहन मिसकंडक्ट की जांच के बाद पिछले साल जुलाई में कंपनी के सीईओ और अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था और साथ ही रिटायर हुए थे। उनकी बेटी स्टेफनी मैकमेहन ने अपने पिता के बोर्ड में लौटने के एक सप्ताह से भी कम समय के भीतर कंपनी के सह-सीईओ और अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। बोर्ड में वापसी के बाद विंस मैकमेहन ने एक रणनीतिक समीक्षा शुरू की थी। हालांकि, अब कंपनी बिकने जा रही है।

सौंदर्य

# त्वचा के लिए खूबसूरती प्रदान करता है आयुर्वेद



### आलू भगाए चेहरे से दाग-धब्बे



आलू सिर्फ खाने के लिए नहीं, त्वचा पर लगाने के भी काम आता है। यदि आपके चेहरे पर काले धब्बे हैं तो आलू की स्लाइस लेकर हल्के-हल्के से मसाज करें। आलू का जूस चेहरे पर लगाएं। रोज इसे चेहरे पर लगाने से चेहरा निखर जाता है।

### ग्लोइंग स्किन के लिए खीरा



खीरा एक ऐसी गुणकारी चीज़ है, जिसका सेवन सप्ताह में एक बार जरूर करना चाहिए। साथ ही, खीरा स्किन के लिए भी बहुत लाभदायक माना जाता है। इसे खाने से शरीर की गर्मी छंट जाती है। स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए चेहरे पर खीरे का जूस बनाकर या खीरे का पेस्ट बनाकर लगाएं।

### जुबान ही नहीं त्वचा को भी भाए नारियल पानी



नारियल पानी बहुत ही गुणकारी होता है। इसीलिए रोजाना नारियल पानी पीने से चेहरा चमकने लगता है। नारियल पानी से चेहरा धोने से दाग-धब्बे दूर हो जाते हैं। नारियल का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने से रंग निखरने लगता है। आयुर्वेद का ये असरदार नुस्खा आप जरूर आजमाएं।

### टमाटर चमकाए चेहरा



टमाटर सिर्फ आपकी सब्जी का ही स्वाद नहीं बढ़ाते बल्कि आपकी त्वचा को भी एक नया रंग देते हैं। दो चम्मच टमाटर का रस और आधा चम्मच शहद मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट के बाद धो लें। चेहरा कांतिवान दिखेगा। साथ ही, आपके चेहरे से दाग-धब्बे भी धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगे। ऑयली स्किन वालों के लिए ये बहुत खास आयुर्वेदिक नुस्खा है।

### त्वचा के लिए शहद का नुस्खा



कई इलाकों में पारंपरिक हर्बल वैद्य शहद के साथ फेस पैक तैयार करते हैं। इन जानकारों के अनुसार, बेसन, शहद, जैतून, दूध मलाई को मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इस मिश्रण में 3 चम्मच बेसन, शहद, दूध मलाई और जैतून के तेल का 1-1 चम्मच मिलाएं। चेहरे पर लगाएं और करीब 20 मिनट बाद इसे साफ पानी से धो लें।



### पके केले से त्वचा पर निखार

केला त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। पके हुए केले को अच्छी तरह से मैश कर लें। उसे चेहरे पर फेस पैक की तरह लगाएं। करीब 15 मिनट बाद इसे धो लें। चेहरा धुल जाने के बाद रक्त चंदन का लेप करें। माना जाता है कि ऐसा करने से चेहरे की त्वचा में जबरदस्त निखार आता है।

### नींबू से त्वचा की अंदरूनी सफाई



नींबू स्किन के लिए एक चमत्कारी दवा की तरह काम करता हैं। रंग निखारने के लिए नींबू का रस चेहरे पर लगाएं। कुछ देर बाद चेहरा धो लें। नींबू के रस में टमाटर का रस मिलाकर लगाने से भी त्वचा की सफाई हो जाती है और रंग गोरा होने लगता है।

# घर के आगे इन चीजों का होना होता है अशुभ

वास्तु



*हम सभी चाहते हैं कि हमारा घर सुख-समृद्धि से भरा रहे, हर किसी की जरूरतें पूरी हों और किसी भी तरह की आर्थिक तंगी से जूझना ना पड़ा। इसके लिए हम कड़ी मेहनत तो करते ही हैं, साथ वास्तु में यकीन करने वाले उसके अनुसार अपने घर को भी रखते हैं ताकि सिर्फ सकारात्मक उर्जा का संचार हो। मगर आपको बता दें कि सिर्फ घर के अंदर मौजूद चीजें ही नहीं बल्कि घर के आगे या आस-पास मौजूद चीजें भी वास्तु दोष उत्पन्न करती हैं और ये घर में रहने वालों की शारीरिक, मानसिक व आर्थिक परेशानी बढ़ाती हैं। इसलिए चलिए आपको ऐसी चीजों के बारे में बताते हैं, जो अगर आपके घर के आगे या आस-पास हैं तो तुरंत उन्हें हटा दीजिए-*



- घर के आगे गंदे पानी का जमाव वास्तु दोष उत्पन्न करता है। अगर यह जमाव पश्चिम की ओर हो तब धन का नुकसान तो होता ही है बदनामी भी होती है।
- घर के आगे पत्थरों का जमा होना भी वास्तु के अनुसार अनुकूल नहीं होता है। इससे जीवन में तरक्की की रफ्तार कम हो जाती है। व्यक्ति को जीवन के हर क्षेत्र में बाधाओं का सामना करना पड़ता है।
- कांटेदार पौधे घर के आगे होने का मतलब आपके विरोधियों की संख्या बढ़ रही है। यह पारिवारिक जीवन में मतभेद बढ़ाने का काम करता है, साथ ही स्वास्थ्य संबंधी नुकसान भी झेलना पड़ता है।
- वास्तु के अनुसार घर के आगे दूध निकलने वाले पौधे का होना भी कष्टकारी होता है।
- घर के आगे कूड़ेदान का होना वास्तु के अनुसार कष्टकारी होता है।
- बिजली का खंभा मुख्य द्वार के सामने उन्नति में बाधक माना जाता है।
- घर के आगे घना वृक्ष का होना वास्तु दोष उत्पन्न करता है।
- घर के आगे से बेल का ऊपर चढ़ना भी शुभ नहीं माना जाता है। वास्तु के अनुसार इससे विरोधियों और शत्रुओं की संख्या बढ़ती है और उन्नति में बाधा आती है।
- वास्तु के अनुसार घर की दहलीज यानी मुख्य द्वार से ऊंची सड़क का होना भी कष्टकारी होता है। इससे घर में रहने वालों की सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहता है। घर की महिलाओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना होता है और रिश्तों में तालमेल की कमी होती है।





# गले में खाना अटके तो हो जाएं सावधान

गले में खाना अटकने और दर्द होने पर नजरअन्दाज न करें। यह गले की नली में होने वाले कैंसर का मुख्य लक्षण हो सकता है। कुछ भी खाने पर अटकना, गले से कड़वा पानी निकलना, बार-बार उल्टी का अहसास होना, दर्द, सूजन और धीरे-धीरे इस समस्या के बढ़ने पर एक समय बाद पानी पीना भी बेहद मुश्किल हो जाता है। ये सारे लक्षण कार्सिनोमा ईसोफेगोस्टोम यानी ग्रासनली के कैंसर के हैं। यह जानकारी शुक्रवार को मुंबई से आए टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के डॉ. सीएस प्रमेश ने दी। वह केजीएमयू सर्जरी विभाग में हुए लेक्चर में मेडिकोज को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भारत में पुरुषों में होने वाला चौथा कॉमन कैंसर हैं। वहीं महिलाओं में छठा है। नली में गांठ का हो जाना, तम्बाकू, ऐल्कॉहॉल लेने और बैलेंस डाइट के न लेने के कारण यह बिमारी होती है।

**बड़ी बीमारियों के कारण भी हो सकता पीलिया**-केजीएमयू के डॉ. विशाल गुप्ता ने बताया कि पेट दर्द, भूख कम लगना, अनीमिया, कमजोरी होने पर विशेषज्ञ से सम्पर्क करना चाहिए। ऐसे लक्षण द्वारा पैनक्रियाज का कैंसर होने की संभावना रहती है। बड़ी बीमारियों के होने का एक मुख्य कारण पीलिया भी होता है। पीलिया होने पर अल्ट्रासाउन्ड और खून की जांच करवाना चाहिए। वहीं सीटी स्कैन द्वारा कैंसर की पकड़ की जाती है। ड्रिकिंग, स्मोकिंग, पुश्तों या घर में यह बिमारी किसी को होने पर पैनक्रियाज कैंसर तेजी से पनपता है।

**कैंसर सेल्स छूटने पर होता है दोबारा कैंसर**-मेदान्ता अस्पताल के डॉ. आदर्श चौधरी ने बताया कि पेट के कैंसर की पुष्टि हो जाने पर सर्जरी कर प्रभावित भाग को निकालने के बाद मरीज को कीमोथेरपी दी जाती है। कीमोथेरपी देने के बावजूद भी 10 से 15 प्रतिशत मरीजों में दोबारा कैंसर होने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि एचबी का कम होना, भूख न लगना, कमजोरी महीने में दस बार से अधिक पेट दर्द होना इस बिमारी का कारण होता है।

# वो चमत्कारी कुंड, जहां स्नान करने से मिलता है संतान का सुख



**हम आपको घूमने की जगहों के बारे में तो बताते रहते हैं, इस बार आपको उस जगह ले चलते हैं जहां मान्यता है कि वहां स्नान कर संतान सुख प्राप्त किया जा सकता है। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं वो घर ही क्या, जहां बच्चे की किलकारियां ना गूंजती हों। मगर कई ऐसे लोग हैं जो शादी के सालों बाद भी संतान सुख से वंचित हैं। ऐसे लोगों को जरूर इस चमत्कारी कुंड में स्नान करने जाना चाहिए, जहां स्नान करने से घर में किलकारियां गूंजने लगती हैं। ऐसी प्राचीन मान्यता है और कहते हैं इस कुंड को खुद कृष्ण और राधा ने बनवाया था।**

जी हां, और अब तक तो आप समझ ही गए होंगे कि हम यहां मथुरा की बात कर रहे हैं जिसे भगवान कृष्ण का ही एक रूप माना जाता है। यह पूरा शहर ही उनकी भक्ति और कृपा से भरा हुआ है और यहीं गोवर्धन गिरिधारी की परिक्रमा मार्ग में एक चमत्कारी कुंड पड़ता है राधा कुंड जिसके बारे में मान्यता है कि अगर नि:संतान दंपति अहोई अष्टमी (कार्तिक कृष्ण पक्ष की अष्टमी) की मध्य रात्रि को यहां एक साथ स्नान करें तो उनके घर बच्चे की किलकारी गूंज सकती है। ऐसा कहा जाता है की यहां महिलाएं अपने केश खोलकर राधा जी से संतान का वरदान मांगती हैं। यहां स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती हैं।



### ये कथा है प्रचलित

कुंड से संबंधित एक कथा के अनुसार कंस ने भगवान श्रीकृष्ण का वध करने के लिए अरिष्टासुर नामक दैत्य को भेजा था। अरिष्टासुर बछड़े का रुप लेकर श्रीकृष्ण की गायों में शामिल हो गया और ग्वालों को मारने लगा था। भगवान श्रीकृष्ण ने बछड़े के रुप में छिपे दैत्य को पहचान लिया। श्रीकृष्ण ने उसको पकड़कर जमी पर पटक पटककर उसका वध कर दिया। यह देखकर राधा ने श्रीकृष्ण से कहा कि उन्हें गौ हत्या का पाप लग गया है। इस पाप से मुक्ति हेतु उन्हें सभी तीर्थों के दर्शन करने चाहिए। राधा की बात सुनकर श्रीकृष्ण ने देवर्षि नारद से इसका उपाय पूछा। देवर्षि नारद ने उन्हें उपाय बताया कि वह सभी तीर्थों का आह्वान करके उन्हें जल रूप में बुलाएं और उन तीर्थों के जल को एकसाथ मिलाकर स्नान करें, जिससे उन्हें गौ हत्या के पाप से मुक्ति मिल जाएगी। देवर्षि के कहने पर श्रीकृष्ण ने एक कुंड में सभी तीर्थों के जल को आमंत्रित किया और कुंड में स्नान करके पापमुक्त हो गए। उस कुंड को कृष्ण कुंड कहा जाता है, जिसमें स्नान करके श्रीकृष्ण गौहत्या के पाप से मुक्त हुए थे। माना जाता है कि इस कुंड का निर्माण श्रीकृष्ण ने अपनी बांसुरी से किया था। देवर्षि नारद के कहने पर श्रीकृष्ण ने अपनी बांसुरी से एक छोटा सा कुंड खोदा और सभी तीर्थों के जल से उस कुंड में आने की प्रार्नाथ की। श्रीकृष्ण के आवाह्न पर सभी तीर्थ वहां जल रुप में आ गए। माना जाता है कि तभी से सभी तीर्थों का अंश जल रूप में यहां है। श्रीकृष्ण द्वारा बने कुंड को देख राधा ने भी उस कुंड के पास ही अपने कंगन से एक और छोटा सा कुंड खोदा। भगवान श्रीकृष्ण ने जब उस कुंड को देखा तो उन्होंने प्रतिदिन उसमें स्नान करने व उनके द्वारा बनाए कुंड से भी अधिक प्रसिद्ध होने का वरदान दिया। देवी राधा द्वारा बनाए कुंड राधा कुंड के नाम से प्रसिद्ध हुआ। माना जाता है कि अहोई अष्टमी तिथि को इन कुंडों का निर्माण हुआ था, जिसके कारण अहोई अष्टमी को यहां स्नान करने का विशेष महत्व है। प्रति वर्ष यहां बड़ी संख्या में भक्त स्नान हेतु आते हैं। कृष्ण कुंड और राधा कुंड की अपनी एक विशेषता है कि दूर से देखने पर कृष्ण कुंड का जल काला और राधा कुंड का जल सफेद दिखाई देता है जो कि श्रीकृष्ण के काले वर्ण के होने का और देवी राधा के सफेद वर्ण के होने का प्रतीक है।



# यूं बनाएं अंडे की मजेदार डिश

रैसिपी

**एग्ज फ्लॉरेंटाइन स्वास्थ्य खाद्य पदार्थों का एक बेहतर मिश्रण है। अंडे और पालक से बनी यह डिश बेहतर ब्रेक फस्ट हो सकती है। आइये जानते हैं, इसको कैसे तैयार करें...**



### जरूरी सामग्री

- 10 औंस कटा हुआ पालक
- 2 चम्मच आटा
- 1 चुटकी नमक
- 2 चम्मच पिसा हुआ पनीर
- 1/4 कप मक्खन
- 8 अंडे
- थोड़ी सी काली मिर्च

### बनाने की विधि

- पालक को पकाएं।
- सफेद चटनी तैयार करने के लिए मक्खन को एक छोटी सॉसपैन में पिघलाएं। उसके बाद आटा डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। जब तक मिश्रण गाढ़ा न हो जाए और बुलबुले न आने लगें, इसे हिलाते रहें।
- अब पालक को एक हल्की उथली हुई बेकिंग डिश में डालें। उसके बाद अंडे को पालक के ऊपर रख दें और सफेद चटनी अंडों के ऊपर डालें। नमक, काली मिर्च और पनीर का छिड़काव करें।
- दो से तीन मिनट तक 400 फॉरेनहाइट पर अंडों को उस समय तक पकाएं जब तक यह पिघल न जाएं और हल्का भूरा न हो जाए। अब इसे टोस्टेड ब्रेड के साथ सर्व करें।

# ऐनिसथीजिया देते समय अनीमिक बच्चों का रखें ध्यान



तीन दिवसीय बाल ऐनिस्थीजिया पर शुक्रवार को कन्वेशन सेंटर में सेमिनार हुआ। केजीएमयू में पहली बार हुई नैशनल कान्फ्रेंस के पहले दिन डॉ. अनीता मलिक ने बताया कि बच्चों की सर्जरी के दौरान बेहोशी की दवाओं को निर्धारित मात्रा में ही देना चाहिए। सही तरह से और सही मात्रा में दिया जाने वाले ऐनिस्थीजिया से बच्चों को सर्जरी के बाद दर्द कम होता है और जल्दी डिस्चार्ज होगा। आईसीयू स्टे कम होगा और चोट के निशान भी जल्द ठीक होंगे। बच्चों की सर्जरी के समय देने वाले ऐनिस्थीजिया पर बच्चों को पहले पूरी तरह से एग्जामिन करना चाहिए। उनमें पैदाइशी कोई बीमारी हो तो ऐसे में विशेषज्ञ ऐनिस्थेटिस्ट की मौजूदगी जरूरी है।

डॉ. संजय ने बताया कि बेंगलुरु की अपेक्षा यूपी में ऐनिस्थेटिस्ट की कमी है, जिसके लिए जाएरूकता कार्यशालाओं का आयोजन कर नए-नए कोर्स खुलवाने चाहिए, जिससे इनकी संख्या में इजाफा होगा।

### पीडियाट्रिक ऐनिस्थीजिया ट्रेनिंग के लिए खुलेगा नया विभाग

केजीएमयू में बाल विभाग ऐनिस्थीजिया के लिए ऐनिस्थेटिस्ट को पीएम कोर्स की ट्रेनिंग जल्द ही दी जाएगी। इसके लिए अलग से एक नया विभाग खोलने की बात की जा रही हैं, जिसमें केजीएमयू में काम कर रहे ऐनिस्थेटिस्ट को इस विशेष कोर्स का डिप्लोमा भी मिलेगा। केजीएमयू के वीसी ने इस प्रस्ताव को मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को भेजा गया है, जिसकी मंजूरी मिलते ही नए विभाग को खोला जाएगा। पीएम का यह कोर्स तीन वर्ष का होगा। अभी तक केवल मुम्बई में ही इस कोर्स को कराया जा रहा है।

### वर्कशॉप में डेलिगेट्स ने सीखीं नई तकनीकें

वर्कशॉप में अल्ट्रासाउंड गाइडेड नर्व ब्लॉक, सिमुलेशन, काड्रियोपल्मोनरी रिसर्च और डिसिकल्ट एअरवे ऐनिस्थीजिया के बारे में डेलिगेटस मौजूद रहे, जिन्होंने क्रिटिकल केस, सर्जरी के पहले और बाद में आने वाली कठिनाइयों के बारे में जानकारी ली।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)